वर्ष : 17 अंक : 201 लखनऊ मंगलवार, 29 जुलाई, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

मौसम

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:14 |
| सूर्यास्त | : | 7:04 |
| अधिकतम | : | 33:00° |
| न्यूनतम | : | 28:00° |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड



एक्ट्रेस रुचि गुर्जर के खिलाफ शिकायत दर्ज 10

आतंकी घटनाएं आखिर क्यों : अखिलेश 2 | भारत में गरीबी, भुखमरी चिंतनीय 6 | सबसे लंबे कार्यकाल वाले सीएम बने योगी 12

## ऑपरेशन महादेव चलाकर सेना ने लिया पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला

# 20 लाख के इनामी मूसा समेत तीन आतंकी ढेर

## हासिम मूसा ही था पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड, दहशतगर्दों के पास अमेरिकी हथियार मिले

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर में सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। दो दिन आपरेशन महादेव चलाकर एक मुठभेड़ में यासिर और अबू हमजा समेत तीन आतंकियों को मार गिराया है। मृतक आतंकियों में 20 लाख का इनामी लश्कर-ए-तैयबा कमांडर हाशिम मूसा भी शामल है जो पहलगाम हमले का मास्टरमाइड था। सेना, सीआरपीएफ और पुलिस ने मिलकर आज सुबह ऑपरेशन महादेव की शुरुआत की थी और इसी के तहत श्रीनगर में आज सुबह इन आतंकियों को घेर लिया गया। सुरक्षा बलों ने घेरा तो आतंकी फायरिंग करने लगे और जवाबी ऐक्शन में मारे गए।

सुरक्षाबलों को श्रीनगर के लिडवास में तीन आतंकवादियों के होने की सूचना मिली थी। इसके बाद ऑपरेशन महादेव के नाम से सेना, जम्मू और कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने मिलकर साझा कार्रवाई शुरू की। इसके बाद लंबी मुठभेड़ में तीन दहशतगर्दों को ढेर कर दिया गया। आतंकियों के पास से अमेरिका निर्मित एम4 कार्बाइन, एके-47, 17 राइफल ग्रेनेड मिले हैं। इनके अलावा और भी कई संदिग्ध सामान बरामद हुए हैं।






भारतीय सेना के चिनार कॉर्प्स की तरफ से जारी बयान के अनुसार 'तीन आतंकवादियों को भारी गोलीबारी के बीच मार गिराया गया है। ऑपरेशन जारी है।' मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि सेना ने दो दिन पहले दाचीगाम के जंगल में संदिग्ध बातचीत ट्रेस की थी। इसके बाद ऑपरेशन शुरू करने का फैसला लिया गया।

पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने वहां मौजूद सैलानियों पर गोलीबारी कर दी थी। उस घटना में 26 लोगों की मौत हो गई थी। खबरें थी कि इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े टीआरएफ दि रेजिस्टेंस फोर्स ने ली थी। इसके बाद भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत जवाबी कार्रवाई की और पाकिस्तान के क्षेत्र में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया था।

ऑपरेशन महादेव की योजना सेना की चिनार कॉर्प्स द्वारा बनाई गई और इसे जम्मू-कश्मीर के लिडवास इलाके में अंजाम दिया गया। यह इलाका घने जंगलों और ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी रास्तों से घिरा है, जहां आतंकियों ने अस्थायी बंकर बना रखा था। सूत्रों के मुताबिक, दो दिन पहले दाचीगाम के जंगलों में आतंकियों के बीच हो रही एक संदिग्ध बातचीत पकड़ी गई थी। इनपुट मिला कि यह गतिविधि पहलगाम हमले से जुड़े किसी आतंकी मॉड्यूल से जुड़ी हो सकती है।

आतंकियों के संभावित ठिकानों की पुष्टि स्थानीय लोगों और गश्त कर रही यूनिटों की मदद से हुई। इसके बाद इलाके में 24 राष्ट्रीय राइफल्स और 4 पैरा की स्पेशल यूनिट्स को तैनात किया गया। लगातार दो दिन तक सर्च ऑपरेशन चलता रहा और सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे आतंकियों से मुठभेड़ हुई। सेना ने चुपचाप आतंकियों को घेर लिया, ताकि उन्हें भनक तक न लगे। करीब एक घंटे की भीषण मुठभेड़ के बाद 12:37 बजे ड्रोन फुटेज से पुष्टि हुई कि तीनों आतंकियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकियों में हाशिम मूसा शामिल है। उस पर 20 लाख रुपए का इनाम है। वह लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर था। पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी कैंप को पाकिस्तान और पीओके में तबाह कर दिया था, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए। अब ऑपरेशन महादेव में सेना ने हमले के मुख्य आरोपियों को मार गिराकर एक बड़ी रणनीतिक जीत हासिल की है। सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन महादेव अभी समाप्त नहीं हुआ है। बाकी बचे 2-4 आतंकियों की तलाश लिडवास और आसपास के जंगलों में जारी है।

पहलगाम हमले के बाद हुई जांच में तीन आतंकियों के नाम सामने आए थे। 24 अप्रैल को अनंतनाग पुलिस ने 3 स्केच जारी किए। इसमें तीन आतंकियों के नाम थे, अनंतनाग का आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली उर्फ तल्हा भाई।

### कौन था हाशिम मूसा?

हाशिम मूसा लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के संयुक्त मॉड्यूल का हिस्सा था। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। इस भीषण आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उस पर 20 लाख का इनाम घोषित किया था।

### 19 साल की दिव्या देशमुख बनीं ग्रैंडमास्टर



**नयी दिल्ली।** भारत की किशोर शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने सोमवार को जॉर्जिया के बातुमी में हमवतन और अपने से कहीं अधिक अनुभवी कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब जीता। इस जीत से 19 साल की दिव्या ने ना सिर्फ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता बल्कि साथ ही ग्रैंडमास्टर भी बन गईं जो टूर्नामेंट की शुरुआत में असंभव लग रहा था। वह ग्रैंडमास्टर बनने वाली सिर्फ चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी हैं।

### अनुराग ने कहा- राहुल पाक के पोस्टर ब्वॉय



**नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में महाबहस जारी है। बहस रात 10 बजे तक होगी। उसके बाद कल यानि मंगलवार को भी सदन में इस पर चर्चा होगी। इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर खूब बरसे। उन्होंने गांधी को पाकिस्तान का पोस्टर ब्वॉय तक कह डाला। लगे हाथ उन्होंने कहा कि वह अब एलओपी से एलओबी बन गए हैं। सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान अनुराग ठाकुर ने कहा, ₹मैं आपको बता दूं, जिस नेता की आप बात करते हैं, उसे देश की जनता ने दो बार इतने वोट भी नहीं दिए कि वो विपक्ष का नेता बन सके... वो एलओपी से एलओबी बन गए हैं।

# परीक्षा में होती है सिर्फ रिजल्ट की अहमियत

## भारतीय जेट तबाह होने पर बोले राजनाथ, कहा- लक्ष्य हासिल कर ऑपरेशन सिंदूर रोका

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार दोपहर 2:05 बजे से ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा, 'हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा। सेना ने आतंकियों से हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर का बदला लिया।'

रक्षा मंत्री ने 55 मिनट के भाषण में कहा- हमारा मकसद आतंकी ठिकाने तबाह करना था और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल किया। हमने किसी के दबाव में पाकिस्तान से सीजफायर नहीं किया। राजनाथ सिंह ने कहा- विपक्ष पूछ रहा है कि युद्ध में हमारे कितने फाइटर जेट गिरे? उन्होंने यह नहीं पूछा कि हमारे सशस्त्र बलों ने दुश्मनों के कितने जेट गिराए? परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है। कितनी पेंसिल टूटी या पेन गुमे, यह पूछना बेईमानी है।



विपक्ष की तरफ से कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा- हम सरकार से सवाल पूछेंगे। देश जानना चाहता है कि 5 दहशतगर्द पहलगाम में कैसे घुसे? उनका क्या मकसद था? सरकार कहती है हमारा मकसद युद्ध नहीं था। हम जमीन पर कब्जा करना नहीं चाहते थे। हम पूछेंगे, क्यों नहीं था।

### विपक्ष पर भड़क उठे अमित शाह

बहस के दौरान सदन का माहौल गरमा गया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर जब भारत की कूटनीतिक रणनीति और हमले पर सरकार की प्रतिक्रिया पर बयान दे रहे थे, तो विपक्षी सांसदों ने बार-बार उन्हें बीच में टोकना शुरू कर दिया। इस पर गृह मंत्री अमित शाह भड़क गए और विपक्ष पर तीखा हमला किया कि क्या आप अपने ही देश के विदेश मंत्री पर भरोसा नहीं करेंगे? अमित शाह ने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा,₹मुझे आपत्ति है कि इन्हें भारत के विदेश मंत्री पर भरोसा नहीं है, लेकिन किसी और देश पर है।

### जयशंकर ने गिनायीं भारत की कामयाबियां

एस. जयशंकर ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की कूटनीतिक सफलता को गिनाया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' को अब वैश्विक आतंकी संगठन घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह भारत की लगातार अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यूएन में शामिल 193 देशों में से केवल तीन ऐसे देश थे जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन नहीं किया था।

# पीएम के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था करें

## मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक, दिये दिशा-निर्देश

विश्ववार्ता ब्यूरो

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री के आगामी वाराणसी दौरे के लिए अब तक की गई तैयारियों के संबंध में विचार विमर्श भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के साथ ही अन्य सभी तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। सीएम ने सेवापुरी के बनौली में प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल पर आने वाले लोगों के लिए सभी बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने पर भी विशेष जोर दिया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित वाराणसी दौरे के दौरान महानगर में लगातार स्वच्छता अभियान चलाते रहें। वार्डवार समितियों का गठन करके भी लगातार अभियान चलाएं। नगर निगम सुनिश्चित करे कि शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या न होने पाए। पुलिस प्रशासन सुनिश्चित करेगा कि प्रधानमंत्री के आगमन रूट पर जाम की स्थिति न होने पाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगातार कार्य करे। सभा स्थल पर पेयजल, टॉयलेट की उचित व्यवस्था हो। लोकार्पण तथा शिलान्यास होने वा ली परियोजनाओं की स भी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटें। ऐसे लोगों पर लगातार नजर रखते हुए उन्हें चिह्नित किया जाए। सभास्थल पर बरसात के दृष्टिगत सभी तैयारियां की जाएं। उन्होंने वरुणा नदी में भी साफ सफाई अभियान चलाने को निर्देशित किया। सभा स्थल के आसपास कहीं भी सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न होने पाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि श्रावण मास में प्रधानमंत्री का वाराणसी आगमन हो रहा है, हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कार्यक्रम को व्यवस्थित तथा सफल तरीके से आयोजित कराएं।

मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित वाराणसी दौरे के दौरान की गयी प्रशासनिक तैयारियों, लोकार्पण/शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं की पूरी जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने पुलिस प्रशासन की तरफ से की गयी सभी तैयारियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखा।

## सेना के पास और समय होता तो पीओके पर कब्जा कर लेती

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी बहादुरी के लिए बधाई दी। साथ ही, उन्होंने सोमवार को कहा कि अगर उन्हें और समय मिलता तो शायद वे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर भी कब्जा कर लेते।

संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश ने कहा कि सरकार वोट हासिल करने के लिए पाकिस्तान की बात करती है, लेकिन असली खतरा चीन से है। उन्होंने कहा, 'हम ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की बहादुरी और उनके सामने आने वाली परिस्थितियों के लिए उन्हें बधाई देते हैं। अगर उन्हें और अवसर मिलता तो शायद वे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भी ले लेते।' सपा प्रमुख ने पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों के अभी तक फरार होने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी कहां गायब हो गए। यह कहते हुए कि चीन पाकिस्तान से बड़ा खतरा है, उन्होंने केंद्र सरकार से चीन से सामान आयात पर प्रतिबंध लगाने की नीति लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'सरकार को 10 साल के लिए चीन से आयात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला करना चाहिए।



» ऑपरेशन सिंदूर पर अखिलेश ने दी जवानों को बधाई

# बहराइच के दो कोतवाली क्षेत्र के शस्त्रागार में कारतूस घोटाला

## नानपारा और नगर कोतवाली से गायब हुए कारतूस, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अशोक उपाध्याय/राहुल उपाध्याय

**बहराइच।** नेपाल सीमावर्ती जिले में कारतूस घोटाले की फेहरिस्त थमने का नाम नहीं दे रही है।एक बार फिर जिले के दो थाना क्षेत्र में पुलिस शास्त्रगार से कारतूस गायब होने का मामला सामने आया है। इस बार दो कोतवाली क्षेत्र से करीब 59 कारतूस गायब मिले हैं। इसका खुलासा तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक नानपारा और अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निरीक्षण में हुआ है। हालांकि इस मामले में एसपी नगर से बात नहीं हो पाई है। सीओ सिटी ने इतना जरूर कहा कि मामला पुराना है अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच की जा रही है।

बहराइच। जिले में कारतूस घोटाले का मामला नया नहीं है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2002 में पुलिस लाइन शस्त्रागार से 4850 कारतूस गायब मिले थे। इनमें से 303 बोर के कारतूस की संख्या अधिक थी। जबकि पिस्टल के कारतूस कम मात्रा में गायब हुए थे। जिस पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मलखान सिंह यादव ने कार्रवाई करते हुए पुलिस लाइन शस्त्रागार के आर्मोरर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। उसे जेल भी भेजा गया था। अब नया मामला सामने आया है। जिसमें कर्तव्य निष्ट और ईमानदार छवि के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने कुछ समय पहले जब वह नानपारा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक थे। तब शस्त्रागार के निरीक्षण में 26 कारतूस गायब मिले थे। सभी कारतूस पिस्टल के थे। जिसकी सूचना प्रभारी निरीक्षक ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी थी। मामले में जांच चल रही है। इसके बाद उनका स्थानांतरण कोतवाली नगर बहराइच कर दिया गया। अब दूसरा मामला कारतूस घोटाले से जुड़ा हुआ कोतवाली नगर का है। शहर की कोतवाली नगर का बीते दिनों 15 फरवरी को एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान निरीक्षण में पॉइंट.38 बोर के 19 व 9 एमएम के चार कारतूस कम पाए गए थे। इस मामले में एसपी सिटी द्वारा अपनी रिपोर्ट में इसका जिक्र करते हुए एसपी को भेजा था। एसपी द्वारा सीओ सिटी को इस मामले में जांच कर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए थे।

### एसपी सिटी के निरीक्षण में हुआ था खुलासा

बहराइच। अभी तक आपने लोगों के घरों व प्रतिष्ठानों में चोरी की वारदात को सुनते रहे होंगे। मगर कोतवाली नगर के शस्त्रागार से रिवाल्वर पिस्टल के 23 कारतूस कम पाए गए हैं। इस मामले में नगर कोतवाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाल नगर राकेश सिंह द्वारा अपनी तहरीर में यह भी लिखा गया है कि 22.11.2023 को भी गठित कमेटी द्वारा जीपी लिस्ट का मिलन और भौतिक सत्यापन किया गया था तो .38 बोर रिवाल्वर के 19 कारतूस 19 एमएम पिस्टल के चार कारतूस, .303 बीडीआर बाल 4, मजल कवर इंसास 16, .410 मस्कट बाल 8 व मयान लेदर 8 की कमी पाई गई थी। कोतवाली नगर के प्रभारी राकेश सिंह की तहरीर पर अज्ञात के विरोध मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

## बाराबंकी के अवसानेश्वर मंदिर में भगदड़, दो की मौत

विश्ववार्ता ब्यूरो

**बाराबंकी।** हैदरगढ़ क्षेत्र में स्थित अवसानेश्वर महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को भगदड़ मच गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, 30 से अधिक लोग घायल हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पांच की हालत गम्भीर बनी हुई है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना को लेकर डीएम से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया- कुछ बंदर बिजली के तार पर कूद गए थे, जिससे तार टूटकर मंदिर परिसर के टीनशेड पर गिर गया। इसी कारण करंट फैल गया। करंट लगने से प्रशांत कुमार (16) और रमेश कुमार (35) की मौत हुई है।

इस हादसे को लेकर सीएम योगी ने दुख जताया साथ ही मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की बात कही है। योगी सरकार ने पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बाराबंकी स्थित श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार एवं राहत कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए हैं।



» जलाभिषेक के दौरान करंट फैलने से हादसा

### ललन सिंह ने आतंकियों को शहीद तक कह डाला

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में बहस जारी है। इस बीच जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोल रहे थे, तभी राहुल गांधी अचानक खड़े हो गए। वहीं केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों को शहीद कह दिया। आतंकी मसूद अजहर को साहब कहा।



केंद्रीय मंत्री और जेडीयू नेता ललन सिंह की लोकसभा में जुबान लड़खड़ा गई। उन्होंने कहा- 7 और 8 मई की रात हमारे सैनिकों ने 9 आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। उन्होंने आगे कहा- उसमें सैकड़ों आतंकवादी मारे गये और शहीद हो गए। जो आतंकवादियों के आका थे, रो रहे थे... मसूद अजहर 'साहब', हाफिज सईद।

# जांच पूरी होने तक शांत थे और अब सवाल क्यों उठा रहे जस्टिस यशवंत वर्मा?

## जांच समिति असंवैधानिक थी तो पेश क्यों हुए?

विश्ववार्ता ब्यूरो

जस्टिस यशवंत वर्मा की ओर से अपने खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित समिति की जांच को सोमवार को चुनौती दी गई। इस पर शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान सवाल उठाया और कहा कि आखिर आप इतनी देर से समिति पर सवाल क्यों खड़े कर रहे हैं। बेंच ने पूछा कि यदि आपको जांच समिति पर आपत्ति थी और आप उसे असंवैधानिक मानते हैं तो फिर उसके समक्ष पेश क्यों हुए। क्या आपने पहले वहां से फैसला अपने हक में लाने की कोशिश की।

कैश कांड में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ जांच के लिए तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने एक जांच समिति का गठन किया था। इस समिति में तीन हाई कोर्ट्स के जजों को शामिल किया गया था।

इस मामले की समिति ने जांच की तो उसके समक्ष यशवंत सिन्हा ने भी पक्ष रखा था। अब इसी जांच समिति और उसकी रिपोर्ट पर जस्टिस वर्मा ने सवाल उठाए हैं। इस पर जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि आखिर आप इतने दिन तक इंतजार क्यों करते रहे। आपने जांच रिपोर्ट आने तक इंतजार किया। सुप्रीम कोर्ट में यह रिपोर्ट सौंप दी गई और आप अब जाकर इस समिति की संवैधानिकता पर सवाल उठा रहे हैं। जस्टिस दत्ता ने कहा, 'आपने तब कोई चुनौती क्यों नहीं दी, जब समिति बनी थी। आपने अब तक इंतजार क्यों किया?' इस पर जस्टिस यशवंत वर्मा का पक्ष रख रहे वकील कपिल सिब्बल ने अलग ही दलील दी। उन्होंने कहा कि इस समिति की जांच में यह नहीं पता चल पाया कि आखिर वह कैश किसका था, जिसके आधार पर यह पूरा मामला चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमने इसलिए कमेटी को चैलेंज नहीं किया था क्योंकि हमें लग रहा था कि वे पता लगा लेंगे कि आखिर कैश किसका है। जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आवास पर 14 मार्च को बड़े पैमाने पर कैश पाया गया था। इसी मामले की जांच में उन्हें दोषी पाया गया था।

## बिहार में एसआईआर पर फिलहाल रोक नहीं

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** बिहार में हो रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने एसआईआर पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही चुनाव आयोग से पूछा है- आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को मतदाता पहचान के लिए स्वीकार क्यों नहीं किया जा रहा है।



चुनाव आयोग ने कहा कि 'राशन कार्ड पर विचार नहीं किया जा सकता। यह बहुत बड़े पैमाने पर बना है, फर्जी होने की संभावना अधिक है।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अगर बात फर्जीवाड़े की है तो धरती पर कोई ऐसा डॉक्यूमेंट नहीं है, जिसकी नकल नहीं हो सके। ऐसे में 11 दस्तावेजों के आपके सूचीबद्ध करने का क्या आधार है? कोर्ट ने चुनाव आयोग से इन दस्तावेजों को शामिल करने पर विचार करने और मंगलवार सुबह 10:30 बजे तक जवाब देने को कहा है। कोर्ट ने कहा 'कल हम सुनवाई करेंगे और बताएंगे कि इस मामले पर विस्तार से सुनवाई कब होगी।' चुनाव आयोग ने 27 जुलाई को एसआईआर के पहले चरण के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके मुताबिक बिहार में अब 7.24 करोड़ वोटर हैं। पहले यह आंकड़ा 7.89 करोड़ था। वोटर लिस्ट रिवीजन के बाद 65 लाख नाम सूची से हटा दिए गए हैं। हटाए गए नामों में वे लोग शामिल हैं, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं या फिर कहीं और स्थायी रूप से रह रहे हैं या जिनका नाम दो वोटर लिस्ट में दर्ज था। इनमें से 22 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। 36 लाख मतदाता स्थानांतरित पाए गए, जबकि 7 लाख लोग अब किसी और क्षेत्र के स्थायी निवासी बन चुके हैं।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 24 जुलाई को हुई सुनवाई में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट का रिवीजन जारी रखने की अनुमति दी थी। अदालत ने इसे संवैधानिक जिम्मेदारी बताया था। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विशेष गहन पुनरीक्षण यानि वोटर लिस्ट रिवीजन की टाइमिंग पर सवाल उठाए थे।

### ऐरा-गैरा मार दिये और कह रहे मास्टरमाइंड :पप्पू

**नयी दिल्ली।** सोमवार को सेना ने आपरेशन महादेव पर सांसद पप्पू यादव ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐरा-गैरा को मार दिए और अब कह रहे हैं कि मास्टरमाइंड मार गिराया है।

ऑपरेशन महादेव में सेना ने पहलगाम के गुनाहगारों को मार गिराया सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ₹कौन हैं ये, किसका एनकाउंटर हुआ। हमेशा डायवर्ट करते रहो। फिर दो दिन के बाद कुछ और डायवर्ट होगा, कभी ईडी का नोटिस आ जाएगा। कभी किसी का लव लेटर भेज देंगे। ये क्या कब करेंगे.... जैसे गणेश को दूध पिला दिया, कभी गंगा में डुबकी लगा दिया। एक महीने में हमारे देश की इंसानियत को रौंदा है। हमारे स्वाभिमान को रौंदा है। हमारी बेटी-मां बहन का कातिल कहां है। जब आप उसको मरवा नहीं सकते। तो आप देश कैसे चलवा सकते हैं।

## एक नजर

### गौरीशंकर पर करोड़ों रुपए की हेरा फेरी का आरोप

**फर्रुखाबाद।** रोडवेज विभाग के अधिकारियों पर बीसी नवी शेर ने गंभीर आरोप लगाते हुए रोडवेज विभाग का भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री से मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है दिए गए शिकायती पत्र में उन्होंने कहा कि डिपो के स्टेशन इंचार्ज गौरीशंकर ने विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया है। शिकायतकर्ता नवी शेर ने आरोप लगाया कि गौरीशंकर वर्ष 1994 में फर्रुखाबाद डिपो में परिचालक पद पर भर्ती हुए थे। इसके बाद फर्जी जाति व शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सहारे उन्होंने लगातार पदोन्नतियां लीं और एक ही डिपो में 32 साल तक जमे रहे। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ प्रशासनिक मिली भगत से संभव हुआ। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि वर्ष 2010 में फर्रुखाबाद डिपो में कंप्यूटर में गड़बड़ी की सूचना पर जांच दल के आने से पहले गौरीशंकर द्वारा कंप्यूटर जला दिया गया। इतना ही नहीं, 13 जनवरी 2010 को 17 एटीएम मशीनें और एक कंप्यूटर भी जलाए जाने का आरोप है। बताया गया कि उस समय गौरीशंकर के रिश्तेदार कृपाल सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक इटावा के पद पर तैनात थे, जिससे मामला दबा दिया गया। शिकायत के अनुसार, गौरीशंकर ने डीजल टैंक प्रभारी रहते हुए लगभग 82,000 लीटर डीजल की हेराफेरी की। वर्ष 2007 में डिपो में कैश गबन भी हुआ था, जिसमें उनकी भूमिका संदिग्ध मानी गई क्योंकि खजाने की डबल लॉक चाबी उनके पास थी। सेवानिवृत्त कर्मचारी नवी शेर ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, गौरीशंकर का तत्काल ट्रांसफर किया जाए, और दोष सिद्ध होने पर सख्त सजा दी जाए। उन्होंने दावा किया कि अब तक विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान हो चुका है और यदि समय रहते कार्रवाई न हुई, तो भ्रष्टाचार का यह जाल और गहराता जाएगा।

### पौधे लगाकर यूपी ने रचा विश्व कीर्तिमान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान ने अभूतपूर्व गति पकड़ ली है। महज एक योजना से शुरू हुई यह पहल अब एक हरित महायज्ञ में बदल चुकी है, जिसमें आमजन से लेकर संत समाज, सुरक्षाबल, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी और संस्थाएं तक जुट गई हैं। पर्यावरण संरक्षण का यह संकल्प अब जनभागीदारी का प्रतीक बन गया है। वॉटर वुमेन के नाम से प्रसिद्ध शिप्रा पाठक ने 11 नदियों के किनारे 51 लाख पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अद्भुत कार्य किया है। बदायूं निवासी प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर शिप्रा पाठक ने बताया कि पंचतत्व संस्था की स्थापना कर एक करोड़ पौधरोपण का संकल्प लिया गया है। पर्यावरण प्रभारी लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में कार्यरत मुकेश बाबू सिंह चौहान अपनी माता अनारा देवी शहीद संस्थान के माध्यम से पौधरोपण अभियान चला रहे हैं। वे लखनऊ में 'खाकी वाले ट्री मैन' के रूप में जाने जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा लेकर वे अब तक लगभग 4.70 लाख पौधे लगा चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की यह हरियाली नीति अब अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकी है। महाराष्ट्र की सुजाता सिंह भी यूपी आकर इस अभियान में योगदान दे रही हैं। महापुरुषों की जयंती, जन्मदिवस और त्योहारों पर पौधारोपण कर इस पहल को जनांदोलन का रूप दिया जा रहा है। मुकेश बाबू ने बताया कि सीआईएसएफ, इसरो, पीएसी, सीबीसीआईडी, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, स्कूल-कॉलेज के कैंपस में पौधे रोपे जा रहे हैं। आमजन इस अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, इटावा सहित अनेक जिलों में नि:शुल्क पौधे वितरित कर रोपे जा रहे हैं। मलिहाबाद में तैयार की गई विशेष नर्सरी के माध्यम से बच्चों को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। स्कूली बच्चों के साथ मिलकर उनके हाथों से पौधे लगवाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें बचपन से ही पर्यावरण की जिम्मेदारी का बोध कराया जा सके।

### समाजवादी पार्टी में शामिल हुए कई पार्टी के सदस्य



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के समक्ष आज समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय पर बुन्देल खंड क्रांति मोर्चा एवं भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी के कई पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने आशा जताई है कि शामिल होने वाले साथी संविधान और आरक्षण को बचाने की लडाई में बूथ स्तर पर घर-घर समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए जाएंगे और अखिलेश यादव को 2027 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री बनाएंगे। समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालों में रणवीर सिंह गौतम अहिरवार संस्थापक बुन्देलखंड क्रांति मोर्चा एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भीम आर्मी उ0प्र0, राम प्रकाश अहिरवार संरक्षक बुन्देलखंड क्रांति मोर्चा, कृष्ण कुमार अहिरवार कोर कमेटी सदस्य, चौधरी शरद अहिरवार बुन्देलखंड प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष हमीरपुर आजाद समाज पार्टी, रणजीत अहिरवार जिलाध्यक्ष महोबा, कुलदीप अहिरवार कोर कमेटी सदस्य, सुरेश अहिरवार, रीतेश अहिरवार, दिनेश यादव, डॉ. मोती लाल वर्मा, देवीदीन अहिरवार राष्ट्रीय महासचिव बुन्देलखंड क्रांति मोर्चा, सूरज अहिरवार जिला प्रभारी महोबा बुन्देलखंड क्रांति मोर्चा प्रमुख रहे।

### उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भारत सरकार के प्रति जताया आभार

**लखनऊ।** आलू के उत्पादन, शोध, निवेश एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र, पेरू एवं भारत सरकार के मध्य उत्तर प्रदेश के आगरा के सिंगना में सीआईपी के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना हेतु समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर होने पर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री तथा कृषि मंत्री भारत सरकार का आभार व्यक्त किया एवं उच्च अधिकारियों को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश आलू उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। इस ऐतिहासिक एमओयू के प्राविधानों का लाभ उत्तर प्रदेश के आलू किसानों तथा आलू के क्षेत्र में शोध करने वाले वैज्ञानिकों को भी मिलेगा।

# अभद्र भाषा प्रयोग करने का ऊर्जा मंत्री का आरोप गलत

## विधानसभा के मानसून सत्र के पहले सभी विधायकों को निजीकरण के पीछे हो रहे घोटाले से अवगत कराया जाएगा

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी को सर्वाधिक समय तक लगातार प्रदेश का मुख्यमंत्री रहने पर बधाई देते हुए एक बार पुनः उनसे अनुरोध किया है कि वे ऊर्जा विभाग की कमान खुद संभाले और निजीकरण का निर्णय निरस्त करने की कृपा करें।

संघर्ष समिति ने यह भी निर्णय लिया है कि विधानसभा के मानसून सत्र के पहले बिजली के निजीकरण के पीछे हो रहे घोटाले से सभी विधायकों को अवगत कराया जाएगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री के x पर किए गए बिजली कर्मियों के विषय में ट्वीट पर टिप्पणी करते हुए कहा है की बिजली कर्मी कभी अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करते और जिस तरह विदेश यात्रा से टोरेंट के निजीकरण को जोड़ा गया है वह पूर्णतया निराधार और भ्रम फैलाने वाला है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आज यहां बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण घाटे के झूठे आंकड़े देकर और बिजली कर्मचारियों में भय का वातावरण बना कर किया जा रहा है। संघर्ष समिति ने निर्णय लिया है कि पावर कॉरपोरेशन की ऑडिटेड बैलेंस शीट सभी विधायकों को भेजी जाएगी। इस बैलेंस शीट के माध्यम से स्पष्ट किया जाएगा कि सब्सिडी की धनराशि और सरकारी विभागों के बिजली राजस्व के बकाए की धनराशि जोड़कर घाटा दिखाया जा रहा है जो निजीकरण की एक साजिश है। संघर्ष समिति ने कहा कि जिस ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2025 को पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण का

> ● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सर्वाधिक समय प्रदेश का मुख्यमंत्री रहने पर बधाई देते हुए संघर्ष समिति ने निजीकरण का निर्णय निरस्त करने की मांग की

आधार बनाया जा रहा है वह ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट आज तक पब्लिक डोमेन में नहीं है। इतना ही नहीं तो भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2025 को आज तक राज्य सरकार और राज्यों के विद्युत वितरण निगमों को न तो सर्कुलेट किया है और न ही इस पर कोई आपत्ति मांगी है। संघर्ष समिति ने सवाल उठाया कि ऐसे में लाखों करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों को ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2025 को आधार मानकर कैसे बेचा जा सकता है ? संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति भी अवैध ढंग से की गई है। ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति में पहले हितों के टकराव का प्राविधान हटा दिया गया फिर मेसर्स ग्रांट थॉर्टन द्वारा झूठा शपथ पत्र देने का फर्जीवाडा सामने आने के बावजूद इसी कंपनी से निजीकरण के दस्तावेज तैयार कराये गए। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की परिसंपत्तियों का और रेवेन्यू पोटेंशियल का मूल्यांकन किए बिना आरएफपी डॉक्यूमेंट में एक लाख करोड रुपए की परिसंपत्तियों को बेचने की रिजर्व प्राइस मात्र 6500 करोड रुपए रख दी गई। संघर्ष समिति निजीकरण के पीछे हो रहे इन तमाम घोटालों को अगले 15 दिन तक सम्मानित विधायकों के सामने रखेगी। संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री के x पर लिखी गई टिप्पणी पर कहा है कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा जी को नोटिस भेज कर 22 जुलाई को मिलने का समय मांगा था। संघर्ष समिति ऊर्जा मंत्री जी से मिलकर यह पूछना चाहती थी कि 03 दिसंबर 2022 और 19 मार्च 2023 को उनके द्वारा संघर्ष समिति के साथ किए गए समझौते का क्रियान्वयन क्यों नहीं हो रहा है ? और इस समझौते के अनुसार बिजली कर्मियों पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां आज तक क्यों नहीं वापस ली गई ? और आज भी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों किस आधार पर की जा रही है ? संघर्ष समिति ने कहा कि मौके पर पुलिस के बड़े अधिकारी भी मौजूद थे जो संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों के लगातार संपर्क में थे। पूरे घटनाक्रम का वीडियो फुटेज माननीय ऊर्जा मंत्री जी के पास होगा ही पुलिस के पास भी होगा। बिजली कर्मी शांतिपूर्ण ढंग से समझौतों का क्रियान्वयन न होने पर ऊर्जा मंत्री के प्रति अपना विरोध दर्ज कर रहे थे। किसी ने उनके परिवार के प्रति किसी अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया। संघर्ष समिति का इतिहास रहा है कि वह सदा ही गांधीवादी ढंग से सत्याग्रह आंदोलन करती है ।कभी अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 243 वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर बिजली के निजीकरण और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में अपना प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति ने कहा है कि बिजली के निजीकरण और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में तब तक संघर्ष जारी रहेगा जब तक यह वापस नहीं लिया जाता।

# पीड़ितों की शिकायत सुनी बच्चों को किया दुलार

## प्रदेश भर से आए लोग, हर पीड़ित के पास पहुंचे मुख्यमंत्री

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान यहां प्रदेश भर से लगभग 60 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइये, आपकी समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान कर खुशहाल उत्तर प्रदेश बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है।



**अधिकारियों को निर्देश-समस्या पर करें कार्रवाई**

सीएम ने 'जनता दर्शन' में आए लोगों की बात सुनी। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, रोजगार, शिक्षा, आवास, कब्जा, परिवार आदि से जुड़े मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को दिया। जनता की समस्या सुनते हुए सीएम ने अधिकारियों को संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

**बच्चों को कराया अपनत्व का अहसास**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ आए बच्चों को दुलारा-पुचकारा। नन्हे-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर अपनत्व का अहसास कराया। कुछ बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। सीएम योगी ने चॉकलेट-टॉफी प्रदान किया और पढ़-लिखकर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य बनाने का आशीर्वाद दिया।

### विद्युत संविदा संगठनों ने जताया विरोध

**लखनऊ।** विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के सभी घटक संगठनों की एक वर्चुअल बैठक आज दोपहर 3 से 4 बजे तक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ श्रमिक नेता एवं महासंघ अध्यक्ष आरएस राय ने की। बैठक में ठाकुर भूपेंद्र सिंह, मो. काशिफ,नवल किशोर सक्सेना, पुनीत राय, दिनेश सिंह भोले, विनोद कुमार, राम भूल सैनी, अमित खारी, एस.सी. बहादुर एवं मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पांडे सहित महासंघ के सभी प्रमुख पदाधिकारी ने भाग लिया। बैठक में संघर्ष समिति द्वारा ऊर्जा मंत्री पर दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा की गई, वक्ताओं ने इसे एक पूर्व नियोजित राजनीतिक साजिश करार देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सरकार और विभाग की छवि धूमिल करना है। महासंघ अध्यक्ष आरएस राय ने कहा कि वर्ष 2023 में भी ऐसी ही एक राजनीतिक चाल के तहत संघर्ष समिति द्वारा बिना ठोस कारण के तीन दिवसीय हड़ताल 16,17 एवं 18 मार्च आयोजित की गई थी, जिसमे करीब 5000 संविदा कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। यह हड़ताल ऊर्जा मंत्री और तत्कालीन अध्यक्ष एम. देवराज जैसे ईमानदार व्यक्तियो को हटाने की साजिश थी। महासंघ प्रभारी पुनीत राय ने कहा कि निजीकरण विरोध के नाम पर यह आंदोलन केवल कुछ लोग के राजनीतिक लाभ की दिशा मे मोडा जा रहा है न कि कर्मचारी की समस्याओं के समाधान के लिए। मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पांडे ने बताया कि बैठक के अंत में सभी घटक संगठनों ने यह संकल्प लिया कि वह कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की रक्षा हेतु एकजुट रहेंगे।

# केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार अपने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे। श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है।

# आतंकी घटनाएं आखिर क्यों : अखिलेश

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में बार-बार आतंकवादी घटनाएं क्यों हो रही है? पहलगाम में आतंकी घटना हुई, उसके पहले पुलवामा में जवानों पर हमला हुआ। पहलगाम में हमला करने वाले आतंकवादी कहां गायब हो गए वे कहां चले गए? अखिलेश यादव ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम ऑपरेशन सिन्दूर में सेना की बहादुरी, साहस और पराक्रम के लिए बधाई देते है। फौज को अगर और मौका मिलता तो हो सकता वे पीओके ले लेते। अखिलेश यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार की विदेश नीति के असफल रही है। भारत का दुनिया के बहुत देशों में सम्मान है लेकिन जब जरूरत पड़ी तो भारत के साथ कोई खड़ा नहीं हुआ। यह चिंता का विशय है कि कई देश हमारे साथ व्यापार कर रहे है, लेकिन जरूरत के समय खड़े क्यों नहीं हुए? उन्होंने कहा कि चीन के साथ व्यापार हो रहा है, चीन ने क्या किया, सभी ने देखा। केन्द्र सरकार को फैसला लेना चाहिए कि अगले दस साल चीन का कोई समान भारत नहीं आने देंगे। चीन से अमीरों का सब कुछ आ रहा है। किसान को खाद की जरूरत है, लेकिन खाद के लिए जरूरी चीजें नहीं आ रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। भाजपा सरकार ने बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा को बर्बाद कर दिया।



# अखिलेश यादव ने बांसफोर जाति के लोगों की मांगो और आवाज के प्रति गंभीर

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय, 19 विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ में आज डोम-मुसहर-नट-धरिकार-बासफोर गरीब समाज के नेता अवधेश बागी मुर्दहवा ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नाम सम्बोधित ज्ञापन राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल को सौंपा गया। इस अवसर पर डी.एम.एन. बांसफोर गरीब समाज के नेता अवधेश बागी मुर्दहवा ने 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमत्री बनाने का संकल्प लिया गया।



डोम-मुसहर-नट-धरिकार-बासफोर गरीब समाज पार्टी की मांग है कि डोम, मुसहर, नट, धरिकार, बांसफोर, पत्थरकट, थारू जाति को जमीन पट्टा किया जाय। डोम, मुसहर, नट, धरिकार, बांसफोर, पत्थरकट, थारू जाति को आवास दिया जाय। डोम, मुसहर, नट, धरिकार, बांसफोर, पत्थरकट, थारू जाति को राशन कार्ड दिया जाय, जिस पर प्रति यूनिट 25 किलो राशन मिले। डोम, मुसहर, नट, धरिकार, बांसफोर, पत्थरकट, थारू जाति को पानी पीने के लिए सरकारी हैण्डपम्प दिया जाय। बिजली का बिल 50 रू0 किया जाय। हम बांसफोर जाति के लोग हैं, जो दूर-दूर से बांस लाना पड़ता है। बांस भी काफी महंगा हो गया है। इसलिए निवेदन है कि सड़क के किनारे बांस का बागवान लगायी जाय। जिस तरह वन विभाग के लोग पेड़ लगाते हैं, जो सरकार के कोष में पैसा जाता है। उसी तरह हम भी पैसा देकर बांस खरीदेंगे और अपनी जीविका को चलायेंगे। हमारे बच्चों के लिए शिक्षा का सचल प्रबन्ध किया जाय और 5000 रू0 प्रोत्साहन के रूप में आगे आने का मौका मिले। हम लोग गरीब समाज के लोग हैं, हमारे पास आये का कोई स्रोत नहीं है। दवा के अभाव में हमारी जान जा रही है। इसलिए हमारे जातियों के नाम स्मार्ट कार्ड बनाया जाय ताकि हमें पाँच लाख रूपया तक का फ्री इलाज हो सके। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में हम थारू जाति के लोग निवास करते हैं, लेकिन सरकार के द्वारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जाता है, जिसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई व सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल पाता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा है कि अखिलेश यादव इन मांगो और आवाज के प्रति गंभीर है। अखिलेश यादव का मानना है कि 2027 में सरकार बनने पर उक्त समाजों के साथ न्याय सुनिश्चित होगा। डोम-मुसहर-नट-धरिकार-बासफोर गरीब समाज पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल में प्रमोद भास्कर प्रदेश अध्यक्ष, बबलू बांसफोर प्रदेश उपाध्यक्ष, झकडी बांसबोर प्रदेश सचिव, लालजी बांसफोर प्रदेश कोषाध्यक्ष, बिरेन्द्र कुमार प्रदेश प्रचार प्रभारी, नखडू बांसफोर प्रदेश संगठन प्रभारी, मनोज कुमार प्रदेश प्रभारी, किताबू प्रदेश संगठन मंत्री, पारस बांसफोर मण्डल अध्यक्ष मऊ, बीकेश कुमार मण्डल अध्यक्ष गाजीपुर, जयमंगल जिलाध्यक्ष गाजीपुर, अनील कुमार जिलाध्यक्ष मऊ शामिल रहे।

# संस्थान की प्रगति उसके लीडरशिप पर निर्भर करती है : राजीव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में ब्यूरो ऑफ़ पुलिस रिर्सच एन्ड डेवलपमेन्ट भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित वर्टिकल इन्टेरेक्शन कोर्स का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक उप्र राजीव कृष्णा एवं अति विशिष्ट अतिथि बीपीआर एन्ड डी के एडीजी जोसेफ आर.के. लोक्कू रहें, जिन्हें संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ जी.के.गोस्वामी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा प्रशिक्षण हेतु तैयार एडवांस डिजिटल डाईगनोस्टिक कक्ष का उद्‌घाटन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजीव कृष्णा, पुलिस महानिदेशक उप्र ने सभागार में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी आपराधिक विषय पर कार्य करने के लिए हमें तीन बेसिक विषयों का ज्ञान होना जरूरी है। जिसमें पहला है कानून, दूसरा टेक्नोलोजी और तीसरा फॉरेंसिक। आज जिस कोर्स का यूपीएसआईएफएस में शुभारम्भ हुआ है उसमे यह विषय समाहित हैं। उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह संस्थान बहुत ही कम समय में क्रियाशील होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति की तरफ दिनों-दिन बढ़ रहा है यह अपने आप में एक मिशाल है क्योकि किसी भी संस्थान की प्रगति उसके लीडरशिप पर निर्भर करती है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि साइबर अपराधी बहुत तेजी से टेक्नोलोजी का प्रयोग कर अपराध को अंजाम दे रहे हैं इस कारण हमारे पुलिस के सभी स्तर को प्रशिक्षण एवं दक्ष करने की आवश्यकता है, इसके लिए हमे गतिमान होकर साइबर तकनीकी को अधिक से अधिक जानना होगा तभी हम साइबर अपराधियों से लड़ पायेगे और अपने अधीनस्थ कर्मियों को गाइड कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अब युद्ध धरातल पर नहीं हो रहे हैं बल्कि साइबर दुनिया में हो रहे हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों से कहा कि आप यहां से ज्ञान लेकर जाये और अपने सिस्टम में तकनीकी ज्ञान का प्रयोग करे, जिससे आमजन मानस और पुलिसिंग के लिए ज्ञान वर्धक हो सके। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री रवि जोसेफ लोक्कू अपर पुलिस महानिदेशक बीपीआर एन्ड डी ने कहा कि यह संस्थान सेन्ट्रल संस्थानों के बराबर में खड़ा हो रहा है, जिसके कम समय में तीव्र विकास के लिए डॉ0 जीके गोस्वामी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि टेक्नोलोजी को हम अपराध के नियंत्रण में कैसे प्रयोग कर सकते हैं ? सीखने और समझने के लिए यह संस्थान हमें महत्वपूर्ण अवसर दे रहा है। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ0 जीके गोस्वामी ने संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में संस्थान में हमने बीपीआर एन्ड डी के सहयोग से दो कोर्स लांच किये हैं, जिसमे पुलिस अधिकारियों के लिए पहले कोर्स कि शुरुआत आज से की गयी है। उन्होने यह भी कहा कि हमारा फोकस "लॉ विद लैब" पर विशेष रूप से है क्योकि जब तक कानून विशेषज्ञ को तकनीकी विषयों की जानकारी नहीं होगी और वैज्ञानिकों को कानून की जानकारी नहीं होगी तब तक इस क्षेत्र की सम्पूर्णता हो ही नहीं सकती। उन्होंने पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक बीपीआर एन्ड डी के एडीजी का विशेष आभार प्रकट करते हुये कहा कि यह हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है कि आज पहली बार हम सैन्य अधिकारियों के बाद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को साइबर एवं फॉरेंसिक विषयों पर प्रशिक्षण देने जा रहे हैं। इस अवसर पर अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने सभागार में बैठे समस्त अधिकारियों फैकलिटीज एवं आईपीएस प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूपीएसआईएफएस के अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजिव मुखर्जी, अतुल यादव, विवेक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार तिवारी प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिंह, फैकल्टीज डॉ श्रुति दास, चन्द्रमोहन सिंह, गिरिजेश राय, डॉ सपना शर्मा, डॉ नेहा, डॉ निताशा एवं कार्तिकेय, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस 29 को** | 2018 की गणना में यूपी में थे 173 बाघ, 2022 में बढ़कर संख्या हुई 222

# योगी सरकार के नेतृत्व में यूपी में निरंतर बढ़ रहे बाघ

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय पशु बाघों की संख्या में निरंतर वृद्धि जारी है। 2018 में हुई गणना में यूपी में जहां 173 बाघ थे, वहीं 2022 में बढ़कर यह संख्या 222 हो गई है। योगी सरकार बाघों के संरक्षण, संवर्धन के लिए अनेक प्रयास कर रही है। यही नहीं, बाघों के लिए गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्रबंधन भी किया जा रहा है। वहीं मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने में 'बाघ मित्र' भी बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यूपी के इस प्रयास की सराहना कर चुके हैं। पीलीभीत, दूधवा, अमानगढ़ व रानीपुर टाइगर रिजर्व में भी बाघ संरक्षण को लेकर अनेक कार्य किए जा रहे हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है। 2022 में हुई गणना के मुताबिक यूपी में कुल 222 बाघ हैं। उन्होंने बताया कि 2006 में बाघों की गणना में यूपी में 109, 2010 में 118, 2014 में 117, 2018 में 173 व 2022 में 222 पाए गए थे। दूधवा टाइगर रिजर्व में 2014 में 68, 2018 में 82 तथा 2022 की गणना में 135 टाइगर पाए गए। वहीं पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 63, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में 20, रानीपुर टाइगर रिजर्व में 4 बाघ हैं।

एम-स्ट्राइप्स पेट्रोलिंग के अतर्गत जनपद लखीमपुर खीरी के अंतर्गत दूधवा टाइगर रिजर्व, बफर जोन व दूधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग में औसतन कुल 152337 किमी. प्रतिमाह तथा बहराइच के अंतर्गत कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में कुल 41684 किमी. प्रतिमाह सघन गश्त की जाती है। एम स्ट्राइप्स पेट्रोलिंग ऐप के माध्यम से दो पहिया, चार पहिया, पैदल, हाथी, साइकिल व नाव के माध्यम से यह गश्त होती है। वहीं हैबीटेट इंप्रूवमेंट, वाटर होल मैनेजमेंट व मानव वन्यजीव संघर्ष को न्यूनतम करने के लिए भी निरंतर अनेक प्रयास हो रहे हैं। रुहेलखंड के मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह ने बताया कि पहले आए दिन मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं होती थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 2019 में पीलीभीत में 'बाघ मित्र' कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य अप्रिय घटनाओं पर अंकुश लगाना था। यह कार्यक्रम काफी प्रभावी रहा। इसके बाद अक्टूबर 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत में 'बाघ मित्र' ऐप की लॉचिंग भी की।



पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि पीलीभीत में बाघ मित्रों का व्हाट्सग्रुप बनाया गया है। इसमें आसपास के गांवों के रहने वाले 120 लोग 'बाघ मित्र' के रूप में जुड़े हैं। इसमें चार महिलाएं समेत अन्य युवा, बुजुर्ग भी शामिल हैं। बाघ मित्र के लिए आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। श्री सिंह ने बताया कि जंगल के समीप के पांच किमी. दूर के गांवों के ग्रामीणों को 'बाघ मित्र' बनाकर उन्हें वन विभाग की तरफ से प्रशिक्षण दिया गया। जंगल से बाहर बाघ या अन्य जानवर दिखने पर 'बाघ मित्र' तुरंत ग्रुप में लिखकर और फोन कर विभाग को भी जानकारी देते हैं। इससे विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल अलर्ट हो जाते हैं और टीम को रवाना कर देते हैं। इसके जरिए समय रहते टीम एक्शन में आ जाती है। बाघ मित्र ऐप में जानवर की फोटो खींचकर ग्रामीण अपडेट कर सकते हैं। कई बार वे जानवर की सही पहचान नहीं कर पाते थे। इससे दिक्कत होती थी। फोटो अपडेट होने पर विभागीय लोग जानवर को पहचान लेते हैं। इससे लोकेशन भी मिल जाती है कि जंगल से बाघ की दूरी कितनी है। यदि बाघ खेत के पास है तो पहले मॉनीटरिंग टीम भेजते हैं। बाघ मित्र कार्यक्रम निरंतर चलाकर लोगों को सजग, सुरक्षित रखते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर मंगलवार को होंगे विविध आयोजन

योगी सरकार के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर अनेक आयोजन भी किए जाएंगे। लखनऊ चिड़ियाघर में वॉकाथान का आयोजन होगा। इसमें वन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री केपी मलिक, प्रमुख सचिव (वन-पर्यावरण) अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी आदि मौजूद रहेंगी। इसके साथ ही पीलीभीत टाइगर रिजर्व में भी अनेक जागरूकता कार्यक्रम होंगे। साथ ही मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने में योगदान देने वालों का सम्मान भी किया जाएगा।


## एक नजर

### राजधानी को मिला इंटरनेशनल गोल्फ हब



**लखनऊ।** राजधानी के खेल प्रेमियों को सोमवार को एक नई सौगात मिली, जब लॉ मार्टिनियर कॉलेज का परिसर में लॉ मार्टिनियर गोल्फ ड्राइविंग रेंज और अभ्यास क्षेत्र का भव्य उद्घाटन हुआ। सोमवार को आयोजित इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति ए.आर. मसूदी (इलाहाबाद हाईकोर्ट, लखनऊ पीठ) मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुभाष चंद्रा (आईपीएस, सेवानिवृत्त) ने की। यह सुविधा खासतौर पर छात्रों व युवाओं को गोल्फ जैसे एलिट खेल से जोड़ने के मकसद से शुरू की गई है। लखनऊ गोल्फ क्लब के सहयोग से बनी इस आधुनिक ड्राइविंग रेंज के जरिए शहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल अधोसंरचना मिलने जा रही है, जो भविष्य में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी की भी राह खोल सकती है। इस अवसर पर न्यायमूर्ति ए.आर. मसूदी ने कहा कि लॉ मार्टिनियर में गोल्फ ड्राइविंग रेंज की शुरुआत शिक्षा और खेल के संतुलन का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सुविधा छात्रों में अनुशासन, फिटनेस और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाएगी। साथ ही इसे समाज में खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने वाली प्रेरणादायक पहल बताया। लखनऊ गोल्फ क्लब के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्रा (सेवानिवृत्त आईपीएस) ने कहा कि यह ड्राइविंग रेंज लखनऊ में खेल अधोसंरचना को एक नई दिशा देगी। इससे युवाओं को गोल्फ में करियर बनाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने इसे लखनऊ की खेल संस्कृति के लिए मील का पत्थर करार दिया। क्लब सचिव रजनीश सेठी ने बताया कि इस सुविधा के माध्यम से नई पीढ़ी को गोल्फ जैसे तकनीकी और अनुशासनात्मक खेल से जोड़ा जाएगा। यहां उन्हें इंटरनेशनल लेवल की ट्रेनिंग और अभ्यास का मंच मिलेगा। इससे युवाओं का आत्मविश्वास और प्रदर्शन दोनों निखरेंगे। कैप्टन आर.एस. नंदा ने इसे खेल प्रेमियों के लिए एक नई दिशा बताया, जो गोल्फ को जनसाधारण में लोकप्रिय बनाने में सहायक होगी। वहीं, संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि यह रेंज लखनऊ को भविष्य में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तैयार करेगी। आपको बता दें कि लॉ मार्टिनियर की यह पहल न केवल खेल भावना को बढ़ावा देगी बल्कि छात्रों और युवाओं को फिटनेस, अनुशासन और विश्व स्तरीय प्रशिक्षण की ओर ले जाएगी। यह ड्राइविंग रेंज आने वाले वर्षों में लखनऊ को भारत के गोल्फ मानचित्र पर मजबूती से स्थापित कर सकती है।

### लखनऊ की सफाई में तरक्की देख मुस्कुराए आनंद महिंद्रा



**लखनऊ।** राजधानी की सफाई में तरक्की देखकर उद्योगपति आनंद महिंद्रा आनंदित हैं। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर अपनी खुशी जाहिर की। लिखा– इस शहर से मेरा स्पेशल नाता है। यहां आईटी कॉलेज में मेरी मां टीचर थीं। इसके कल्चर और खानपान ने मुझे हमेशा प्रभावित किया। स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में 10 लाख से ऊपर की आबादी वाले शहर लखनऊ तीसरे नंबर पर आया है। रैंकिंग में 41 अंकों का सुधार हुआ है। आनंद महिंद्रा ने लखनऊ को सफाई में बेहतरीन रैंक हासिल कराने वाले तत्कालीन नगर आयुक्त आईएएस इंद्रजीत सिंह को मंडे मोटिवेशन बी बताया। उन्होंने पोस्ट के साथ 2 मिनट 16 सेकेंड वीडियो भी पोस्ट किया है। लखनऊ शहर को हमेशा से ही अपनी संस्कृति और भोजन के लिए एक शानदार प्रतिष्ठा प्राप्त रही है। हालांकि, स्वच्छता कभी भी इसकी प्रसिद्धि का हिस्सा नहीं रही। कूड़ेदानों की कमी, सार्वजनिक स्थानों पर थूकना और त्योहारों के दौरान कचरे को फैलाना शामिल था। मेरे दिल में इस शहर के लिए विशेष स्थान है, क्योंकि यहीं मेरी मां पली–बढ़ी थीं और मुंबई आने से पहले वे आईटी कॉलेज में शिक्षिका बनी थीं। अब स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ को तीसरा स्थान मिलने की खबर सुनकर बहुत सुखद आश्चर्य हुआ! इस बदलाव के पीछे आईएएस इंद्रजीत सिंह हैं, जिनके प्रयासों गिनाए जा रहे हैं। यह सिद्ध करता है कि जब आपका उद्देश्य स्पष्ट हो और आपके पास मिशन की भावना हो, तो कोई भी नौकरशाही दुर्गम नहीं होती, कोई भी परिवर्तन असंभव नहीं होता, यहां तक कि मानसिकता में भी।

### मुआवजा की मांग पर सहमति न बन पाने की वजह से काम नहीं शुरू कर सकी एलडीए टीम

**काकोरी।** दुबग्गा के छंदोइया गांव में जमीन पर कब्जा लेने पहुंची एलडीए टीम को सोमवार को भी ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। भारी विरोध के बीच एलडीए राजस्व विभाग की टीम व ग्रामीणों के साथ कई घंटे चली वार्ता में गांव के चारों तरफ सड़क बनाने पर सहमति बन गई। हालांकि जमीन के मुआवजा पर सहमति न बन पाने की वजह से सोमवार को भी काम शुरू नहीं हो सका जिसके चलते एलडीए टीम को वापस आना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि मुआवजा की मांग के समाधान के लिए एलडीए ऑफिस बुलाया गया है। बसंत कुंज योजना के सेक्टर ए में 272 आवंटियों के लिए भूखंड पर कब्जा पाने के लिए एलडीए टीम लगातार जुटी हुई है। लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते विफलता मिल रही है। सोमवार को एलडीए टीम जेसीबी लेकर छंदोइया गांव पहुंची थी। एलडीए टीम के आने की सूचना ग्रामीणों को पूर्व से ही थी। टीम के पहुंचने पर ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीण अपनी मांगो को लेकर एलडीए टीम से बातचीत करने पर अड़े हुए थे। जिसको लेकर एलडीए व राजस्व विभाग की टीम ने विरोध के बीच ग्रामीणों के साथ वार्ता की। ग्रामीणों की मांग थी कि गांव की आबादी की जमीन को छोड़ कर चारों तरफ 12 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाए साथ ही कोई भी मकान नहीं तोड़ा जाएगा। ग्रामीण वर्तमान दर पर मुआवजा की मांग भी कर रहे थे। जिसको लेकर अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच वार्ता शुरू हुई। कई घंटे चली वार्ता के बीच ग्रामीणों व अधिकारियों के बीच सहमति बनी कि गांव की आबादी की जमीन छोड़ कर गांव के चारों तरफ 12 मीटर सड़क बनाई जाएगी। लेकिन मुआवजा की मांग पर सहमति न बन पाने की वजह से ग्रामीणों ने विरोध जारी रखा। जिससे एलडीए टीम काम नहीं शुरू कर सकी। ग्रामीणों की ने बताया कि मुआवजा की समस्या के समाधान के लिए एलडीए ऑफिस बुलाया गया है। जिसके बाद ही एलडीए टीम काम शुरू करने दिया जाएगा। इस दौरान एसीपी काकोरी शकील अहमद, दुबग्गा व काकोरी पुलिस मौजूद रही।

### प्राथमिक स्कूलों के मर्जर को समाप्त करने के लिए जन अधिकार पार्टी ने डीएम को दिया ज्ञापन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार मौर्य के अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। दिए गए ज्ञापन के संबंध में जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 27000 स्कूलों के मर्जर को समाप्त किया जाना चाहिए क्योंकि जहां एक और शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है वहीं दूसरी ओर सरकार शिक्षा में सुधार के बजाय शिक्षा केंद्रों को ही बंद कर दे रही है जिससे गरीबों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे क्योंकि गरीब के बच्चे निजी विद्यालयों में महंगे शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकते हैं इसलिए सरकार को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जन अधिकार पार्टी प्रदेश सरकार के इस कदम का विरोध करती है और भविष्य में यदि इस आदेश को वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मौर्य जिला सलाहकार लेखराम मौर्य युवा जिला अध्यक्ष प्रमोद मौर्या, अमन मौर्य, दयाशंकर, राजकुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लंबी-लंबी कतारों में शिवभक्तों ने बाबा का किया जलभिषेक

## सावन के तीसरे सोमवार पर शिव भक्ति में डूबा लखनऊ : प्राचीन श्रीभवरेश्वर महादेव मंदिर में 1 किमी . लंबी कतार, मेला का भी लुत्फ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** सावन के तीसरे सोमवार को लखनऊ के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र, भांग और पंचामृत से अभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद मांगा। हरहर महादेव, जय शिव शंभू, ऊं नमः शिवाय के जयकारों से शिवालय गूंजते रहे। मंदिरों आसपास पुलिस बल तैनात रहा। लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर, आलमबाग के गंगेश्वरनाथ, गोमतीनगर के नागेश्वरनाथ और चौक के पुराने शिवालयों में अल सुबह से ही कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की कतार लग गई। श्रद्धालुओं ने जल चढ़ाकर महादेव से शांति, सुख और सिद्धि की कामना की। सई नदी के तट पर स्थित प्राचीन श्रीभवरेश्वर महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालु जुटे। 1 किलोमीटर लंबी लाइन लगाकर जलाभिषेक किया। मेले का आनंद उठाया।



### घर से पैदल ही भीड़ प्रबंधन देखने मनकामेश्वर मंदिर पहुंचे डीएम

सावन का सोमवार होने की वजह से मनकामेश्वर मंदिर में रात दो बजे से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगना शुरू हो गई थीं। सुबह अभी पौ नहीं फटी थी कि बाराबंकी में हुई भगदड़ की सूचना फैल गई थी। डीएम विशाख जी तड़के ही बगैर किसी को सूचना दिए मनकामेश्वर मंदिर पहुंच गए। अपने घर से पैदल ही जॉगिंग करते हुए मंदिर पहुंचे। उस वक्त मार्निंग वाकर्स ही सड़क पर थे। डीएम के साथ सरकारी लाव लश्कर नहीं था। इसकी पीछे व्यवस्था को करीब से देखना था। प्रोटोकॉल के तहत जाते तो व्यवस्था प्रभावित हो सकती थी। इस दौरान डीएम ने मंदिर की इमरजेंसी निकास की व्यवस्था देखी। भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर के पीछे हिस्से में आपात स्थिति के दौरान बाहर निकलने के लिए रास्ता बनाया गया है। यहां जिला प्रशासन का कंट्रोल रूम बना दिया गया है, ताकि कोई अप्रिय स्थिति होने पर लोगों को आसानी से निकाला जा सके। दरअसल, मनकामेश्वर मंदिर के आसपास तंग गलियां हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बंधा रोड से ही बैरिकेडिंग लगा दी गई है। डीएम ने कुछ श्रद्धालुओं से बात की। साथ ही मौके पर मौजूद प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। बुद्धेश्वर मंदिर में दो निकास, सीसीटीवी से निगरानी बुद्धेश्वर मंदिर में भी सीसीटीवी कैमरों से भीड़ की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। यहां चौराहे से मंदिर तक श्रद्धालु पैदल आते हैं। गेट नंबर– 1 से प्रवेश और गेट नंबर– 3 से निकास की व्यवस्था है। प्रवेश गेट पर महिला पुरुष की अलग अलग लाइन लगा कर प्रवेश दिया जा रहा है। यहां साफ सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम की 14 टीमें तैनात की गई हैं। एसडीएम सदर के अनुसार मंदिर परिसर स्थित जिला प्रशासन कैम्प कार्यालय में पुलिस और जिला प्रशासन का संयुक्त कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहीं पर मॉनीटर लगे हैं जिनमें मन्दिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड आ रही है।

# पीएनबी प्रवाह का हुआ विमोचन

**लखनऊ।** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा दिनांक 28.07.2025 को प्रधान कार्यालय में अखिल भारतीय अंतर बैंक सेमिनार एवं बैंक के संयोजन में कार्यरत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के अध्यक्षों के सम्मेलन का आयोजन प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चंद्र की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से संयुक्त सचिव डॉ मीनाक्षी जॉली की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बैंक के कार्यपालक निदेशक एम. परमशिवम भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा बैंक के शीर्ष कार्यपालकों के कर-कमलों से बैंक के राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका "पीएनबी प्रवाह-कृत्रिम बुद्धिमत्ता आलेख संकलन" का विमोचन भी किया गया। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि "हिंदी देश की राजभाषा है और इसके प्रचार-प्रसार एवं कार्यान्वयन हेतु पंजाब नैशनल बैंक दृढ़ संकल्पित है। पंजाब नैशनल बैंक के संयोजन में देश भर में 28 नराकास कार्यरत हैं, जिसका संयोजन कुशलतापूर्वक पंजाब नैशनल बैंक द्वारा किया जा रहा है। देश के अंतिम गाँव और अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवा राजभाषा हिन्दी और क्षेत्रीय भाषा में ही पहुंचाई जा सकती हैं। पंजाब नैशनल बैंक अपने डिजिटल उत्पादों में हिंदी व 13 क्षेत्रीय भाषाओं के प्रयोग से अपना कारोबार बढ़ा रहा है और राजभाषा कार्यान्वयन हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। यह स्वतन्त्रता सेनानी स्व. लाला लाजपत रॉय द्वारा स्थापित किया हुआ प्रथम स्वदेशी बैंक हैं। अतः देश की भाषा को जन-जन की भाषा बनाने की नैतिक ज़म्मेदारी हमारे ऊपर सबसे अधिक हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में पंजाब नैशनल बैंक के राजभाषा कार्यान्वयन की प्रशंसा की और कहा कि बैंक राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। पंजाब नैशनल बैंक ने राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में दूसरों के लिए भी आदर्श स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी मूल रूप से सरल हिंदी में काम करें और राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार करें। उन्होने सभी सदस्यों से कंठस्थ 2.0 अनुवाद टूल का अपने दैनिक कार्यों में उपयोग करने हेतु आह्वाहन किया ।उक्त कार्यक्रम में बैंक द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अंतर बैंक निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं तथा सर्वश्रेष्ठ नराकास अध्यक्षों एवं सदस्य सचिवों को मुख्य अतिथि महोदया, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय एवं कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन मनीषा शर्मा, दिल्ली बैंक नराकास की सचिव एवं सहायक महाप्रबंधक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



# अकबरनगर से बसन्तकुंज योजना में विस्थापितों के लिए लगी चौपाल

- मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में अकबरनगर से बसन्तकुंज योजना में विस्थापित किये गये लोगों के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने को लेकर लगाया गया चौपाल



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में अकबरनगर से बसन्तकुंज योजना में विस्थापित किये गये लोगों के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने को लेकर महत्वपूर्ण चौपाल का आयोजन बसन्तकुज योजना में किया गया। इस अवसर पर (उपाध्यक्ष) लखनऊ विकास प्राधिकरण श्री प्रथमेश कुमार, (सचिव) श्री विवेक श्रीवास्तव, महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर निगम सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अकबर नगर से बसन्तकुंज योजना में विस्थापित किये गये लोगों के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने को लेकर डूडा व लाइट संस्था द्वारा पुनः सर्वे करने के उपरांत वेंडरो को स्वानिधि योजना से जोड़ते हुए उन्हें वेंडिंग जोन में स्थापित कराये साथ ही उन्हें मुद्रा योजना, हथकरघा,डूडा व श्रम विभाग द्वारा केम्प लगाकर कुशल श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन भी कराया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वरोजगार योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना आदि विभिन्न योजनाओं से इनको प्राथमिकता के आधार पर जोड़ते हुए प्रशिक्षण कराया जाए। जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग आदि विभिन्न विभाग द्वारा उक्त स्थान पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए अपनी योजनाओं से विस्थापित लोगों को आच्छादित करे।

चौपाल के दौरान बसंतकुंज योजना के लोगों द्वारा अवगत कराया गया कि पानी की सप्लाई समस्या, चेंबर चौक होने की समस्या, कॉलोनी की साफ सफाई व नियमित रूप से कूड़ा उठान न होने की जानकारी दिया। जिसके क्रम में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की चौपाल में आए हुई समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाना सुनिश्चित किया जाए और उक्त स्थान पर मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए। संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि यहां के 17 लोगों को सी०एम युवा उद्यमी योजना से लाभान्वित किया गया है। लेबर डिपार्टमेंट से 90 श्रम कार्ड बनाए गए हैं। जिसके क्रम में मंडलायुक्त ने कहा कि रजिस्टर श्रमिकों को कंस्ट्रक्शन वर्क या चौकीदारी में लगाया जाए। उक्त के पश्चात मण्डलायुक्त ने एमडी सिटी ट्रांसपोर्ट को निर्देश देते हुए कहा कि सिटी ट्रांसपोर्ट द्वारा बसन्त कुज योजना में उक्त स्थान पर चार्जिंग स्टेशन बनवाया जाए। इसके अलावा इस योजना के दृष्टिगत निर्माण कराये गए दुकानों को डूडा विभाग द्वारा संबंधित समूहों को आवंटित किया जाए। जिससे कि लोगों को रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए दूर न जाना पड़े और रोजगार के साधन भी सृजित हों।

उन्होंने चौपाल के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस योजना में रह रहे लोगो को मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, टेलर, मोबाइल रिपेयर, सोलर मैकेनिक, जिम ट्रेनर व कारपेंटर आदि कुशल श्रमिक का सर्वे कराकर उक्त ट्रेडों में प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षित किया जाए। जिससे आसानी से रोजगार मुहैया कराया जा सके। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए विस्तृत कार्ययोजना प्राथमिकता पर तैयार किया जाये और सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समुचित प्रबंधन कराया जाए। आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र,आधार कार्ड व राशन कार्ड सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए तीन दिवसीय कैंप का भी आयोजन किया जाए।

### 129वें जन संवाद शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनता से सीधे संवाद और समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा चलाए जा रहे 'आपका विधायक - आपके द्वार' अभियान के अंतर्गत आज 129वां विशेष जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। यह विशेष शिविर सरोजनीनगर द्वितीय मंडल अध्यक्ष शिव शंकर विश्वकर्मा के औरंगाबाद जागीर स्थित कार्यालय पर संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही। शिविर के दौरान सड़क एवं नाली, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड आदि से सम्बंधित 44 प्राप्त जन समस्याओं पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए उनके समाधान हेतु सकारात्मक पहल की गई। साथ ही जन सेवा रथ के माध्यम से क्षेत्रीय नागरिकों को राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ प्रदान किया गया। युवाओं को खेल से जोड़ने के संकल्प के साथ 80वें गर्ल्स एवं 139वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया, साथ ही क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कैरम आदि खेल किट उपलब्ध कराई गई।

# गोमतीनगर में निर्माणों को पुन : किया गया सील

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को प्रवर्तन टीम ने गोमती नगर क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान विनम्र खण्ड एवं विभूति खण्ड में किये जा रहे अवैध निर्माणों को पुनः सील किया गया।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि लल्ली उपाध्याय व अन्य द्वारा विनम्र खण्ड में भूखण्ड संख्या-2/22 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह मेसर्स भव्या क्रियेटर्स प्रा0 लि0 के निदेशक अम्बरीश तिवारी द्वारा भूखण्ड संख्या-टी0सी0 24वी, विभूति खण्ड पर लगभग 4775.00 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अनधिकृत निर्माण करवाया जा रहा था। अवैध रूप से किये जा रहे उक्त सभी निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम द्वारा पुनः सील कर दिया गया।



**नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन**

शहरी क्षेत्र के नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के दृष्टिगत कल दिनांक-29 जुलाई, 2025 को मंडलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में लखनऊ विकास प्राधिकरण के कमेटी हॉल में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे के मध्य किया जाएगा।

# दीपिका पादुकोण ने हर तरह के हेयर टाइप के लिए स्मार्ट स्टाइलिंग का प्रदर्शन किया



**लखनऊ।** ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी, डायसन ने आज अपना 'द डिफरेंस इज़ डायसन' कैंपेन शुरू किया। इस कैंपेन में डायसन ब्यूटी की ब्रांड एंबेसडर दीपिका पादुकोण हैं। डायसन के इस कैंपेन में हर तरह के हेयर टाइप वाले लोगों को डायसन के प्रोडक्ट्स द्वारा बिना किसी हीट डैमेज के बेहतरीन स्टाइलिंग का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस इनोवेटिव टेक्नोलॉजी से बालों को स्वस्थ रखने की डायसन की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। इसमें डायसन ब्यूटी रेंज की बहुआयामी उपयोगिता और परफॉरमेंस का भी प्रदर्शन किया गया है। इस कैंपेन के बारे में डायसन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, अंकित जैन ने कहा, "हमारा कैंपेन 'द डिफरेंस इज़ डायसन' विभिन्न व्यक्तित्वों को आमंत्रित करके उन्हें निखारता है। यह इनोवेशन के लिए डायसन की प्रतिबद्धता पर जोर देता है, तथा हेयर स्टाइलिंग रेंज ग्राहकों के करीब लेकर आता है, ताकि उन्हें हर हेयर टाइप के लिए बिना किसी हीट डैमेज के बेहतरीन स्टाइल मिल सके। हमें खुशी है कि इस कैंपेन को दीपिका पादुकोण जीवंत कर रही हैं। वो हेयर स्टाइलिंग को स्मार्ट बनाने के लिए हमारे टेक्नोलॉजी-फर्स्ट दृष्टिकोण का प्रदर्शन कर रही हैं।" डायसन ब्यूटी एम्बेसडर दीपिका पादुकोण ने कहा, "मेरा हमेशा से मानना रहा है कि खूबसूरती आपके व्यक्तित्व को आत्मसात करने में है। डायसन के साथ मैंने खुद देखा कि उनके प्रोडक्ट्स किस प्रकार हर तरह के हेयर टाइप के लिए वास्तविक परिणाम देते हैं। मेरे लिए 'द डिफरेंस इज़ डायसन' का मतलब है, नैचुरल शाइन को बनाए रखते हुए अलग-अलग स्टाइल्स ट्राय करना। क्योंकि अब हर क्षण आपके बालों की देखभाल करने के लिए डायसन मौजूद है। यही वह अंतर है जिसकी वजह से डायसन सबसे अलग है।" इस कैंपेन से डायसन का यह विश्वास प्रदर्शित होता है कि बेहतरीन स्टाइलिंग के लिए आपके बालों की हेल्थ से समझौता नहीं होना चाहिए। यही सिद्धांत ब्यूटी और टेक्नोलॉजी के प्रति डायसन के दृष्टिकोण को आकार देता है। इस नई फिल्म में दिखाया गया है कि डायसन रेंज किस प्रकार भारत में भिन्न-भिन्न हेयर टाइप्स, स्टाइल और मौसम के लिए वास्तविक हेयर नीड्स को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है। हॉगर्थ के सहयोग से बनाई गई इस फिल्म में दिखाया गया है कि डायसन रेंज भारत में भिन्न-भिन्न हेयर टाइप्स, स्टाइल और मौसम के लिए वास्तविक हेयर नीड्स को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

फिल्म में अनेक हाई-इम्पैक्ट विज़ुअल्स हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण रोज़मर्रा के और स्टेटमेंट स्टाइल में दिखाई देती हैं। ये सभी स्टाइल वो बालों की हेल्थ से समझौता किए बिना प्राप्त करती हैं। स्लीक, नैचुरल लुक से लेकर बेहतरीन कर्ल्स तक, हर स्टाइलिंग से इनोवेटिव हेयर केयर सॉल्यूशंस द्वारा सहज और डैमेज-फ्री स्टाइल प्रदान करने का डायसन का वादा प्रदर्शित होता है। एकमात्र कनेक्टेड मल्टी-स्टाइलर, डायसन एयररैप i.d.TM मल्टी-स्टाइलर और ड्रायर से लेकर, नैचुरल स्टाइलिंग के लिए डायसन एयरस्ट्रेटTM स्ट्रेटनर तथा बालों को स्वस्थ रखने के लिए डायसन सुपरसोनिक न्यूरलTM हेयर ड्रायर तक, डायसन की पूरी ब्यूटी रेंज हर तरह के हेयर टाइप की जरूरत को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जो बिना हीट डैमेज के हर स्टाइल प्रदान कर सकती है।

यह रेंज 'द डिफरेंस इज़ डायसन' के वादे की मिसाल और हर तरह के हेयर टाइप के लिए सॉल्यूशन पेश करती है। यह रेंज शानदार एवं डैमेज-फ्री हैल्दी स्टाइलिंग के नए मानक स्थापित करती है। 'द डिफरेंस इज़ डायसन' कैंपेन पूरे देश में विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चल रहा है।

## दूरदर्शन के मंच से लोकगीत कलाकारों ने लूटी वाहवाही

# अरी बहना झूला तो झूले नंदलाल झुलावै रानी राधिका

**राम दशरथ यादव**

**लखनऊ।** आरी बहना झूला तो झूले नंदलाल झुलावै राधा रानी झुलावे रानी राधिका और गोरी कलाइयां सुकुमार हो चुभ जाला कंगनवा गीतों के साथ दूरदर्शन के मंच पर पहली बार प्रस्तुत हुई गोसाईगंज की अनुराधा यादव ने सावन के महीने में राधा रानी का झूला गीत प्रस्तुत करके खूब वाहवाही लूटी। लोक रंग सुरों के संग के मंच पर लखनऊ की ही संगीता श्रीवास्तव ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

दिल्ली दूरदर्शन के लोक रंग सुरों के संग कार्यक्रम में राजधानी की दो गायिकाओं ने हिस्सा लिया जिनमें एक संगीता श्रीवास्तव तो दूसरी गोसाईगंज की बेटी अनुराधा यादव रही। इनके अलावा बलिया की निमिषा शर्मा, ललितपुर की अभिलाषा वर्मा और गोंडा के शिवांश मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति दी। सीमा साही और संतोष राय के मंच संचालन ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।



संचालकों ने सभी कलाकारों की सराहना की। कार्यक्रम के पहले दिन अनुराधा ने झूला गीत अरी बहना झूला तो झूले नंदलाल झुलावै रानी राधिका और दूसरे दिन नकटा गीत गोरी कलाइयां सुकुमार हो चुभ जाला कंगनवा प्रस्तुत किया।

अवधी लोक संगीत की गायिका अनुराधा यादव 26 और 27 जुलाई को दूरदर्शन के लोक रंग सुरों के संग कार्यक्रम में शामिल की गई। दूरदर्शन मंच तक पहुंची अनुराधा काफी उत्साहित थी तो उनके शुभचिंतकों की खुशी का ठिकाना न रहा। नाम के अनुसार गुणों वाली अनुराधा गोसाईगंज के मातन टोला मोहल्ले में रहने वाले बच्चा लाल यादव की सुपुत्री और बिराजखंड गोमती नगर के देवेन्द्र कुमार यादव की धर्मपत्नी हैं। स्कूलों के सांस्कृतिक मंचों पर वाहवाही लूटने वाली अनुराधा भातखंडे से विशारद करने के बाद भजन और गीत गाती रही। आकाशवाणी के साथ ही लखनऊ महोत्सव, इलाहाबाद, अयोध्या, देवा शरीफ सहित कई अन्य स्थानों पर सांस्कृतिक मंचों पर अनुराधा ने खूब तालियां बटोरी। 26 जुलाई को वह पहली बार दूरदर्शन पर अपनी आवाज का जादू



बिखेरने पहुंची तो दर्शकों ने उनकी प्रस्तुति को खूब पसंद किया। वाहवाही मिलने से गदगद अनुराधा ने बातचीत के दौरान इसके लिए अपने माता पिता और गुरुजनों के साथ ही दूरदर्शन के अधिशासी आत्म प्रकाश मिश्रा, ध्रुवचंद, संजय और शेखर के प्रति आभार व्यक्त किया। अनुराधा ने लोक गीतों की संस्कृति को आगे बढ़ाने की बात कही।

# शाहजहांपुर में धर्मांतरण का गंदा खेल बंद कमरे में चल रही थी साजिश

» हिंदू संगठन की सतर्कता से हुआ खुलासा

**पैसों का लालच देकर भोले भाले ग्रामीणों को बनाया जा रहा था निशाना**



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर (निगोही)।** शाहजहांपुर जिले में धर्मांतरण का एक बड़ा मामला सामने आया है। निगोही थाना क्षेत्र के चैना रुरिया गांव में बंद मकान के अंदर सैकड़ों ग्रामीणों को इकट्ठा कर धर्मांतरण कराने की कोशिश की जा रही थी। आरोप है कि दो व्यक्ति हिंदू समुदाय के लोगों को पैसों और अन्य प्रलोभनों का लालच देकर उनका माइंडवॉश कर रहे थे। जैसे ही इस गोपनीय साजिश की भनक हिंदू युवा वाहिनी को लगी, संगठन के पदाधिकारी तुरंत हरकत में आए और स्थानीय पुलिस को पूरे मामले की सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम और हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने बंद घर के भीतर चल रही इस संदिग्ध सभा को रोका और मौके से हेमराज व ओमपाल नामक दो व्यक्तियों को धर दबोचा। पूछताछ में इन दोनों ने कबूल किया कि वे लोगों को धर्म बदलने के लिए प्रेरित कर रहे थे और इसके बदले उन्हें पैसों की पेशकश की जाती थी। चैना रुरिया गांव के ग्रामीणों ने बताया कि वे तो सिर्फ एक धार्मिक सभा समझकर वहां पहुंचे थे। लेकिन धीरे-धीरे उन्हें समझ में आया कि असली मकसद कुछ और ही है। मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद थे, जिनका ब्रेनवॉश किया जा रहा था। हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने इस पूरी घटना को हिंदू समाज पर सांस्कृतिक हमला करार दिया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन के जिला संयोजक ने कहा कि यदि इस मामले में ढिलाई बरती गई तो प्रदेश भर में आंदोलन किया जाएगा। एसपी ग्रामीण ने बताया कि हेमराज और ओमपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि इस षड्यंत्र में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## एडवोकेट से कोर्ट परिसर में मारपीट, जिला अस्पताल में भर्ती

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के संजय नगर निवासी एडवोकेट तरुण कुमार पर सोमवार को न्यायालय परिसर में विपक्षी पक्ष ने हमला कर दिया।

एडवोकेट तरुण कुमार ने मेडिकल के दौरान जिला अस्पताल में बताया कि वह अपने एक क्लाइंट की तारीख के सिलसिले में कोर्ट गए थे। वहीं हजियापुर निवासी राजा राम, गुलाब और पिंटू से किसी बात पर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान विपक्षी पक्ष ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल एडवोकेट को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने एडवोकेट की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# पार्क और रास्ते पर दबंग का कब्जा विरोध करने पर दी गालियां और धमकी

» कॉलोनीवासियों ने नगर आयुक्त से की शिकायत, पुलिस ने शुरू की जांच



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** शहर की एक वीआईपी कॉलोनी शुभकरमन टाउनशिप में रहने वाले सुनील सिंह पर सार्वजनिक पार्क और रास्ते पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगा है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि सुनील सिंह ने न केवल बच्चों और बुजुर्गों के लिए बने पार्क में जबरन गेट और ताला लगाकर कब्जा कर लिया, बल्कि अपने घर के सामने की चौड़ी सड़क को भी ईंटें लगाकर बंद कर दिया है। कॉलोनी के निवासियों ने 18 जनवरी को नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर अवैध निर्माण को तुरंत हटवाने की मांग की। ज्ञापन में लिखा गया है कि सुनील सिंह की मनमानी से लोगों की आवाजाही पूरी तरह से बाधित हो गई है और रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। इस ज्ञापन पर डॉ. गिरीश गुप्ता समेत करीब दो दर्जन लोगों के हस्ताक्षर हैं।

आरोप है कि जब कॉलोनीवासियों ने नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई तो सुनील सिंह और उनके बेटे ने पड़ोसी को फोन कर मां-बहन की गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना से कॉलोनीवासी दहशत में हैं और पुलिस से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। पीड़ित ने चौक कोतवाली में सुनील सिंह के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई है। मामले की जांच उपनिरीक्षक विनीत कुमार को सौंपी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार शहर को स्मार्ट बनाने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर कॉलोनियों में इस तरह के दबंग लोग कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने नगर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### देवरनिया पुलिस ने कांवड़ियों के लिए किए कड़े इंतजाम



**बरेली।** थाना देवरनिया में कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस ने कांवड़ियों के लिए कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस की इस पहल की सराहना की जा रही है और कांवड़िये पुलिस के इस स्वागत से खुश नजर आए। थाना प्रभारी देवरनिया आशुतोष द्विवेदी कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़ियों के जत्थे के साथ पुलिस बल के साथ रहकर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। पुलिस ने कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। देवरनिया पुलिस ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया है। इसके अलावा, पुलिस ने कांवड़ियों के लिए जगह-जगह पर चिकित्सा शिविर और पेयजल की व्यवस्था भी की है। कांवड़ियों ने पुलिस के इस स्वागत की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। कांवड़ियों ने कहा कि पुलिस की इस पहल से उनकी यात्रा आसान हो गई है और वे अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच पाएंगे। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य कांवड़ियों को सुविधा प्रदान करना और उनकी यात्रा को सुगम बनाना है। पुलिस की इस पहल से कांवड़ियों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और वे अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच पा रहे हैं।

### ड्रोन की दहशत से स्कूल में मचा चोर का शोर

**बरेली।** जिले के ग्रामीण इलाकों व शहर से सटे कस्बों में ड्रोन उड़ने व उसके सहारे घरों में चोरी की साजिश का शोर मच रहा है। अब कस्तूरबा गांधी स्कूल हाफिजगंज की वार्डन ने रविवार रात स्कूल में चोर घुसने और छात्राओं के भयभीत होने का जिक्र कर वीडियो जारी किया है। रात में सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी खोजबीन की लेकिन नहीं कोई मिला। एसएसपी ने अफवाहों पर ध्यान न देने और समस्या होने पर पुलिस को सूचना देने का संदेश दिया है। हाफिजगंज के कस्तूरबा आवासीय इंटर कॉलेज की वार्डन सपना पांडे ने बताया है कि चार दिन से स्कूल के ऊपर ड्रोन उड़ता दिख रहा है। उन्होंने चौंकाने वाली बात बताई कि रविवार रात 11 बजे काले कपड़े में एक व्यक्ति ने आकर खिड़की पर हाथ मारा। स्कूल में छात्राएं और महिला स्टाफ ही था। यह देखकर उन लोगों ने शोर मचाया। छात्राएं बहुत भयभीत हो गई थीं। शोर मचाने पर आसपास के लोग आए। पुलिस भी आई। वार्डन ने बताया कि उन्होंने एसडीएम को फोन किया लेकिन एसडीएम ने फोन नहीं उठाया। रात की घटना के बाद स्कूल की छात्राएं व शिक्षिकाएं डरी हुई हैं। सपना पांडे ने मुख्यमंत्री योगी व जिला प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि चोर का शोर मचा था लेकिन कोई नहीं मिला। स्कूल व चौराहे पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी है। एसएसपी ने लोगों से अपील की कि किसी संदिग्ध व्यक्ति को देखें तो पुलिस को सूचना दें, न कि खुद ही कानून हाथ में लें। ग्राम सुरक्षा समिति, सरकारी कर्मचारी, मीडिया के जरिये लोगों को पुलिस यह बताने का प्रयास करेगी कि इस तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें।

## शिव भक्तों का पुलिस व ग्रामीणों ने किया स्वागत



**भोजीपुरा।** कछला से गंगाजल लेकर आए शिव भक्तों का भोजीपुरा में पुलिस और ग्रामीणों ने फल व जल वितरित कर भव्य स्वागत किया। इसके बाद सभी शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भोजीपुरा कस्बे में नैनीताल हाइवे पर पुलिस बूथ के सामने एस आई संजीव त्यागी, अमन शर्मा, अर्पित शर्मा, दुष्यंत गंगवार, अभिषेक शर्मा, रजत गुप्ता, शेखर गंगवार, यशपाल सिंह राजीव कटियार। मेडिकल कालेज भोजीपुरा के पास में पीपल साना चौधरी के प्रधान वीरेंद्र सिंह शाही, रोहित गौड़ आदि ने फल जल वितरण किए।

# रेलवे में नौकरी का झांसा देकर 1.70 लाख की ठगी

**पुलिस ने तीन आरोपी किए गिरफ्तार**




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** नौकरी का लालच देकर एक युवक से ठगी करने वाले तीन शातिर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रेमनगर प्रभारी निरीक्षक आशुतोष रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि तरुण जौहरी ने थाने में तहरीर दी थी, जिसमें उसने कहा कि उसे रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर तीन लोगों ने मिलकर उससे एक लाख सत्तर हजार रुपये ले लिए। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे विश्वास में लिया और उसे नौकरी के लिए कानपुर ले गए, जहां उसे नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र दिया गया।

लेकिन जब वह रेलवे कार्यालय पहुंचा और अधिकारियों से संपर्क किया, तो उसे पता चला कि सारे दस्तावेज फर्जी हैं और उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। इस पर तरुण ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने छापेमारी कर तीन आरोपी अनूप कुमार सक्सेना, विनीत, और रोहित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जुर्म कबूलते हुए बताया कि उन्होंने आपसी साजिश के तहत यह ठगी की थी। अनूप सक्सेना ने अपने साथियों से कहा था कि उसके एक दोस्त के बेटे तरुण जौहरी को रेलवे में नौकरी दिलानी है। इसके बाद तीनों ने मिलकर तरुण से 1.70 लाख रुपये वसूले और उसे कानपुर ले जाकर फर्जी नियुक्ति पत्र सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों से घटना से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किए हैं। तीनों को न्यायिक रिमांड पर भेजने के लिए कोर्ट में पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिया टीम में थानाप्रभारी निरीक्षक आशुतोष रघुवंशी, सरताज, चौकी प्रभारी कानूनगोयान, का. अनित, का. ओमकार, का. अनुराग, मौजूद रहे।

# छत पर पड़ा मिला ड्रोन, पुलिस ने कब्जे में लेकर शुरू की जांच



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** जिले के ग्रामीण इलाकों व कस्बों में ड्रोन उड़ने का शोर मच रहा है। इससे ग्रामीणों में कौतहूल के साथ दहशत भी है। फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मंडोली गांव से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गांव निवासी कमल मौर्य के मकान की छत पर सोमवार सुबह ड्रोन पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि सुबह उनका बेटा नवनीत मौर्य किसी काम से छत पर गया।

उसने छत पर ड्रोन कैमरा पड़ा देखा। उसके शोर मचाने पर परिवार के लोग पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। ड्रोन मिलने की खबर मिलते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में ले लिया है। ड्रोन पर मेड इन चाइना लिखा है। ड्रोन किसका है और छत पर कैसे पहुंचा, इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है। उधर, मंडोली के पड़ोसी गांव फरीदापुर रामचरन में दिनदहाड़े लूट की घटना हुई है। गांव निवासी प्रीति ने बताया कि उसके पति काम पर बाहर गए थे। वह भी घर से बाहर थीं। घर पर उनकी बेटी रूबी बर्तन धो रही थी, तभी तीन चार बदमाश घर में घुस आए। उन्होंने बेटी को बंधक बनाकर लूटपाट की। प्रीति ने बताया कि बदमाश घर में रखी नकदी और जेवर लूटकर ले गए हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# अवैध वसूली और गैंगवार की साजिश शाहजहांपुर में प्राइवेट बस ऑपरेटरों पर मंडराया खतरा

## गैंग ने किया खुद का अपहरण, वायरल कर दी फर्जी वीडियो पुलिस भी रह गई दंग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** दिल्ली जाने वाली प्राइवेट बसों से अवैध वसूली को लेकर शाहजहांपुर में कुख्यात बदमाशों ने ऐसा खेल रचा कि कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष एवं गोल्डी बस सर्विस के मालिक वीरेंद्र पाल सिंह गोल्डी के मैनेजर सन्नी कपूर ने जब कोतवाली सदर बाजार में रंगदारी मांगने वाले बदमाशों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई, तो बदमाशों ने ऐसा पलटवार किया कि हर कोई सन्न रह गया।

» गोल्डी बस सर्विस के खिलाफ रचा गया खौफनाक षड्यंत्र

जानकारी के अनुसार, रिपोर्ट दर्ज होते ही तस्लीम गैंग के गुर्गों ने सरेशाम पुलिस की पीआरवी टीम के सामने ही खुद का 'अपहरण नाटक' रच डाला। इसके बाद कुछ ही घंटों में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिसमें दोनों गुर्गे अवैध असलहों के साथ दिखाई दे रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि वे गोल्डी के इशारे पर काम करते हैं। लेकिन मामला तब खुला, जब किसी जागरूक व्यक्ति ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच की तो सामने आया कि ये पूरा मामला एक साजिश का हिस्सा था। पुलिस को पता चला कि खुद तस्लीम गैंग ने अपने दो सदस्यों को अगवा कर फर्जी वीडियो बनाई ताकि गोल्डी को फंसाया जा सके। वीरेंद्र पाल सिंह गोल्डी ने आज मीडिया के सामने आकर पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर से दिल्ली जाने वाली बसों से संगठित तरीके से अवैध वसूली की जा रही है। जब उन्होंने इसका विरोध किया और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो बदमाशों ने उन्हें और उनके स्टाफ को धमकाना शुरू कर दिया। उन्होंने अपनी और अपने कर्मचारियों की जान को खतरा बताया। बताया जा रहा है कि तस्लीम गैंग रंगदारी, लूट और हत्या जैसे संगीन मामलों में पहले से ही लिप्त है। इसके बावजूद यह गिरोह खुलेआम कानून को चुनौती दे रहा है। पुलिस अब इस गैंग की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। लेकिन अब तक कोई बड़ी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# सावन के तीसरे सोमवार पर नाथनगरी में कांवड़ियों का उमड़ा सैलाब

**शहर के शिव मंदिरों में सुबह से देर रात तक गूंजती रही शिवभक्ति**

» जगह-जगह हुए भण्डारे, प्रशासन ने किए विशेष इंतजाम



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** सावन माह के तीसरे सोमवार को नाथनगरी पूरी तरह भोलेनाथ की भक्ति में रंग गई। गंगाजल लेकर पहुंचे लाखों कांवड़ियों के जयघोष से शहर की सड़कें भक्तिमय वातावरण में तब्दील हो गईं। हरिद्वार, कछला और अन्य गंगा घाटों से जल लेकर आने वाले कांवड़ियों की टोलियां सुबह तड़के से ही शहर में 'हर हर महादेव', 'बोल बम' के उद्घोष के साथ बढ़ते रहे। कांवड़ यात्रा को लेकर पूरे शहर में आस्था का विशेष उत्सव दिखाई दिया। कांवड़िये भगवा वस्त्रों में सज-धजकर, शिवभक्ति के रंग में रंगे नजर आए।

शहर के प्रमुख शिवालयों – अलखनाथ मंदिर, बनखंडीनाथ मंदिर, तिरुपति नाथ मंदिर, धोपेश्वर नाथ, पशुपतिनाथ, मणिनाथ और तपेश्वर नाथ मंदिर – में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। गंगाजल के साथ आए कांवड़ियों ने मंदिरों में जलाभिषेक किया।

मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। कई मंदिरों में विशेष भंडारे का आयोजन किया गया, जहां हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं की कतारें मंदिर परिसरों में लगी रहीं।

इस अवसर पर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। शहर की प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। शिवालयों के बाहर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई ताकि भीड़ का संचालन सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से हो सके।

### रामगंगा तट पर विशेष भंडारे का आयोजन

शहर से सटे रामगंगा नदी के तट पर प्रशासन की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कांवड़ियों के साथ आम श्रद्धालुओं ने भी भोजन किया। यहां दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। भोजन व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं देखी गई, जो प्रशासन की तैयारी को दर्शाता है।

### सामाजिक संगठनों ने निभाई सेवाभाव की भूमिका

कई सामाजिक संगठनों ने भी इस अवसर पर सेवा भाव से कार्य किया। शहर के विभिन्न मार्गों और मंदिरों के पास जलपान, शरबत, फल वितरण, प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई थी। महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों के लिए विश्राम स्थान बनाए गए जहां वे आराम कर सकें।

### स्थानीय शिवालयों में भी हुआ जलाभिषेक

सिर्फ प्रमुख मंदिर ही नहीं, बल्कि मोहल्लों और कॉलोनियों में स्थित छोटे-बड़े सभी शिवालयों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। स्थानीय निवासी अपने परिवार के साथ गंगाजल, लेकर जल अभिषेक करने पहुंचे।

### कांवड़ियों ने दीया अनुशासन का परिचय

सावन के इस पवित्र सोमवार को श्रद्धालु वर्ग ने अनुशासन और समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। न कहीं कोई अव्यवस्था दिखी । पुलिस कंट्रोल रूम से लेकर विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात बलों ने लगातार निगरानी बनाए रखी और शांति व्यवस्था सुनिश्चित की। सावन के तीसरे सोमवार को बरेली की नाथनगरी में श्रद्धा, सेवा और सुरक्षा का ऐसा संगम देखने को मिला। लाखों की संख्या में उमड़े श्रद्धालु और प्रशासन व समाजसेवि शिवभक्ति में लीन नजर आए। नगर निगम द्वारा इस धार्मिक पर्व को लेकर सफाई और प्रकाश व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई थी। सभी प्रमुख मंदिरों और मार्गों की समय से सफाई की गई। कूड़ा उठाने के लिए नगर निगम की टीमें पूरे दिन सक्रिय रहीं। मंदिरों के आसपास अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें, पानी की टंकियां, और मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था ने श्रद्धालुओं की यात्रा को और भी सरल और सुखद बनाया।

# सौहार्द और एकता से बड़ी नहीं मिसाल, शिव भक्तों का मुस्लिम समुदाय ने किया स्वागत

» जोगी नवादा बना गंगा-जमुनी तहज़ीब का प्रतीक, भाईचारे की अनूठी मिसाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** श्रावण मास की पावन बेला में जब पूरा देश शिवभक्ति में डूबा रहा, तब बरेली का जोगी नवादा इलाका आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और धार्मिक एकता की नई मिसाल के रूप में उभरा। श्रावण के तीसरे सोमवार को क्षेत्र में निकली कांवड़ यात्रा ने जहां श्रद्धा और आस्था का संदेश दिया, वहीं मुस्लिम समुदाय के सहयोग और सहभागिता ने धार्मिक समरसता की मिसाल कायम की। जोगी नवादा क्षेत्र, जो पिछले वर्ष (2024) एक अप्रिय सांप्रदायिक तनाव का गवाह बना था, इस बार वर्ष 2025 में आपसी सौहार्द और विश्वास की बुनियाद पर खड़ा होकर पूरे जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया। बीते वर्ष यहां दो समुदायों के बीच हुई कहासुनी ने तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी थी, जिससे क्षेत्र में कटुता और अविश्वास फैल गया था। लेकिन इस बार प्रशासन, पुलिस, सामाजिक कार्यकर्ताओं और धर्मगुरुओं की सतत मेहनत से माहौल पूरी तरह बदल गया।

### शिवभक्तों का स्वागत बना सौहार्द का प्रतीक

श्रावण के तीसरे सोमवार को जोगी नवादा में शिवभक्तों की भारी भीड़ ने "बोल बम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के युवाओं और बुजुर्गों ने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। क्षेत्राधिकारी पंकज श्रीवास्तव की मेहनत यह दृश्य दर्शाता है कि दोनों समुदायों के दिल एक साथ धड़कते हैं, स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और पुलिस के प्रयासों की सराहना की। एक बुजुर्ग निवासी ने कहा कि इस बार जो माहौल बना है, वो मिसाल है। प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयास से अब हमारा मोहल्ला पहले से अधिक शांतिपूर्ण और सशक्त हो गया है।

### प्रशासनिक रणनीति ने बदले हालात

श्रावण मास की तैयारियों के दौरान ही बरेली पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट रणनीति के तहत कार्य करना शुरू किया। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बरेली जोन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने जोगी नवादा स्थित ऐतिहासिक वनखंडीनाथ मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा और शांति व्यवस्था का जायज़ा लिया। अधिकारियों ने दोनों समुदायों के प्रमुख व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और सामाजिक संगठनों के साथ बैठक कर खुला संवाद स्थापित किया। क्षेत्राधिकारी पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस की सक्रिय भागीदारी और संवाद आधारित पहल ने दोनों समुदायों के बीच संवाद की एक नई कड़ी जोड़ी। श्रावण मास के आरंभ से पहले ही गलतफहमियों को सुलझाने और अफवाहों को दूर करने पर विशेष बल दिया गया। स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी चिंताओं को समझा और उन्होंने कहा, बरेली गंगा-जमुनी तहजीब की ज़मीन है। यहां नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।

**मोहर्रम पर भी दिखाई दी गंगा-जमुनी तहजीब** – जोगी नवादा की यह एकता सिर्फ श्रावण की कांवड़ यात्रा तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि मोहर्रम के अवसर पर भी इसी भाईचारे की झलक देखने को मिली। संजीव शर्मा के नेतृत्व में हिंदू समुदाय के लोगों ने ताजिया जुलूस में हिस्सा लिया और मुस्लिम भाइयों के स्वागत में फूलों की वर्षा की थी। एक स्थानीय मुस्लिम युवक ने भावुक होकर कहा, "हमने कभी नहीं सोचा था कि एकता ही हमारी मिशाल बनेगा। आपसी सहभागिता ने एक बार फिर साबित किया कि की ताकत उसकी विविधता में ही है।

**प्रशासन की भूमिका सराहनीय** – वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने इस समन्वय को पुलिस और जनता के सहयोग का श्रेष्ठ उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, अगर समाज के सभी वर्ग मिलकर कार्य करें, तो कोई भी ताकत सामाजिक ताने-बाने को नहीं तोड़ सकती। जोगी नवादा का यह उदाहरण पूरे जिले के लिए एक मॉडल बन सकता है। पुलिस और प्रशासन ने हर बिंदु पर सजग रहते हुए न केवल सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि आपसी विश्वास को भी गहरा किया। श्रावण मास और मोहर्रम दोनों ही अवसरों पर जोगी नवादा में जो समरसता दिखाई दी, एक सामाजिक आंदोलन बन गया है। जोगी नवादा ने यह दिखा दिया कि नफरत कितनी भी गहरी क्यों न हो, इंसानियत का दिया उसे मिटा सकता है। यह क्षेत्र अब सिर्फ एक मोहल्ला नहीं, बल्कि एक प्रेरक संदेश बन चुका है कि जब संवाद और सहयोग की राह चुनी जाए, तो समाज में स्थायी शांति संभव है।

# एसडीएम व सीओ ने कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बहेड़ी।** एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव सीओ अरुण कुमार ने कावड़ियों के जत्थे का उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित मुड़िया टोल प्लाजा के पास कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। बहेड़ी तहसील में आयोजित शिविर पर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की गई और उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रशासन ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए थे। कांवड़ियों को चाय, नाश्ता और फल वितरित किए गए। इस दौरान कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया। प्रशासन की ओर से की गई इस पहल की सराहना की जा रही है।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव, सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह, तहसीलदार भानु प्रताप, एसएचओ बहेड़ी संजय तोमर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कांवड़ियों का स्वागत किया और उनकी सुविधा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बहेड़ी प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य कांवड़ियों को सुविधा प्रदान करना और उनकी यात्रा को सुगम बनाना है। कांवड़ियों ने प्रशासन के इस स्वागत की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। इस तरह के आयोजनों से कांवड़ियों का उत्साह बढ़ता है और वे अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच पाते हैं।

बहेड़ी प्रशासन ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। जगह-जगह पर चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं और कांवड़ियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

कांवड़ियों ने बहेड़ी प्रशासन के इस स्वागत की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। कांवड़ियों ने कहा कि प्रशासन की इस पहल से उनकी यात्रा आसान हो गई है और वे अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच पाएंगे

# सावन के तीसरे सोमवार को शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा

**प्रशासन ने दिया ऐतिहासिक तोहफ़ा**



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** सावन के पावन माह में श्रद्धा, भक्ति और भव्यता का अद्भुत संगम सोमवार को उस समय देखने को मिला जब बरेली शहर के समस्त नाथ मंदिरों में कांवड़ियों का स्वागत हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर किया गया। यह ऐतिहासिक दृश्य प्रशासनिक अधिकारियों ने खुद आकाश से पुष्प वर्षा कर शिवभक्तों का अभिनंदन किया। शहर के मुख्य शिवालयों त्रिवटीनाथ, मदीननाथ, आलखनाथ, बनखंडीनाथ मंदिरों के ऊपर से हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरते हुए पुष्पवर्षा की। जैसे ही आकाश से फूलों की वर्षा आरंभ हुई, पूरा वातावरण "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोषों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं के चेहरे पर अपार उल्लास और भावविभोर करने वाले दृश्य दिखाई दिए।

इस पावन अवसर पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, डीआईजी अजय कुमार साहनी, जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य स्वयं हेलीकॉप्टर में सवार होकर पुष्पवर्षा में शामिल हुए। ये अधिकारी न केवल पुष्पवर्षा कर रहे थे, बल्कि पूरे मार्ग की सुरक्षा, व्यवस्था और व्यवस्थापन पर भी पैनी निगाह बनाए हुए थे। बरेली के धार्मिक और प्रशासनिक इतिहास में यह पहला अवसर है जब सावन सोमवार को हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। अब तक श्रद्धालु स्वयं कांवड़ लेकर मंदिरों तक पहुंचते थे और प्रशासन ज़मीन से उनकी सुरक्षा का जिम्मा उठाता था, लेकिन इस बार एक नया अध्याय लिखा गया। श्रद्धालुओं ने भी इस अद्वितीय स्वागत को अविस्मरणीय बताया। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा जैसी पहल से उन्हें आत्मीय सम्मान भी प्रदान किया। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि यात्रा के सभी मार्गों पर पुलिस बल, PAC, QRT और सिविल डिफेंस की टीमें तैनात रहीं। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही थी।

सावन के इस तीसरे सोमवार को तड़के ही कांवड़िए जलाभिषेक के लिए शहर के सातों प्रमुख नाथ मंदिरों में पहुंचने लगे। गंगाघाट से जल भरकर आए हजारों कांवड़िए बम-बम भोले के जयकारों के साथ शहर की सड़कों से होकर निकले। मंदिरों में जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर प्रबंधन की ओर से ठंडा पानी, प्रसाद, प्राथमिक उपचार जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई थीं।

इस बार कांवड़ यात्रा में महिलाओं की भागीदारी भी विशेष रूप से देखने को मिली। कई महिला कांवड़ दलों ने शहर की यात्रा की और नाथ मंदिरों में जलाभिषेक किया। महिला श्रद्धालुओं ने बताया कि प्रशासन की सख्ती और सहयोग से उन्हें पूरी सुरक्षा और सम्मान मिला। कांवड़ मार्गों पर स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और मंदिर समितियों ने जगह-जगह शिविर लगाकर कांवड़ियों का स्वागत किया। कहीं शर्बत तो कहीं फल वितरित किए गए। रास्तों में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम ने भी विशेष अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि पुष्पवर्षा की यह पहल न केवल श्रद्धालुओं के लिए विशेष थी, बल्कि इससे प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास का पुल भी मजबूत हुआ है।

# अवसानेश्वर महादेव मंदिर में करंट से मचा कोहराम

## सावन के तीसरे सोमवार को हादसे में दो लोगों की जान जाने के बाद मची दहशत

» बंदर के कारण टूटा हाईटेंशन तार, टिन शेड में फैला करंट, अफरा-तफरी का माहौल



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** सावन के तीसरे सोमवार को हैदरगढ़ क्षेत्र के प्रसिद्ध अवसानेश्वर महादेव मंदिर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब जलाभिषेक के दौरान अचानक करंट फैलने से भगदड़ की स्थिति बन गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि करीब 36 लोग घायल हो गए। मृतकों में थाना लोनीकटरा क्षेत्र के मुबारकपुर निवासी प्रशांत (17) और कोठी के रमेश कुमार (28) शामिल हैं। दोनों ने त्रिवेदीगंज सीएचसी में इलाज के दौरान दम तोड़ा।

**बंदर की वजह से टूटा बिजली तार**

श्रद्धालु लाइन में खड़े थे, टिन शेड पर गिरी हाईवोल्टेज लाइन, दौड़ पड़ा करंट प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा सोमवार तड़के करीब दो बजे हुआ। श्रद्धालु मंदिर में जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। बारिश और गर्मी से बचने के लिए बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर के बाहर लगे टिन शेड के नीचे खड़े थे। उसी दौरान एक बंदर बिजली के तार पर कूद गया, जिससे हाईवोल्टेज लाइन टूटकर टिन शेड पर गिर गई। करंट फैलते ही लोग दहशत में आ गए और भगदड़ मच गई।

**घायलों का इलाज जारी, 9 गंभीर जिला अस्पताल रेफर**

29 श्रद्धालु हैदरगढ़ सीएचसी पहुंचे, दो की मौत, बाकी को प्राथमिक उपचार

हादसे के तुरंत बाद घायलों को त्रिवेदीगंज, हैदरगढ़ और कोठी के सीएचसी में भर्ती कराया गया। हैदरगढ़ सीएचसी में 29 लोग पहुंचे, जिनमें रायबरेली के शिवगढ़ निवासी अर्जुन (25) को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। अमन 28 को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। त्रिवेदीगंज सीएचसी में नौ घायलों को भर्ती किया गया, जिनमें प्रशांत (22) पुत्र रामकृपाल और एक अज्ञात युवक को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल रंजीत (26), पलक (13), संध्या (24), सुंदरम सिंह (14), लक्ष्मी (18), अमन (18) और बैजनाथ (22) को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोठी सीएचसी में भी दर्जनों श्रद्धालुओं को लाया गया, जहां अमन वर्मा (18), आयुष कुमार (26), शुभम कश्यप (21), हर्ष गुप्ता (21) समेत अन्य को मामूली चोटों के चलते छुट्टी दे दी गई। डॉक्टर पंकज सुनील ने इमरजेंसी ड्यूटी में घायलों का त्वरित उपचार किया।

**प्रशासन हरकत में, जांच के आदेश**

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य का जायजा लिया गया। पूरे मंदिर परिसर की निगरानी बढ़ा दी गई है और विद्युत लाइन व सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी गई है। मंदिर समिति को भविष्य में ऐसे हादसों से बचने के लिए अलर्ट किया गया है।

**मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता**

जिलाधिकारी ने बताया कि, दोनों मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पांच-पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

# खाद लेने जुटे किसानों की भीड़ देख एडीओ ने खुद संभाली व्यवस्था

## किशुनपुर समिति पर 130 किसानों को टोकन के जरिए वितरित की गई 471 बोरी यूरिया

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बाराबंकी।** खाद वितरण के दौरान सहकारी समितियों पर अव्यवस्था और दलालों की शिकायतें आम हैं, लेकिन रामनगर ब्लॉक स्थित किशुनपुर सहकारी समिति पर सोमवार को एक मिसाल देखने को मिली। समिति पर खाद लेने पहुंचे किसानों की भारी भीड़ को देखकर वहां औचक निरीक्षण पर पहुंचीं सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) खुशबू राय ने खुद कमान संभाल ली।

**टोकन से किया गया वितरण, किसानों ने की सराहना**

एडीओ खुशबू राय ने मौके पर ही टोकन प्रणाली लागू कराई और खाद वितरण का कार्य शुरू करवाया। इस दौरान 130 से अधिक किसानों को 471 बोरी यूरिया का वितरण किया गया। व्यवस्था इतनी बेहतर रही कि न तो कोई धक्का-मुक्की हुई और न ही किसी ने भेदभाव की शिकायत की। खाद वितरण पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी रहा। टोकन के माध्यम से खाद मिलने पर किसानों ने राहत की सांस ली और कहा कि अगर हर जगह ऐसी व्यवस्था हो तो उन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा।



**एडीओ ने दिए सख्त निर्देश**

खुशबू राय ने समिति सचिव और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वितरण के दौरान किसी भी किसान के साथ भेदभाव या मनमानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, किसानों को समय पर और उचित मात्रा में खाद उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एक नजर

### कांवरियों पर चढ़ी ट्रॉली पांच घायल, एक की मौत

**ढखेरवा-खीरी।** छोटी काशी गोला गोकरण नाथ रोड करनपुर में ट्रॉली का हुक निकलने से अनियंत्रित ट्राली सड़क किनारे आराम कर रहे ।कांवरियों पर चढ़ने से मौके पर ही एक शिव भक्त अरुनशुक्ला उम्र 20 वर्ष पुत्र श्री कांत शुक्ला निवासी लखाही की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तो वहीं पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये घायलों में दो कांवड़िए दीपक मिश्रा उम्र 24 वर्ष अनुज शुक्ला उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी लखाही गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बीती रात कोतवाली गोला इलाके करनपुर में हुआ पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव लखाही से कांवड़ ले जा रहे कावरिए करनपुर में एक किनारे आराम करने लगे कुछ ही देर में आ रही अनियंत्रित ट्रेक्टर ट्राली का हुक निकलने से कावरियों पर चढ़ गई। हादसे में एक की दर्दनाक मौत हो गई। और पांच लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली को पुलिस कस्टडी गोला कोतवाली में खड़ी करदी है तो वहीं बॉडी को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही पूरी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। गम्भीर घायल दीपक मिश्रा का इलाज जिला अस्पताल लखीमपुर ओयल में चल रहा है।

### कारगिल शहीदों को याद कर युवाओं ने रोपे पौधे



**बाराबंकी।** कारगिल युद्ध के शहीदों की स्मृति में युवराष्ट्र संस्था द्वारा चलाए जा रहे 'एक पेड़ बलिदानियों के नाम' अभियान के तहत जिले के 8 महाविद्यालयों में संगोष्ठियां आयोजित कर 530 पौधे रोपे गए। प्रत्येक पौधे की देखभाल के लिए एक-एक 'वृक्ष मित्र' नियुक्त किया गया, जिन्होंने पौधरोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। खुशहालपुर स्थित सहयोगी डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस सह जिला कार्यवाह पारितोष ने कहा कि यह अभियान युवाओं को शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और पर्यावरण रक्षा के माध्यम से राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई। जिला संयोजक प्रभात ने बताया कि कार्यक्रमों में जवाहरलाल मेमोरियल पीजी कॉलेज, टीआरसी लॉ कॉलेज, साई पीजी कॉलेज, पीएल मेमोरियल, मोहनलाल पीजी कॉलेज और रामनगर पीजी कॉलेज शामिल रहे। आरएसएस जिला कार्यवाह सुधीर ने बताया कि यह अभियान 29 जुलाई तक चलेगा। इस मौके पर जिला सह संयोजक कर्तव्य, प्रबंधक अरुण कुमार वर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### दरियाबाद में भीषण अग्निकांड



**दरियाबाद, बाराबंकी।** रविवार शाम दरियाबाद कस्बे की नई बस्ती में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक घर में गैस सिलेंडर से रिसाव के बाद भीषण आग लग गई। हादसे में एक परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। घर में रखा फ्रिज, वॉशिंग मशीन, कपड़े, बर्तन और नकद 25,000 रुपये तक जल गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गैस सिलेंडर में अचानक रिसाव शुरू हो गया और चिंगारी से आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने पानी व मिट्टी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई थी, लेकिन जब तक वह पहुंचती, आग काफी हद तक बुझ चुकी थी। पीड़ति दीपक चौरसिया ने बताया कि आग से लाखों का नुकसान हुआ है। उन्होंने शासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। सूचना पर खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा मौके पर पहुंचे और पीड़ति परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने परियोजना निदेशक व तहसील प्रशासन को पीड़ति को तत्काल अनुमन्य सहायता दिलाने और मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### युवक ने किया देश विरोधी पोस्ट

**नीमगांव खीरी।** लखीमपुर खीरी में नीमगांव थाना पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देश विरोधी पोस्ट करने वाले युवक को गिरफ्तार करने के लिए उसके घर दबिश दी। लेकिन युवक घर पर नहीं मिला। युवक ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देश विरोधी पोस्ट करते हुए सीएम योगी को धमकी दी है। युवक के पोस्ट को एक्स पर शेयर किए जाने के बाद नीमगांव पुलिस हरकत में आई। युवक की पहचान अछनिया गांव के बस के ड्राइवर तैयब खान पुत्र हारून खा के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक के घर पर सोमवार को दबिश दी। लेकिन आरोपी तैयब घर पर नहीं मिला, जिसमें दो महिलाएं और एक युवक को हिरासत में लिया गया है।

# सीएचसी में गंदगी देख भड़के मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा

» अनुपस्थित डॉक्टरों पर कार्रवाई के निर्देश

» औचक निरीक्षण के दौरान अफसरों की खुली पोल, मरीजों से की सीधी बात

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने सोमवार को तहसील मुख्यालय से जुड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। अस्पताल में गंदगी, डॉक्टरों की अनुपस्थिति और रजिस्टर में लापरवाही देख मंत्री का पारा चढ़ गया। मौके पर ही उन्होंने संबंधितों को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

**मुख्य गेट पर दिखी गंदगी, मंत्री ने जताई सख्त नाराजगी** – सीएचसी के मुख्य द्वार पर फैली गंदगी देखकर मंत्री सतीश शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया जताई और सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद डॉक्टरों और स्टाफ से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और त्वरित समाधान का



आश्वासन दिया। उन्होंने कहा जनता को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी मरीज इलाज के अभाव में परेशान न हो। बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था देना ही हमारा संकल्प है।

**मरीज पंजीयन रजिस्टर में भी लापरवाही उजागर** – निरीक्षण के दौरान जब मंत्री ने मरीज पंजीयन रजिस्टर देखा, तो उसमें मरीजों का गांव दर्ज न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि अब हर मरीज के पते का स्पष्ट उल्लेख पंजीयन में किया जाए। मंत्री ने अस्पताल में मौजूद मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों से बात कर उन्होंने इलाज, दवाओं और स्टाफ के व्यवहार का फीडबैक लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ओपीडी, एक्स-रे कक्ष, महिला-पुरुष वार्ड, पैथालॉजी, शौचालय, प्रसूता वार्ड, इमरजेंसी आदि की व्यवस्था देखी गई। मंत्री ने हर विभाग में साफ-सफाई और बेहतर सुविधा देने के निर्देश दिए।

**अनुपस्थित डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई** – निरीक्षण के दौरान डॉक्टर हरीशंकर, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. अनूप वर्मा, फार्मासिस्ट इंद्रजीत राय अनुपस्थित मिले। मंत्री ने उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह को इनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रभारी अधीक्षक भी मौके पर नहीं मिले, जिनकी तबीयत खराब बताई गई।

# जुड़वा बच्चों में एक की मौत पर बवाल

» कम वजन के कारण अस्पताल किया गया था रेफर

» स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बाराबंकी।** सीएचसी सिरौलीगौसपुर में रविवार को हुए एक नॉर्मल प्रसव के बाद जुड़वा बच्चों में एक की मौत हो गई, जिससे परिजनों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने संयुक्त चिकित्सालय प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। मामला रविवार शाम का है, जब सीएचसी में मोनी वर्मा पत्नी आशीष वर्मा ने दो जुड़वा बेटों को जन्म दिया।

एएनएम रेनू साहनी द्वारा प्रसव कराया गया। दोनों बच्चों का वजन कम था, जिस कारण उन्हें शाम 7 बजे संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर रेफर किया गया। वहाँ डॉक्टर संयुक्ता गुप्ता ने उपचार शुरू किया और रात 11 बजे बच्चों को मां के पास दूध पिलाने के लिए वापस भेज दिया गया। परिजनों का आरोप है कि जब वे बच्चों को लेकर फिर अस्पताल पहुंचे तो इमरजेंसी में डॉक्टर कागजी कार्रवाई में घंटों उलझे रहे। बच्चों को एनआईसीयू में भर्ती नहीं किया गया, बल्कि बाहर ही ऑक्सीजन लगाई गई। थोड़ी देर बाद कहा गया कि बच्चा स्वस्थ है, घर ले जाइए। लेकिन देर रात जब परिजन लौटे तो एक बच्चे की हालत बिगड़ चुकी थी और उसने दम तोड़ दिया। सीएमएस डॉ. एके सिन्हा ने सफाई देते हुए कहा कि जुड़वा बच्चों का वजन कम था, लेकिन अन्य पैरामीटर सामान्य थे।

# रास्ता और नाली बंद, पीड़ित परिजन उतरे धरने पर

» शिवसेना यूबीटी ने उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन

» नहीं सुनी मांग तो होगा सीएम आवास पर प्रदर्शन : मनोज

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बाराबंकी।** हरख ब्लाक के ग्राम बरौली मलिक में रास्ता और नाली निकासी की समस्या को लेकर शिवसैनिकों और पीड़ित परिजनों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने नायब तहसीलदार नवाबगंज आशुतोष को जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर सात फुट चौड़ा रास्ता और नाली निकासी दिलाने की मांग की।

धरने में बैठे पीड़ित हंसराज के भाई और शिवसेना यूबीटी के जिला उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान ने बताया कि गांव के विपक्षी पृथ्वी पाल, हंसराज के मकान की नाली नहीं निकालने दे रहे हैं। दूषित पानी घर और रास्तों में जमा हो रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित है। आरोप है कि राजस्व टीम विपक्षी का पक्ष लेकर पुलिस दबाव में पक्षपातपूर्ण रिपोर्ट दे रही है, जिससे पीड़ित परिवार न्याय से वंचित है। धरने में मौजूद शिवसेना यूबीटी के प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र 'विद्रोही' ने कहा कि यदि प्रशासन ने मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो संगठन पीड़ित के साथ मिलकर मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की 'जनसुनवाई' व्यवस्था तब तक अधूरी है जब तक हर गरीब को न्याय नहीं मिलता। धरने में वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान, दीपू वाल्मीकि उर्फ पंडित जी, एस.एन. मिश्र, सुशील जायसवाल उर्फ बबलू आदि मौजूद रहे।

छोटी काशी गोला में शिवभक्ति का महाकुंभ

# डीएम ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल, डीजे की थाप पर झूमे शिवभक्त, 'हर-हर महादेव' से गूंज उठा वातावरण

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** सावन का पावन तीसरा सोमवार... छोटी काशी गोला में सूरज की पहली किरण के साथ ही शिवभक्ति की गंगा बह निकली। जयकारों की गूंज, कांवड़ियों की टोलियां, रंग-बिरंगी भगवा पताकाएं और भक्ति से सराबोर वातावरण ने पूरे नगर को शिवमय कर दिया। लेकिन दृश्य तब अलौकिक बन गया जब जिले की कमान संभालने वाली डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल स्वयं कांवड़ियों के स्वागत में फूल लेकर खड़े दिखाई दी।

फूलों की बारिश में नहाए कांवड़िए..

शिवम तिराहा पर बनाए गए मंच से जैसे ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दोनों हाथों से फूलों की वर्षा की, पलकें नम हो गईं, चेहरों पर भक्ति मुस्काई और श्रद्धा ने मानो आकार ले लिया। नगर



पालिका परिषद गोला विजय शुक्ला रिंकू, विधायक प्रतिनिधि मोंटू गिरी, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने भी उनके साथ मिलकर श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। शिवभक्तों ने तालियों की गूंज और ₹बोल बम₹ के नारों से स्वागत किया। इस दौरान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार भीमसेन सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**...जब डीएम बनी पदयात्री** – शिवभक्ति की व्यवस्था जांचने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कांवड़ मार्ग पर पैदल चलकर रूट डायवर्जन, जल सेवा, बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम और चिकित्सा और खोया पाया केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशासनिक मशीनरी 24x7 मोड में दिखी। डीएम ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा हमारा कर्तव्य है। गोला में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं और लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल पूरी तत्परता से जुटा है। हमारा प्रयास है कि श्रद्धालु शांतिपूर्वक और सुरक्षित यात्रा पूरी करें।

**खोया मासूम... ममता बनीं डीएम**

गोला दर्शन में बिछड़ा छात्र, खोया-पाया केंद्र पहुंचा तो डीएम ने थामा हाथ, बिठाया, खिलाया-पिलाया, परिजनों से मिलवायाश्रावण मास में सोमवार को शिवधाम गोला दर्शन के लिए आए परिषदीय विद्यालय सैधरी के छात्र आलोक कुमार (पुत्र सुभाष) अपने बाबा से बिछड़ गया। भीड़ में अकेला हुआ मासूम रोते-रोते मंदिर परिसर में भटकने लगा। मौके पर मुस्तैद प्रशासनिक टीम ने उसे तुरंत खोया-पाया केंद्र पहुंचाया, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल स्वयं मौजूद थीं।

# बीसी संचालक से लूट के मामले में नौ बदमाश गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पढ़ुआ खीरी।** लखीमपुर खीरी में पढ़ुआ क्षेत्र के निवासी बीसी संचालक से दिनदहाड़े चाकू मारकर लूट मामले में पुलिस ने सोमवार को खुलासा किया। टीम ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट की रकम बाइक और तमंचा बरामद किया है। बीते मंगलवार को बीसी संचालक अमित कुमार अपने सेंटर पहडियापुर गांव जा रहा था। रास्ते में तुलसीरामपुरवा के पास बदमाश उसे चाकू मारकर चार लाख रुपयों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए।

एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर एएसपी पवन गौतम, सीओ शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ,निरीक्षक अपराध गंगाप्रसाद ने पुलिस की छह टीमें बनाई गईं। स्वाट टीम प्रभारी अजय प्रकाश यादव भी अपनी टीम के साथ जब लूट के आरोपियों की तलाश में जुटे थे। मोबाइल फोन लोकेशन व सीसीटीवी



फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोनू निवासी हैदरगंज लखनऊ, मोहम्मद मुस्तकीम निवासी बड़ागांव शारदानगर, शमशुद्दीन निवासी मझरी करिंदा लहरपुर सीतापुर, दीपू कश्यप, कुलदीप सिंह, अमित सिंह निवासी उर्रा थाना फूलबेहड़, नीरज पासी निवासी ईदईपुरवा शारदानगर, अमित कुमार त्रिवेदी निवासी कुटी डिहुआ, दीपक तिवारी निवासी संकल्पा थाना धौरहरा को गिरफ्तार किया। आरोपियों का साथी राजू निवासी बड़ागांव फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने दो लाख 15 हजार रुपये, ट्रांजेक्शन मशीन, ग्राहकों की पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, चेकबुक आदि सामान बरामद किया। सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि लूट के नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# बैरिया से निकली विशाल कांवड़ यात्रा में शामिल हुए पांच सौ कांवरिए

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**ढखेरवा-खीरी।** ग्राम पंचायत बैरिया से पूर्व प्रधान अनवर अली के नेतृत्व में निकली कांवड़ यात्रा में शामिल कांवरिया भक्त सावन माह के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक के लिए ग्राम पंचायत बैरिया से पूर्व प्रधान अनवर अली के नेतृत्व में रविवार शाम पवित्र सरयू नदी से जल लेकर निकली विशाल कावड़ यात्रा में करीब पांच सौ कांवरिया भक्त शामिल होकर भगवान शिव का जय घोष किया।

यह कांवड़ यात्रा में शामिल सभी कांवरिया भक्त सोमवार को लिलौटी नाथ शिव मंदिर और देवकली धाम स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। रथ पर सवार शिव पार्वती की झांकी के साथ डीजे की धुन पर निकली यह विशाल कांवड़ यात्रा काफी आकर्षक रही। पूर्व प्रधान अनवर अली के नेतृत्व में निकलने वाली यह 15वीं कावड़ यात्रा बताई जा रही है। इसके अलावा रविवार और सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में कावड़ यात्राएं गाजे-बाजे के साथ गोला गोकर्णनाथ, लिलौटी नाथ, देवकली धाम और जंगली नाथ आदि शिव मंदिरों के लिए निकली है।

## एक नजर

### जन्मजात कटे होंठ और तालू के बच्चों के लिए फ्री उपचार

**बाराबंकी।** जनपद में जन्मजात कटे होंठ व कटे तालू से पीड़ित बच्चों के लिए 1 अगस्त से 6 अगस्त तक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से संचालित होंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश यादव ने बताया कि पंजीकरण के बाद मरीजों का इलाज लखनऊ के हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर व सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, गोमती नगर में डॉ. वैभव खन्ना, प्लास्टिक सर्जन द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि, एक अगस्त को सिरौलीगौसपुर, दरियाबाद, टिकैतनगर, सिरौलीगौसपुर, दो अगस्त को रामनगर, आरएस घाट, सिद्धौर, सूरतगंज, रामनगर, चार अगस्त को हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज, हैदरगढ़, पांच अगस्त को देवा, फतेहपुर, हरख, निंदूरा, बंकी, बड़ागांव, ऑफिस, कमरा नंबर 19, छह अगस्त को छूटे हुए मरीजों के लिए, कमरा नंबर 19 में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

### असंद्रा पुलिस की बड़ी कामयाबी

**बाराबंकी।** असंद्रा पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी में बड़ी सफलता पाई है। पुलिस टीम ने करीब 2.30 लाख रुपये मूल्य के 20 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बाराबंकी के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई।

## कुर्सी-देवा मार्ग पर दर्दनाक हादसा

**निंदूरा, बाराबंकी।** रविवार रात कुर्सी-देवा मार्ग पर एक ढाबे के पास उस समय अफरातफरी मच गई, जब तेज रफ्तार पिकअप और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में 60 वर्षीय महिला का हाथ कटकर अलग हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, घुंघटेर थाना क्षेत्र के साहपुर बकसोलिया निवासी फूलमती पत्नी सुदर्शन अपनी बेटी के यहां सलारपुर, देवा में गुड़िया लेकर त्योहार मनाने गई थीं। रविवार रात वह ऑटो से घर लौट रही थीं कि तभी कुर्सी-देवा मार्ग पर स्थित एक ढाबे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फूलमती का हाथ पिकअप में फंसकर अलग हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

भक्ति भावना | बाबा टेढ़ेनाथ पौराणिक शिव मंदिर की महिमा

# अनोखा मंदिर...जहां कावड़ियों ने देखा था चमत्कार! अर्जुन ने की थी स्थापना

**विश्ववार्ता ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा**

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। गोमती नदी के तट पर बना हुआ टेढ़ेनाथ काफी प्रसिद्ध मंदिर है। यहां पर दूर-दराज से भक्तगण भक्ति भावना से आते हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है और कांवड़ियों के जत्थे यहां जलाभिषेक और जयघोष करते देखे जा सकते हैं। सावन भर यहां चलने वाले मेले में भक्तों का तांता लगा रहता है।

पौराणिक शिव मंदिर मान्यता है कि इस मंदिर की स्थापना महाभारत काल में की गई थी। आज यह जिले का सबसे प्रसिद्ध शिव मंदिर माना जाता है। सावन माह में लाखों की संख्या में कांवरिये शिव मंदिर पहुंचते हैं। भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। टेढ़े नाथ शिव



मंदिर की स्थापना महाभारत काल में अर्जुन ने की थी। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि यहां जलाभिषेक करने के बाद मांगी हुई मन्नत पूरी हो जाती है।इसलिए लगातार मंदिर की मान्यता बढ़ती ही जा रही है। यहां पर लोग अपने बच्चों के मुंडन और अन्नप्राशन जैसे संस्कार करवाने के लिए भी आते हैं।

**क्यों कहा जाता है टेढ़े नाथ मंदिर ?**

पौराणिक काल की बात है कि मंदिर परिसर में सात कांवड़ियां आए। उस समय यहां का शिवलिंग लुढ़का हुआ था। कावड़ियों ने कहा कि अगर शिवलिंग रात भर में सीधा हो जाएगा तो गोला शिव मंदिर जलाभिषेक करने नहीं जाएंगे। इसी मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। इसमें चारकावड़ियों ने जलाभिषेक कर दिया और तीन ने नहीं किया। सुबह आधा शिवलिंग सीधा हुआ। वहीं, आधा शिवलिंग टेढ़ा रहा। इस कारण मंदिर का नाम बाबा टेढ़े नाथ रखा गया।

**कैसे पहुंचें मंदिर** – जिला मुख्यालय से मोहम्मदी के लिए बस द्वारा जाया जाता है।इसके बाद मोहम्मदी से निजी टैक्सी व कहीं-कहीं तांगे भी टेढ़े नाथ मंदिर के लिए मिल जाते हैं।यहां आप अपने निजी वाहन से जाना चाहते हैं तो अमीन नगर होते हुए भी आप टेढ़े नाथ मंदिर पहुंच सकते हैं। जो भी टेढ़े नाथ शिव मंदिर की कहानी सुनता है, हैरान रह जाता है।दूर-दूर से लोग इस मंदिर में पूजा-पाठ के लिए पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी प्रेमचंद गिरि ने बताया कि बाबा टेढ़ेनाथ के शिव मंदिर में शिव ¨लग की स्थापना धर्मराज युधिष्ठिर ने की थी और मंदिर महाभारत काल का बताया जाता है। उस समय यहां पर घना जंगल हुआ करता था, जहां राजा विराट की गायें चरा करती थीं। इस विशालकाय क्षेत्र को पड़ेहार क्षेत्र भी कहते हैं। पुजारी प्रेमचंद गिरि ने बताया कि वह अपनी सातवीं पीढ़ी के पुजारी हैं। शुरुआत से उनके वंशज ही पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। मंदिर की मान्यता जिले में दूर-दूर तक है। यहां पर लोग अपने बच्चों के मुंडन या अन्नप्राशन इत्यादि के संस्कार भी कराते हैं। पुजारी प्रेमचंद गिरि बताते हैं कि पौराणिक काल की बात है कि मंदिर परिसर में सात कांवड़िया आए। उस समय यहां का शिवलिंग लुढ़का हुआ था। कावड़ियों ने कहा अगर शिवलिंग रात भर में सीधा हो जाएगा तो गोला शिव मंदिर जलाभिषेक करने नहीं जाएंगे और इसी मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। इसमें चार कांवड़ियों ने जलाभिषेक कर दिया और तीन ने नहीं किया। सुबह आधा शिवलिंग सीधा हुआ, शेष तीन के न करने पर आधा शिवलिंग टेढ़ा रहा।

## संपादकीय

# ई-कचरा उत्पादक

भारत में बढ़ता ई-कचरा या ई-वेस्ट गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक कचरा या ई-कचरा दरअसल बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का वेस्ट है। राज्यसभा में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का हवाला देकर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक ई-कचरे के उत्पादन में क्रमिक वृद्धि हुई हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसमें कमी आई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इसमें मामूली वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश में 13 लाख 97 हजार मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ। इससे पहले 16 दिसंबर 2024 को सरकार ने राज्यसभा में बताया था कि पिछले पांच वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उत्पादन में भारी वृद्धि देखी गई जो 2019-20 में 1.01 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़कर 2023-24 में 1.751 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है। राष्ट्रीय स्तर के आंकड़े 2019-20 से ई-कचरा उत्पादन में चिंताजनक 72.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं जो देश भर में इलेक्ट्रॉनिक और बिजली उपकरणों के बढ़ते उपयोग को दर्शाता है। स्मार्टफोन और लैपटॉप से लेकर उन्नत औद्योगिक और चिकित्सा उपकरणों तक. तकनीक आर्थिक विकास, कनेक्टिविटी और नवाचार की रीढ़ बन गई है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर इस बढ़ती निर्भरता का नुकसान भी है जिसे इलेक्ट्रॉनिक कचरे के रूप में जाना जाता है। भारत में 95 फीसदी कचरे का उचित निस्तारण नहीं दुनिया के शीर्ष ई-कचरा उत्पादकों (चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और जर्मनी) में शुमार भारत के सामने ई-कचरे के प्रबंधन की एक कठिन चुनौती है। भारत में ई-कचरे की मात्रा छह वर्षों में 151.03 फीसदी बढ़कर 2017-18 में 7 लाख 8 हजार 445 मीट्रिक टन से बढ़कर 2023-24 में 17 लाख 78 हजार 400 मीट्रिक टन हो गई जिसमें 1 लाख 69 हजार 283 मीट्रिक टन की वार्षिक वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-कचरा उत्पादक है। यहां उत्पन्न होने वाले लगभग 95 फीसदी ई.कचरे को या तो जला दिया जाता है या लैंडफिल में फेंक दिया जाता है। तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण के साथ यह संख्या और भी बढ़ेगी और साथ ही स्वास्थ्य को ख़तरा पैदा करने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ेगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ई-कचरा दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ते ठोस अपशिष्ट स्रोतों में से एक है। 2022 में वैश्विक स्तर पर अनुमानित 62 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न हुआ। केवल 22.3 का ही का ही औपचारिक रूप से संग्रहण और रिसाइकिल किया गया। चिंता की बात यह है कि सीसा एक सामान्य पदार्थ है जो पर्यावरण में तब उत्सर्जित होता है जब ई-कचरे को खुले में जलाने सहित अनौपचारिक गतिविधियों के माध्यम से पुनर्चक्रित, संग्रहीत या डंप किया जाता है। अनौपचारिक ई-कचरा निस्तारण के कई प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभाव हो सकते हैं। बच्चे और गर्भवती महिलाएं विशेष रूप से असुरक्षित हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि दुनिया भर में अनौपचारिक रिसाइकिल क्षेत्र में काम करने वाली लाखों महिलाओं और बाल श्रमिकों को खतरनाक ई-कचरे के संपर्क में आने का खतरा हो सकता है। उत्पादन.रिसाइकिल में बड़ा गैप. पांच गुना अंतर आ चुका संयुक्त राष्ट्र के चौथे वैश्विक ई-कचरा मॉनिटर के अनुसार दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक कचरे का उत्पादन इसकी रिसाइकिलिंग की तुलना में पांच गुना तेज़ी से बढ़ रहा है। 2022 में रिकॉर्ड 62 मिलियन टन ;ई-कचरा उत्पन्न हुआ जो 2010 से 82 फीसदी अधिक है। 2030 में 32 फीसदी और बढ़कर 82 मिलियन टन होने की संभावना है जिससे अरबों डॉलर मूल्य के रणनीतिक रूप से मूल्यवान संसाधन बर्बाद होंगे। दुनिया भर में ई-कचरे का वार्षिक उत्पादन 26 लाख टन की दर से बढ़ रहा है जो 2030 तक 8.2 करोड़ टन तक पहुंचने की संभावना है।

## कटाक्ष

हसन जैदी




# 2023-24 की कृषि रिपोर्ट : एक चिंताजनक संकेत


विनोद के. शाह

**देश में वर्ष 2023-24 में लगभग 230 मिलियन टन दूध का उत्पादन के साथ देश विश्व उत्पादकता में सर्वोच्च शिखर पर रहा है। लेकिन उत्पादक किसान दूध न देने की स्थिति में पशुओं को लावारिश छोड देते है या कत्लखानो को बेच देते है। दोनो ही स्थितियों में पशु कत्लखानों में पहुँचाये जा रहे है। वर्ष 2022-23 में देश का कुल मांस उत्पादन लगभग 9 मिलियन टन रहा। इसमें चिकन, मटन, बीफ, पोर्क आदि शामिल हैं, जिसमें पोल्ट्री सेक्टर सबसे तेजी से बढ़ रहा है।**

भारत सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय की जारी 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि पिछले एक दशक में देश में दुग्ध उत्पादन और अनाज की हिस्सेदारी में गिरावट आई है, जबकि मांस, मछली और मुर्गीपालन के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। यह आंकड़े नीति-निर्माताओं के लिए शायद आर्थिक सफलता का संकेत हो सकते है, लेकिन यह आंकडे देश की नैतिकता एंव उसके सांस्कृतिक मूल्यो पर प्रहार भी करते है। भारत के लिए विकास मात्र जीडीपी की वृद्धि नहीं है। हमारे लिए विकास का मतलब — करुणा, संस्कृति और आत्मिक संतुलन के साथ उसके बसिंदो की आत्मिक शांति से भी जुडी है। यदि हम भोजन की थाली में केवल प्रोटीन के नाम पर पशुबलि को बढ़ावा देने लगें, तो यह केवल जीवों के जीवन पर ही नहीं ब्लकि भारत की आत्मा पर भी गहरी चोट होगी। सात्विकता के बजाये तासमिकता पर बडना एक निरोग काया के जीवन को रोगी बनाना भी है। भारत की ऐतिहासिक पहचान शाकाहारी संस्कृति से जुड़ी रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक युग तक, भारतीय आहार प्रणाली में शाकाहार को श्रेष्ठ और सात्त्विक माना गया है। आयुर्वेद, योग और अध्यात्म में शाकाहार को आवश्यक माना गया है क्योंकि यह शरीर और मन दोनों को संयमित और शांत करता है। महावीर और बुद्ध जैसे महापुरुषों ने मांसाहार को केवल आहार का दोषित विषय नहीं, बल्कि हिंसा का स्रोत माना। उन्होंने जीवों के जीवन के अधिकार को सवोच्चता पर रखा है। क्या आज का भारत उस नैतिक दिशा से भटक गया है? आज जब सरकार मांस और मछली उद्योग को ₹निर्यात₹ और ₹रोजगार₹ के नाम पर बढ़ावा देती है, तो यह केवल एक आर्थिक रणनीति नहीं, बल्कि एक शर्मनाक सांस्कृतिक पहचान दिलाने को कोशिश हो रही है। जो कि देश की सांस्कृतिक विरासत पर कालिख लगाने का कार्य करेगी। सवाल यह भी है कि क्या विकसित अर्थव्यवस्था के नाम पर हम करुणा को बेच सकते हैं? क्या मुनाफे के लिए हम निर्दोष जीवों के जीवन को लील सकते हैं? क्या भारतीय संस्कृति इतनी कमजोर हो गई है कि वह अब अपनी आत्मा को बाजार में गिरवी रख दे? आज जिस तरह पशुपालन को मांस उत्पादन का औजार बना दिया गया है, वह केवल एक आर्थिक परिवर्तन नहीं — एक नैतिक संकट है। गाय, बकरी, मुर्गी, मछली — जिन्हें कभी हम पालतू, पवित्र या जीवमात्र समझते थे, वे अब मात्र व्यापारिक उपभोग की वस्तु बन चुकी हैं। यह मानसिकता उस भारत के मूल विचार से विपरीत है जिसमें हर जीव को ब्रह्म का अंश माना गया है। भारत की जनता एक ओर गंगा को माँ कहकर उसका पूजन करती है, गाय को मातृरूपा कहती है, तो दूसरी ओर मांस और मछली के व्यापार को खुलेआम स्वीकार भी कर रही है। यह दोहरापन न केवल विडंबना है, बल्कि देश की आत्मा को धोखा देने की साजिश रचती दिखाई देती है। अमेरिकी प्रशासन जिस कृषि उत्पाद के नाम पर दुग्ध उत्पादो को देश में खपाना चाहेता है,दरअसल वह उन मासाहारी गाय के उत्पाद जिन्हे खुराक में सुअर सहित अन्य जानवरो का मास एंव चर्बी खिलाई जाती है। इन गाय के दूध से बनने वाले घी,पनीर,आइसक्रीम एंव चाकलेट को हिन्दुस्थान की जनता कभी भी स्वीकार नही सकती है। इस बढ़ते मांसाहार का असर केवल संस्कृति पर नहीं, बल्कि युवाओं की मानसिकता और स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान दोनों मानते हैं कि मांसाहार क्रोध, उत्तेजना, बेचैनी और अवसाद जैसे मानसिक विकारों को जन्म देता है। जब एक समाज का भोजन ही हिंसा पर आधारित हो जाए, तो उसका आचरण, व्यवहार और सामाजिक ताना-बाना भी कठोर, असंवेदनशील और हिंसक हो जाता है। देश में शाकाहारी उत्पादों में नवाचार और निवेश को बढ़ाकर किसानों को भी समृद्ध करना चहिए। सोया, दालें, मिलेट्स, हर्बल उत्पाद, दुग्ध उत्पाद, जैविक खेती जैसे क्षेत्रों में असीम संभावनाएं हैं। देश का किसान खेती के साथ दुग्ध उत्पादन एक असीम संभावना के साथ कर सकता है। बशर्ते उसे आर्थिक मदद के साथ प्रंस्करण हेतु सरकार का संपूर्ण सहयोग मिलते रहना चहिए। लेकिन दुर्भाग्यवश नीति निर्माताओं का ध्यान मांस-व्यापार जैसे अल्पकालिक लाभ पर अधिक केंद्रित है। भारत की पहचान उसकी आत्मा, उसकी करुणा और उसकी जीवन दृष्टि से है। यदि हम उस करुणा को त्याग देंगे, यदि हम जीवों के प्रति संवेदनहीन हो जाएंगे, तो फिर भारत केवल एक बाजार बनकर रह जाएगा — संस्कृति नहीं। देश में वर्ष 2023-24 में लगभग 230 मिलियन टन दूध का उत्पादन के साथ देश विश्व उत्पादकता में सर्वोच्च शिखर पर रहा है। लेकिन उत्पादक किसान दूध न देने की स्थिति में पशुओ को लावारिश छोड देते है या कत्लखानो को बेच देते है। दोनो ही स्थितियो में पशु कत्लखानो में पहॅुचाये जा रहे है। वर्ष 2022-23 में देश का कुल मांस उत्पादन लगभग 9 मिलियन टन रहा। इसमें चिकन, मटन, बीफ, पोर्क आदि शामिल हैं, जिसमें पोल्ट्री सेक्टर सबसे तेजी से बढ़ रहा है। भारत भैंस के मांस का सबसे बड़ा निर्यातक है चीन, वियतनाम, मलेशिया, जैसे देश से भारत सर्वोच्च स्थान पर है। लेकिन यह प्रतिस्पर्धा देश के स्वाभिमान एंव आर्दश पर खरी नही उतरती है। देश में प्रोटीन के लिए मांस और अंडों की मांग में वृद्धि, पोल्ट्री और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी और आसान ऋण की उपलब्धता,पोल्ट्री फार्म 40-45 दिन में लाभ देने लगता है। जबकि दूध उत्पादन में समय अधिक लगता है। भारतीय संस्कृति में गाय, बैल सहित सभी पशुओ इश्वरीय वाहन का दर्जा दिया जाता हैं। देश की संस्कृति जियो एंव जीने दो की रही है। अधिक मांस से मोटापा, हृदय रोग, डायबिटीज के खतरे है। बाहरी देश शाकहार को बढावा दे रहे है। यदि मांस उद्योग को प्रोत्साहित किया जाता रहा, तो दूध उत्पादक किसान प्रभावित होंगे। भारत में अभी भी दूध उत्पादन मांस की तुलना में कई गुना अधिक है। लेकिन यदि मांस उद्योग को अनियंत्रित रूप से बढ़ाया गया, तो यह हमारी संस्कृति, पर्यावरण और नैतिकता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। देश को अवश्य है कि दुग्ध क्षेत्र सशक्त बने,शाकाहारी कृषि में नवाचार के अधिकाधिक प्रयोग किए जाए,नीति-निर्माण में संवेदना और संतुलन को प्राथमिकता मिलते रहे। यह एक चिंता नहीं, एक आह्वान है — हर उस भारतीय से जो अपनी संस्कृति से प्रेम करता है, हर उस युवा से जो भारत की आत्मा को जीवित देखना चाहता है, हर उस नीति-निर्माता से जो भारत को केवल विकसित ही नहीं, संस्कृति और करुणा से समृद्ध भी देखना चाहता है। देश अंहिसा,करुणा की संस्कृति को अक्षुण्य रख पाए। आओ दूध एंव शाकाहार के निर्यात में हम एक सर्वोच्च पहचान कायम करने का प्रयास करे।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

# मतदाता सूची मामले में देश को गुमराह कर रहा विपक्ष


डॉ. आशीष वशिष्ठ

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाया गया विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पूरा हो चुका है। बिहार विधानसभा से लेकर संसद तक एसआईआर का विरोध जारी है। हालांकि विपक्ष के तीखे विरोध के बीच चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर बिहार तक ही सीमित नहीं रहेगा। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। सिर्फ असम में भाजपा सरकार है। शेष राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वे अभी से चौकन्नी हो गई हैं और एसआईआर को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना देना चाहती हैं। वास्तव में विपक्ष रणनीति के तहत एसआईआर पर देशवासियों को गुमराह कर रहा है। सड़क से संसद तक वो एसआईआर का विरोध कर रहा है, और चुनाव आयोग पर अमर्यादित बयानबाजी से लेकर आरोप तक लगा रहा है। जबकि तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि बिहार में एसआईआर का विरोध कर रही पार्टियों ने भी अपने बूथ लेवल एजेंट यानी बीएलए को बढ़-चढ़कर काम में लगाया था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 23 जून को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के पहले कांग्रेस ने केवल 8586 बीएलए लगाए थे। लेकिन 25 जुलाई को प्रक्रिया समापन के वक्त कांग्रेस के 17549 बीएलए नियुक्त रहे। कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करने के बावजूद इसके लिए 105 फीसदी बीएलए बढ़ाए। भाजपा के 53338 बीएलए प्रकिया का हिस्सा बने। राष्ट्रीय जनता दल के 47506 बीएलए प्रक्रिया में शामिल हुए। जनता दल यूनाइटेड के 36550 बीएलए शामिल हुए। लेफ्ट पार्टियों ने एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत में दिलचस्पी नहीं दिखाई लेकिन आखिर तक इन पार्टियों ने भी बीएलए की संख्या बढ़ाई। बिहार में 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कुल 1 लाख 60 हजार 813 बीएलए गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बने। किसी तरह की अनियमितता होने पर विपक्षी दलों के कार्यकर्ता तुरंत अपना विरोध कर सकते हैं, लेकिन अब तक एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है जहां विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने इसकी शिकायत की हो। केवल विपक्ष के नेता ही इस तरह की बात कर सनसनी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष का असली चेहरा और चरित्र यही है। वो एक और देशवासियों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं की साख को धूमिल करने का कुकृत्य करता है, तो वहीं दूसरी और कानून प्रक्रियाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लेता है। बिहार ही नहीं देशभर में फर्जी और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के मांग राजनीतिक दल समय समय पर उठाते रहे हैं। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के 99.8 फीसदी यानी 7.23 करोड़ मतदाता इस रिवीजन प्रक्रिया में कवर हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि पुनरीक्षण में बिहार में कम से कम 61 लाख मतदाताओं के नाम कट सकते हैं। इसमें 21.6 लाख मतदाताओं का निधन हो चुका है। 31.5 लाख मतदाता स्थाई तौर पर दूसरे स्थानों-शहरों में बस गए हैं। हैं। लगभग सात लाख मतदाताओं के नाम दो स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज हैं। बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव चुनाव बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं। हालांकि देश की राजनीति के लिए यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी राजनीतिक दल ने चुनाव बहिष्कार की धमकी दी हो। इससे पहले भी जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के राज्यों में अनेक बार कुछ राजनीतिक दलों और अतिवादी संगठनों ने चुनाव के बहिष्कार की धमकी दी। आपातकाल के बाद भी प्रमुख विपक्षी दलों ने चुनाव के बहिष्कार करने की बात की थी। हालांकि इसके बावजूद वहां चुनाव हुए और उन सभी लोगों ने चुनाव में हिस्सा भी लिया और जीत हासिल की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर का मुद्दा अपनी स्टाइल में उठा रहे हैं। वो केंद्र की बीजेपी सरकार पर 'वोटों की चोरी' का आरोप लगा रहे हैं। वोटिंग में गड़बड़ी का इल्जाम तो राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से ही लगाने लगे थे, लेकिन अब ज्यादा जोरदार तरीके से उसे उठा रहे हैं। राहुल गांधी महाराष्ट्र और कर्नाटक में वोटिंग में गड़बड़ी के आरोप लगा रहे हैं, लेकिन बाकी चुनावों के मामले चुप्पी साध लेते हैं। राहुल गांधी पिछले कई दिनों से चुनाव आयोग पर तल्ख, अमर्यादित और अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। आयोग पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। असल में राहुल गांधी चुनाव आयोग और चुनाव मशीनरी को दबाव में लेना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुले मंच से यह घोषणा कर चुकी हैं कि वे बंगाल में एसआईआर नहीं होने देंगी। विपक्ष के कई दूसरे नेता भी एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जो लोकसभा चुनाव के दौरान मोहब्बत की दुकान, संविधान की रक्षा और संविधान की कॉपियां लेकर देशभर में घूमते थे। और भाजपा पर संविधान विरोधी होने और संविधान बदलने का आरोप लगाते थे। यही इनका मूल चरित्र है। 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने भाजपा के सत्ता में आने के बाद 'संविधान बदलने का खतरा' होने का मुद्दा उठाया था। इससे कांग्रेस को अच्छी सफलता मिली थी। उसी तरह विपक्ष लोगों के बीच वोट खोने का डर और चुनाव में गड़बड़ी का मुद्दा उठाकर बढ़त हासिल करना चाहता है। इससे वह सत्ता पक्ष पर दबाव बनाने के साथ-साथ जनता के बीच अपनी पकड़ भी मजबूत करना चाहता है। यदि जनता के एक प्रतिशत लोगों के मन में भी अपना 'वोट खोने का डर' पैदा हो जाता है तो इससे पूरा चुनावी गणित बदल सकता है।

## कविता


जया आनंद

### धरती

धरती नेह से
लरजती है संवरती है
उपजाती है सरस जीवन,
सहन करती है बोझ
उपेक्षा का,
घृणा का
और अति होने पर
कम्पित हो
जता देती है अपना आक्रोश
नहीं अब और नहीं

# आस्था से आगे : नाग पंचमी का वैज्ञानिक और मानवीय पक्ष



प्रो. आरके जैन

भारत की पावन भूमि, जहां संस्कृति और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम हर पर्व में जीवंत हो उठता है, वहां नाग पंचमी का पर्व एक ऐसी मणि है जो प्रकृति, परंपरा और मानवता के बीच गहरा तालमेल बिठाती है। यह पर्व, जो श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है, केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान, जैविक संतुलन और सह-अस्तित्व की भावना का जीवंत प्रतीक है। जब सावन की हरियाली धरती को नया जीवन देती है, तब नाग पंचमी का यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि हमारी संस्कृति में हर जीव, चाहे वह सर्प हो या कोई अन्य प्राणी, इस सृष्टि की विशाल श्रृंखला का अभिन्न अंग है। यह पर्व न केवल हमारे धार्मिक विश्वासों को दर्शाता है, बल्कि सामाजिक एकता, पर्यावरण संरक्षण और नैतिक मूल्यों को भी जीवंत करता है। नाग पंचमी का महत्व भारतीय संस्कृति के प्राचीन ग्रंथों, पुराणों और शास्त्रों में गहराई से समाया हुआ है। स्कंद पुराण, भविष्य पुराण और नारद पुराण जैसे ग्रंथों में इस पर्व का उल्लेख मिलता है, जहां नागों को प्रकृति की रक्षा करने वाली शक्ति और धरती की उर्वरता का प्रतीक माना गया है। भारत में नागों को केवल एक सर्प नहीं, बल्कि दैवीय शक्ति का प्रतीक माना जाता है। भगवान शिव के गले में लिपटे वासुकि नाग और भगवान विष्णु के शेषनाग पर शयन करने की कथाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि भारतीय संस्कृति में नागों को ईश्वरीय और आध्यात्मिक महत्व प्राप्त है। यह विश्वास कि नागदेवता का आशीर्वाद सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति और संतान सुख प्रदान करता है, इस पर्व को और भी विशेष बनाता है। नाग पंचमी की परंपराएँ भारतीय समाज की गहरी संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति आदर को दर्शाती हैं। इस दिन लोग अपने घरों के मुख्य द्वार, दीवारों या पूजा स्थलों पर गेरुए से नाग की आकृति बनाते हैं। मिट्टी, गोबर या धातु से बनी नाग प्रतिमाओं की पूजा दूध, लड्डू, फूल, हल्दी और कुमकुम से की जाती है। कुछ क्षेत्रों में जीवित सर्पों को भी दूध चढ़ाने की प्रथा है, हालांकि आधुनिक समय में यह प्रथा विवादास्पद रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, सर्प दूध नहीं पीते, और यह प्रथा उनके लिए हानिकारक हो सकती है। फिर भी, इस प्रथा के पीछे की भावना प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति सम्मान और संरक्षण की है। ग्रामीण भारत में, जहां खेती और भूमि से गहरा नाता है, नागों को धरती की उर्वरता और जल संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अनुसार, सर्प खेतों में चूहों जैसे कीटों को नियंत्रित कर फसलों की रक्षा करते हैं, जिससे प्रत्यक्ष रूप से 20-30% तक फसल नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। इस प्रकार, नाग पंचमी का पर्व न केवल धार्मिक, बल्कि वैज्ञानिक और पर्यावरणीय महत्व भी रखता है। महाभारत में वर्णित एक कथा इस पर्व की ऐतिहासिक और धार्मिक पृष्ठभूमि को और गहराई देती है।

### 29 जुलाई : नाग पंचमी पर्व

कहा जाता है कि महर्षि जनमेजय ने अपने पिता परीक्षित की मृत्यु का बदला लेने के लिए सर्प यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सभी सर्पों का विनाश होने वाला था। लेकिन आस्तिक मुनि ने अपनी तपस्या और बुद्धिमत्ता से इस यज्ञ को पंचमी तिथि पर रोक दिया, जिससे सर्पों की रक्षा हुई। इस घटना के स्मरण में नाग पंचमी को सर्पों के संरक्षण और अहिंसा का प्रतीक माना गया। यह कथा हमें करुणा, सहिष्णुता और सभी जीवों के प्रति सम्मान की सीख देती है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हिंसा और विनाश के बजाय सह-अस्तित्व और संरक्षण ही सृष्टि के लिए हितकारी है। नाग पंचमी का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। यह पर्व विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक एकता का प्रतीक है। गाँवों में इस दिन मेलों का आयोजन होता है, जहां लोकगीत, नृत्य और नाटक आयोजित किए जाते हैं। महिलाएँ और बच्चे इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। विवाहित महिलाएँ अपने परिवार की सुख-शांति और संतान की रक्षा के लिए व्रत रखती हैं और प्राचीन लोककथाएँ सुनती-सुनाती हैं। इन कथाओं में 'ससुराल गई नागिन' और 'सांवरा नाग' जैसी कहानियाँ शामिल हैं, जो न केवल मनोरंजन करती हैं, बल्कि नैतिकता, पारिवारिक जिम्मेदारियों और प्रकृति के प्रति सम्मान की सीख भी देती हैं। ये परंपराएँ पीढ़ी-दर-पीढ़ी संस्कृति के हस्तांतरण का माध्यम बनती हैं। आधुनिक समय में, जब विज्ञान और तर्क का बोलबाला है, नाग पंचमी जैसे पर्व हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि परंपराएँ केवल रूढ़ियाँ नहीं, बल्कि उनमें गहरे वैज्ञानिक और सामाजिक संदेश छिपे हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सर्पों की 300 से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से कई प्रजातियाँ लुप्तप्राय हैं। अज्ञानता और भय के कारण सर्पों को मार दिया जाता है, जिससे जैव विविधता को नुकसान पहुँचता है। नाग पंचमी जैसे पर्व इस मानसिकता को बदलने का अवसर प्रदान करते हैं। यह हमें सिखाता है कि सर्प न तो हमारे शत्रु हैं और न ही अंधविश्वास का प्रतीक, बल्कि वे प्रकृति के संरक्षक हैं, जिनके बिना पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित हो सकता है। नाग पंचमी का एक और महत्वपूर्ण पहलू पर्यावरणीय जागरूकता है। यह पर्व हमें यह समझाता है कि मनुष्य इस सृष्टि का केंद्र नहीं, बल्कि प्रकृति का एक हिस्सा है। जब हम सर्प जैसे जीवों को पूजा और संरक्षण के योग्य मानते हैं, तब हम यह स्वीकार करते हैं कि हर प्राणी का इस धरती पर एक उद्देश्य है। पर्यावरण मंत्रालय की 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जैव विविधता के संरक्षण के लिए सर्पों का संरक्षण आवश्यक है, क्योंकि वे कीटों और छोटे कृन्तकों को नियंत्रित कर खाद्य श्रृंखला को संतुलित रखते हैं। इस प्रकार, नाग पंचमी का पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के महत्व को समझने की प्रेरणा देता है। आज के दौर में, जब शहरीकरण और आधुनिकता ने हमें प्रकृति से दूर कर दिया है, नाग पंचमी जैसे पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। यह हमें सिखाता है कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के साथ सामंजस्य में रहकर ही मानव समाज दीर्घकालिक समृद्धि और शांति की ओर बढ़ सकता है। यदि हम इस पर्व को केवल दूध चढ़ाने या व्रत रखने तक सीमित न रखकर इसके व्यापक संदेश को समझें, तो यह हमें अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बना सकता है। नाग पंचमी हमें यह सिखाती है कि हर जीव का सम्मान और संरक्षण ही वह मार्ग है, जो हमें प्रकृति के साथ तादात्म्य स्थापित करने की ओर ले जाता है। यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और पर्यावरणीय आह्वान है, जो हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को याद दिलाता है और एक संतुलित, समरस और समृद्ध समाज की नींव रखता है।

# भारत में गरीबी, भुखमरी चिंतनीय


संजीव ठाकुर

कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी भुखमरी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। भारत के विकास पर जनसंख्या का भारी दबाव है उस पर उसके संसाधन तथा उत्पादन के संतुलन में 141 करोड़ की जनसंख्या भारी पड़ती है। देश में इतनी बड़ी जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संसाधन बहुत ही सीमित और न्यून है, इन परिस्थितियों में देश को अपने उपलब्ध कृषि,जल, खनिज तथा अन्य संसाधनों का अधिकतम दोहन कर आर्थिक स्थिति को द्रुत गति से सुधारना होगा और निसंदेः इसके लिए हमें आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक एवं अन्य अनुसंधान का आवश्यक रूप से सहारा लेना होगा तब जाकर हमारी आर्थिक स्थिति का संतुलन जनसंख्या के अनुपात में समानुपातिक हो पाएगा और परिणाम स्वरूप गरीबी तथा भुखमरी से संपूर्ण रूप से ना सही पर काफी हद तक निजात पाई जा सकती है। सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब व्यक्ति झेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करना निर्धारित किया गया है। अनेक अर्थ शास्त्रियों ने अपने अलग अलग मत व सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं । कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता का हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है। जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया,अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन, कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 141 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है।

## एक नजर

### असलहों समेत चार शातिर चोर गिरफ्तार




सीतापुर। रामपुरकलां पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की आठ वारदातों के अनावरण का दावा किया है। पुलिस ने राजपाल पुत्र कल्लू कंजड़, अंकित रैदास उर्फ छोटू रैदास पुत्र रामखेलावन, शोभित सिंह उर्फ चिम्मन पुत्र देवेन्द्र उर्फ देवी कुमार व गौरव कंजड़ पुत्र गोविन्द निवासी मोहल्ला पूर्णागिरी श्यामनाथन थाना कोतवाली नगर को टेड़वा तिराहे के पास से गिर किया है। इनके पास से 10 हजार 900 रुपये, सात जोड़ी पायल, तीन जोड़ी बिछिया, तीन अंगूठी, चार सोने के कंगन, मंगलसूत्र, छपका, दो बोरी कटे हुए तार (सोलर पैनल) तथा 315 बोर तमंचा व कारतूस, दो 12 बोर असलहा, दो कारतूस, तीन तार कटर व दो आरी ब्लेड बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि 26 जुलाई की रात को सोलर प्लान्ट में तार की कटिंग कर चोरी की थी। इससे पूर्व 20 जुलाई को अंकित व शोभित ने ग्राम भीरापुरवा में रात्रि में चोरी की, करीब ढाई माह पूर्व रामपुरकलां के ग्राम तेदुंआ भौरी व करीब दो माह पूर्व सदरपुर के ग्राम कटुवापुरवा देवकलिया में चोरी की थी। अभियुक्त राजपाल व अंकित ने बताया कि 22 जुलाई को कमलापुर में मेडिकल स्टोर ग्राम रमपुरवा व किराना की दुकान से ग्राम रमपुरवा तथा ग्राम झरसौवां में दोनों ने चोरी की थी। अभियुक्त अंकित ने बताया कि करीब दो माह पूर्व को उसने अकेले ही सिधौली के गांधीनगर उत्तरी मोहल्ले मे चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उपरोक्ता चोरी के मामले रामपुर कलां, सिधौली, सदरपुर व कमलापुर में दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्त राजपाल शातिर एवम् अभ्यस्त किस्म का अपराधी है इसके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी, नकबजनी, मारपीट, अवैध शस्त्र व अवैध शराब जैसे दो दर्जन से भी अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने चोरी व बरामदगी तथा आर्म्स एक्ट के तहत चार अभियुक्तों को जेल भेजने की कार्यवाही की है।

### दो चोर गिरफ्तार जेवरात बरामद

सीतापुर। मानपुर पुलिस ने चोरी व नकबजनी जैसी घटनाओं में दर्ज मुकदमे में प्रकाश में आए नन्हूक पुत्र मलखे लोनिया निवासी भुड़पुरवा मजरा पिपरी बेनीसिंह थाना मानपुर व पेशे पासी पुत्र कढ़ले पासी निवासी दुधियापुर मजरा मानपुर थाना मानपुर को मुण्डेरी नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से मंगलसूत्र, मांगबेदी, मीना नथ, आठ बिछिया, दो जोड़ी पायल व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि करीब एक माह पूर्व रात्रि में घूरीपुर गांव में एक घर से आभूषण चोरी किये थे। गिरफ्तार अभियुक्त नन्हूक व पेशे पासी शातिर अपराधी तथा हिस्ट्रीशीटर भी हैं। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं के तहत कार्यवाही की है।

### डॉ. सुहेल वहीद बज्मे उर्दू सीतापुर के उपाध्यक्ष मनोनीत

सीतापुर। सेवानिवृत्त सहायक सूचना निदेशक डाक्टर सुहेल वहीद को बज्मे उर्दू सीतापुर में उपाध्यक्ष के पद पर मनोन किया गया है। इस बात का ऐलान करते हुए बज्मे उर्दू सीतापुर के संस्थापक अध्यक्ष मस्त हफीज रहमानी ने डॉ. सुहेल वहीद की सालगिरह के मौके पर ऐलान किया है कि प्रतिष्ठित अफसाना निगार व पत्रकार, फिक्शन राइटर तथा लखनवी तहजीब के अलमबरदार सीतापुर जिले की शान डॉक्टर सुहेल वहीद को उनके साहित्यिक योगदान तथा पत्रकारिता समेत अनेक योग्यताओं को देखते हुए बज्मे उर्दू सीतापुर का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

### आंख अस्पताल में लगाया गया नेत्र शिविर



लहरपुर सीतापुर। क्षेत्र के ग्राम गंगा दीन पुरवा में आंख अस्पताल सीतापुर के सौजन्य से आयोजित किया गया एक निशुल्क नेत्र शिविर। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को क्षेत्र के ग्राम गंगा दीन पुरवा में डॉ मोहम्मद अनीस के द्वारा आंख अस्पताल सीतापुर के सौजन्य से एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 70 नेत्र रोगियों ने अपना पंजीकरण कराया, आंख अस्पताल से आयी डॉ पारुल मिठास व उसकी टीम अनामिका, अमन वर्मा, पल्लवी, शाहनवाज हुसैन, दीप्ति, शिवांगी, विभव, कृपाल, नसीम गाजी, रामकिशोर शुक्ला आदि के सौजन्य से 70 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया। डॉ पारुल मिठास ने बताया कि 30 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है जिन्हें आंख अस्पताल की बस से सीतापुर आंख अस्पताल ऑपरेशन हेतु भेजा गया है। शिविर के आयोजक डॉ मोहम्मद अनीस ने बताया कि, नेत्र शिविर में ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उत्तम शर्मा, मोहम्मद उमर मोहम्मद जलीस ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

### पौधरोपण का किया गया आयोजन



लहरपुर सीतापुर। श्री रामलीला मैदान स्थित पक्का तालाब तीर्थ पर सोमवार को विधि विधान से पूजा अर्चना कर हरिशंकरी पौधों का किया गया रोपण। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को पालिका परिषद द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने हरिशंकरी पौधों का रोपण कर अभियान का शुभारंभ किया, उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र के सभी 25 वार्डों में हरिशंकरी पौधों का रोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिला अधिकारी आकांक्षा गौतम, क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर हरिशंकरी पौधों का रोपण किया, पंडित सत्यम अवस्थी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। भाजपा नेता वीरेंद्र पुरी ने हरिशंकरी पौधों के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से एक-एक पौधा अवश्य रोपित करने और रोपित किए गए पौधों को संरक्षित किए जाने की अपील की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद से पक्का तालाब तीर्थ की क्षतिग्रस्त सीढ़ियों की मरम्मत कराए जाने एवं क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने पक्का तालाब तीर्थ के सौंदर्यीकरण कराए जाने की बात कही, पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने बताया कि, सीढ़ियों की मरम्मत का कार्य शीघ्र ही करा दिया जाएगा और सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, मंजूरी मिलते ही पक्का तालाब तीर्थ का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अनूप राय, भाजपा नेता राजेश्वर रस्तोगी, विरेंद्रपुरी, रमेश बाजपेई, प्रमोद अवस्थी, देवेश अवस्थी, बद्री मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### जगह-जगह किया गया पौधारोपण



बिसवां सीतापुर। पालिका परिषद द्वारा द्वारा हरि संकरी पेड़ों के वृक्षारोपण के अभियान के तहत नगर के 25 वार्डों में हरि संकरी पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया जिसका शुभारंभ शीतला देवी मंदिर प्रांगण में क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा एमएलसी पवन सिंह नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी रेनू मल्होत्रा सहित तमाम लोगों ने विधिवत्त पूजा अर्चना के साथ वृक्षों का रोपण किया। **वहीं सिधौली संवाद सूत्र के अनुसार** कस्बे में आदर्श नगर पंचायत द्वारा हरिशंकरी पौधों का रोपण किया गया। हरिशंकरी पौधों के रोपण का कार्यक्रम बहादुरपुर मोहल्ले में स्थित अवन्ती बाई पार्क में किया गया। अवंतीबाई पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान रहे। हरिशंकरी पौधों के रोपण कार्यक्रम का संयोजन भाजपा मंडल महामंत्री उपेन्द्र त्रिपाठी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ने कहा कि वृक्षारोपण के पश्चात उनके पालन पोषण की जिम्मेदारी भी हम सभी को उठानी होगी। जिससे वे पुष्पित, पल्लवित होकर पर्यावरण संरक्षण के भागीदार बन सकें। इस दौरान उपजिलाधिकारी राखी वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव, किसान संघ के जिला महामंत्री सरस्वती सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, विद्यासागर शुक्ला, कृष्ण कुमार द्वारा भी हरिशंकरी पौधों का रोपण किया गया।

# सपा व भाजपा समेत छह उम्मीदवार वैध

## रिटर्निंग ऑफीसर ने आपत्तियों को किया निरस्त

**विश्ववार्ता संवाददाता**

सीतापुर। मिश्रिख-नैमिषारण्य नगर पालिका के अध्यक्ष पद के उपचुनाव में सोमवार को दिन बेहद गहमागहमी भरा रहा। भाजपा प्रत्याशी सीमा भार्गव ने सपा प्रत्याशी रामदेवी के नामांकन में दो आपत्तियां आरओ के पास दाखिल कीं। रामदेवी ने सभासद का चुनाव शांतिदेवी के नाम से लड़ा था जबकि अध्यक्ष पद के लिए उन्होंने अपना नाम रामदेवी बताया। इसके अलावा इनके पति बालकराम का वोटरलिस्ट में नाग बालक दर्ज है। इस आपत्ति के जवाब में सपा प्रत्याशी रामदेवी के पति ने शपथपत्र देकर बताया कि हमारे अन्य दस्तावेजों में नाम बालकराम दर्ज है वोटरलिस्ट में बालक दर्ज है यह हमारी त्रुटि नहीं है। रामदेवी ने सर्टिफाइड खतौनी जवाब में प्रस्तुत की जिसमें शांतिदेवी उर्फ रामदेवी अंकित था। आरओ को दिए गए जवाब में सपा प्रत्याशी ने स्वीकार किया कि दोनों रामदेवी व शांति देवी दोनों ही हमारे नाम हैं। जिसके बाद रिटर्निंग ऑफीसर शैलेंद्र कुमार मिश्र ने सपा प्रत्याशी के नामांकन को वैध करार दिया। सपा व भाजपा के अलावा निर्दलीय आकांक्षा वर्मा, रंजना, रामकली व सुमन देवी के नामांकन भी जांच के बाद वैध पाए गए। नामांकन पत्र की जांच के दौरान काफी देर तक उहापोह की स्थिति तब बनी रही जब सपा प्रत्याशी के नामांकन रद्द होने की अफवाहें फैलने लगीं। सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव ने बताया कि भाजपा का रिटर्निंग ऑफीसर पर दबाव था।




### आरओ न करें सत्तापक्ष के दबाव में काम

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने अधिकारिक पत्र जारी किया जिसमें उन्होंने कहा है कि मिश्रिख-नैमिषारण्य नगर पालिका उपचुनाव में सपा प्रत्याशी रामदेवी पत्नी बालकराम के नामांकन पत्र दाखिल किया है। सपा के नामांकन पत्र में सत्ता पक्ष के लोग हार के भय से पर्चा निरस्त करा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आरओ सत्ता पक्ष के दबाव में काम न करें।

## भाजपा संगठन के पदाधिकारियों को सौंपा गया जिम्मा

लहरपुर सीतापुर। नगर क्षेत्र के भाजपा संगठन के पदाधिकारीयों को सौपा गया दायित्व। जानकारी के अनुसार सोमवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विनीत जायसवाल ने भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला की सहमति से मंडल कार्य समिति के पदाधिकारियों की घोषणा की। रामेश्वर दयाल तिवारी, मनीष पाठक, कन्हैया गुप्ता, शिवम मिश्रा, श्रीमती आशा मौर्य और रामू राजवंशी को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया। देवेश अवस्थी और धर्मेंद्र पांडे को मंडल महामंत्री बनाया गया है। श्याम किशोर, सावित्री देवी, सूरज जायसवाल, श्रीमती निशा, कमलेश कुमार और रमेश कनौजिया को मंडल मंत्री और बंशीधर पाठक को मंडल का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नये पदाधिकारियों अधिकारियों की नियुक्ति पर पूर्व.विधायक सुनील वर्मा, राजेश्वर दयाल रस्तोगी, वीरेंद्र पुरी, मनोज गुप्ता, रामे बाजपेई, प्रमोद बाजपेई, श्री नारायण मेहरोत्रा, उमेश मेहरोत्रा, रमेश द्विवेदी, सियाराम जायसवाल, सियाराम शर्मा, रामानंद अवस्थी, रामू द्विवेदी, अनिल द्विवेदी ने हर्ष व्यक्त किया।

## वाटरप्रूफ लिफाफे से भईया को राखी भेज सकेंगी बहनें

- सभी डाक घरों में उपलब्ध कराया गया दस रुपये का लिफाफा
- पार्सल पैकेजिंग यूनिट से उपहार बहन को उपहार भेज सकेंगे भाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

सीतापुर। भाइयों से दूर बहनों के लिए डाक विभाग सौगात लेकर आया है। बहनें दस रुपये के वाटरप्रूफ राखी लिफाफे से राखी रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट व पार्सल के माध्यम से देश-विदेश तक भइया के पास सुरक्षित पहुंचा सकती हैं। बहना की राखी नेह की बारिश में तो भीग ही जाती है परन्तु डाक विभाग ने वाटरप्रूफ लिफाफे के रूप में ऐसी व्यवस्था की है जिस पर बारिश का कोई असर नहीं पड़ेगा। डाक विभाग ने वाटरप्रूफ आकर्षक लिफाफे प्रत्येक डाकघर में उपलब्ध कराए हैं। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर डाक अधीक्षक सीतापुर मंडल पुरुषोत्तम नाथ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी भाइयों से आग्रह है कि वह अपनी बहनों को सुकन्या समृद्धि खाता राखी के भेंट स्वरूप दें। यह खाता न केवल बहन के भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाएगा, बल्कि यह एक टैक्स-फ्री बचत योजना भी है जो उनके भविष्य के सपनों को साकार करने एवं उनका भविष्य सुरक्षित करने में सहायक होगी। यह खाता 10 वर्ष उम्र तक की किसी भी बहन को भेट कर सकता है जो मात्र 250 रुपये से खुल सकता है। यह सबसे अनमोल और अनोखा उपहार होगा जो भाई अपनी बहन को दे सकते हैं और उनके भविष्य को सुरक्षित करने में अपना योगदान दे सकते हैं। डाक अधीक्षक ने बताया कि सुकन्या के अतिरिक्त कोई अन्य उपहार जैसे-मिठाई आदि भेंट करने हेतु डाकघर में पीपीयू (पार्सल पैकेजिंग यूनिट) की सुविधा भी उपलब्ध है। इस सुविधा में आप कोई भी उपहार लाकर डाकघर को दे सकते हैं एवं डाकघर में इसे स्वयं ही पैक किया जाएगा। जिसके बाद पार्सल के माध्यम से बुक करके देश विदेश में भेजा जा सकेगा। यह सुविधा सीतापुर मंडल के तहसील स्तर के समस्त उपडाकघरों में उपलब्ध है।

# निर्माणाधीन परिजयोजनाओं को तय समय में करें पूरा

- डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यदायी संस्थाओं को दिए निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में संचालित 50 लाख रुपये से अधिक लागत की समस्त परियोजनाओं (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। जिन निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिजों में रेलवे के स्तर से कार्य लंबित हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र पूर्ण करायें। पर्यटन विभाग की परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने हेतु निर्देश भी दिए। पूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुए शीघ्र हस्तांतरित कराए जाने के भी निर्देश दिये। धीमी प्रगाति वाली संस्थाओं को कार्य की प्रगाति में सुधार के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सीएमआईएस पोर्टल पर समय से फीडिंग कराए जाने हेतु निर्देश भी दिये तथा धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं लम्बित है उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। अनारंभ कार्यो को शीध्र प्रारंभ कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण करायें। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह सहित अन्य अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

सिधौली/सीतापुर। विकास खंड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय कार्यशाला व समीक्षा बैठक बाड़ी गांव में स्थित एक निजी विद्यालय में सम्पन्न हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराज सिंह ने की। कार्यशाला में मौजूद शिक्षकों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराज सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी क्षमता से करें और विद्यालयों को बेहतर बनाने के साथ-साथ विभागीय निर्देशों का पालन पूरी निष्ठा और लगन से करें। इस मौके पर स्कूल चलो अभियान, डीबीटी, पुस्तक वितरण, छात्रों का नामांकन, परिवार सर्वेक्षण, मूलभूत संसाधन की उपलब्धता एवं पैरामीटर के सभी मानकों के पालन आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गयी और दिशा निर्देश दिए गए। कार्यशाला में एआरपी अमित शुक्ला, सौरभ मिश्रा, रोहित मिश्रा, प्रज्ञा तिवारी, राजर्षी सिंह, लेखाकार पवन सिंह, ऑपरेटर वरुण तिवारी, गौरव मिश्रा, हर्षित मिश्रा, सौरभ सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंका सिंह व ब्लॉक एमआईएस अनुष्का मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हरिशंकरी पौधे रोप डीएम ने अभियान का किया श्रीगणेश

## महावरी पार्क में बरगद, पीपल व पाकड़ के रोपे पौधे, गिनाई विशेषताएं

**विश्ववार्ता संवाददाता**



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नगर क्षेत्र के प्रेमनगर वार्ड स्थित भगवान महावीर पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हरिशंकरी पौधों का रोपण कर जिले के सभी नगरीय निकायों के समस्त वार्डों में हरिशंकरी (बरगद, पीपल, पाकड़) रोपण कराए जाने के सम्बन्धी अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन, नगरीय निकायों एवं लोक भारती स्वयं सेवी संस्था के संयुक्त प्रयासों से सभी नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में आज हरिशंकरी (बरगद, पीपल, पाकड़) का पौधरोपण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पूर्व में ही अभियान चलाकर दो चरणों में हरिशंकरी का पौधरोपण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी से अपील भी की कि पर्यावरण संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण इस कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा अधिक से अधिक पौधों को रोपण करें। अभियान में सहयोग के लिए समाज के लोगों, सभासदों, स्वयंसेवी संगठनों सहित सभी को जिलाधिकारी ने धन्यवाद भी ज्ञापित किया। हरिशंकरी पौधों की विशेषता बताते हुये कहा कि यह पौधे प्राकृतिक पर्यावरण एवं जल संरक्षण के साथ-साथ हमें आस्था से भी जोड़ते हैं तथा सभी को छाया भी प्रदान करते हैं। उन्होंने हरिशंकरी से मिलने वाले लाभों के विषय में भी बताया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका मुनीन्द्र अवस्थी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद वैभव त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद न मिलने पर नाराज किसानों ने किया धरना



लहरपुर सीतापुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम मेहंदीपुरवा में खाद की कालाबाजारी और खाद न मिलने से नाराज किसान, धरने पर बैठे। जानकारी के अनुसार सोमवार को भारी संख्या में किसान तहसील क्षेत्र के ग्राम मेहंदीपुरवा में खाद की कालाबाजारी और खाद न मिलने से नाराज होकर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। ज्ञातव्य कि, विगत शनिवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के युवा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार वर्मा के नेतृत्व में किसानों ने एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया था, ज्ञापन में तहसील क्षेत्र के ग्राम मेहंदीपुरवा के किसानों को यूरिया खाद न मिलने और यूरिया खाद की कालाबाजारी किये जाने का आरोप लगाते हए। चेतावनी दी गई थी कि, यदि मांग पूरी न हुई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके चलते भारी संख्या में किसानों ने जमा होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, किसानों के धरने की सूचना पर उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने मौके पर मौजूद किसानों को खाद दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

# भारी बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था के आगे फीकी रही



लहरपुर सीतापुर। क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों पर तृतीय सोमवार के पावन अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूजा अर्चना की। सोमवार को क्षेत्र में हुई भारी बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था के आगे फीकी रही। क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा जंगली नाथ मंदिर और सूर्य कुंड मंदिर पर श्रावण मास के तृतीय सोमवार को शिव भक्तों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के लिए उमड़ी और भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा जंगली नाथ मंदिर और सूर्यकुंड मदिर पर तृतीय सोमवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा जंगली नाथ और कामेश्वर नाथ की पूजा अर्चना की। सोमवार को मंदिर प्रांगण में प्रातः से ही हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हो रहा था, नन्हे मुन्ने बच्चों से लेकर महिलाएं, बजुर्ग सभी मंदिर जाने वाले मार्ग पर अपने आराध्य देव भगवान भोले शंकर के दर्शन की अभिलाषा से बढ़े चले जा रहे थे, भारी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामना को लेकर दंडवत करते हुए मंदिर जाते हुए नजर आ रहे थे। ज्ञातव्य है कि बाबा जंगलीनाथ मंदिर और सूर्यकुंड मंदिर की क्षेत्र के लोगों में भारी आस्था है और दोनों मंदिर पर श्रद्धालु संपूर्ण वर्ष पूजा अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान के लिए आते हैं। श्रावण मास में बाबा जंगली नाथ मंदिर पुर संपूर्ण माह प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए उमड़ते हैं। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ती है पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार को क्षेत्र के भोलिया बाबा मंदिर, दयालु बाबा मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर, सतेश्वर महादेव, सूर्यकुंड मंदिर सहित विभिन्न शिव मंदिरों पर भक्तों ने विधि विधान से पूजा-अर्चना कर भोले शंकर का जलाभिषेक किया। सावन सोमवार के पावन अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा। इस पावन अवसर पर बाबा जंगली नाथ मंदिर पर जगह जगह श्रद्धालुओं के द्वारा भंडारों का भी आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में लगे मेले में आए हुए श्रद्धालुओं ने जयकर खरीदारी की और बच्चों ने मेले का आनंद लिया।

### धूमधाम से मना द्वादश ज्योतिर्लिंग सामूहिक रुद्राभिषेक



जन्मदिन और विवाह दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण के दिलाये गए संकल्प लोगों ने शराब, मांस व गुटखा सेवन न करने का संकल्प लिया तंबौर सीतापुर सावन के तीसरे सोमवार को कस्बे के गायत्री मंदिर एवं चन्दीभानपुर में भारी संख्या में शिवभक्तों ने दाम्पत्य युगल के साथ सामुहिक रुद्राभिषेक किया। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के मिट्टी के शिवलिंग बनाकर उन्हें धूप, नैवेद्य के साथ बेलपत्र, शहद, घी, अक्षत अर्पित कर दुग्ध स्नान कराई। श्रद्धा भाव से रुद्राभिषेक करते हुए ओम नमः शिवाय के मंत्रो का जप करते हुए सबके कल्याण की मंगलकामना की। इस रुद्राभिषेक को गायत्री परिजन गंगासागर वर्मा एवं मीरा वर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न कराया गया। पूजा समापन के बाद भक्तों ने घंटा ध्वनि के बीच अपने आराध्य महादेव की आरती कर आशीर्वाद ग्रहण किया। इसके बाद सभी श्रद्धावान तमाम लोगों ने शराब, गुटखा व माँस का सेवन न करने की प्रतिज्ञा की। मौजूद भक्तों ने अपने विवाह एवं जन्मदिन अवसरों पर एक पेड़ लगाने व उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

## सर्वजन दवा सेवन अभियान को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

लहरपुर सीतापुर। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 10 अगस्त से प्रारंभ होने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। आशा व संगिनी के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद वाजपेई ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अभियान के दौरान प्रत्येक आशा को अपने प्लान के अनुसार प्रतिदिन 25 घरों का भ्रमण कर पात्र लोगों को फाइलेरिया की दवा अपने सामने ही खिलाना है। यदि किसी घर पर कोई व्यक्ति नहीं मिलता है, तो दूसरे दिन, तीसरे दिन जाकर दवा खिलाएं। उन्होंने कहा कि दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों के अलावा यह दवा सभी को खिलाना जरूरी है, यह दवा खाली पेट नहीं खिलाना है। दवा खाने से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव के बारे में बताते हुए कहा कि यह दवा खाने से शरीर के अंदर मौजूद माइक्रो फाइलेरिया के मरने से कभी-कभी किसी व्यक्ति को सिरदर्द, बुखार, उल्टी हो सकती हैं, इससे घबराने की जरुरत नहीं है, कुछ देर में पीड़ित स्वतः ठीक हो जाता है।

**मंदिर की महिमा निराली** रामपुर मथुरा में स्थापित गुमानेश्वर महादेव हर किसी की मनौती को करते हैं पूरा

# 2 सौ वर्ष पहले राजा गुमान सिंह ने कराया था गुमानेश्वर मंदिर का निर्माण

**विश्ववार्ता संवाद**

थानगांव (सीतापुर)। जनपद मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर की दूरी पर घाघरा की तलहटी में बसा रामपुर मथुरा में स्थित गुमानेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण करीब 200 वर्ष पूर्व रामपुर रियासत के तत्कालीन राजा गुमान सिंह ने निर्माण कराया था। उनके नाम पर ही इस मंदिर का नाम गुमानेश्वर महादेव मंदिर पड़ा, जिस समय यह मंदिर स्थापित किया गया उस दौरान क्षेत्र में कोई शिव मंदिर नहीं था तब से यहां श्रद्धालु पूजन करते हैं। वर्ष भर यहां धार्मिक आयोजन हुआ करते हैं। राज परिवार के लोग आज भी मंदिर की देखरेख करते हैं। धार्मिक अनुष्ठानों के लिए परिसर में पर्याप्त जगह उपलब्ध है। गुमानेश्वर महादेव मंदिर की विशेषता यह है कि शिवलिंग कच्छप की पीठ पर स्थापित है। इस तरह के शिवलिंग तंत्र पूजा की सिद्धि के लिए विशेष स्थान रखते हैं। तंत्र पूजन के लिए यहां श्रद्धालु आते हैं। भगवान शिव की वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं। महादेव गांजरवासियों की हर मनुष्य की मनौतियों का पूरा करते हैं। सावन मास की महाशिवरात्रि में भक्त यहां पहुंचकर महादेव की श्रद्धा पूर्वक उपासना कर मन मस्तिष्क को शांत करते हैं।परिसर में प्राकृतिक वातावरण जैसा माहौल, फूल के पौधे बिखेर रहे मनमोहक सुगंध गुमानेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है। मुख्य मंदिर के चारों कोनों पर छोटे-छोटे चार मंदिर स्थापित है उनमें भी देवों की मूर्तियां स्थापित है। मंदिर के आगे की ओर नंदी विराजमान है। परिसर में प्राकृतिक वातावरण जैसा माहौल है। परिसर में लगे फूल के पौधे अपनी मनमोहक सुगंध बिखेर रहे हैं। दर्शन व पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उठने बैठने का उचित स्थान और पानी आदि की व्यवस्था पर्याप्त है। परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध है। प्रत्येक वर्ष सावन मास में कांवरियों का तांता यहां जुटता है।



## एक नजर

### खंड विकास अधिकारी का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, डीएम ने गठित की जांच टीम



**कानपुर।** बिधनू के खंड विकास अधिकारी का 45 हजार रुपए लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में तत्कालीन बीडीओ सच्चिदानंद मिश्रा रुपए लेते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में बीडीओ के बगल में बिधनू ब्लॉक प्रमुख अरुण कुमार भी बैठे दिख रहे हैं। वीडियो में एक युवक पांच सौ रुपए के नोटों की गड्डी बीडीओ को देता है। रुपए गिनने के बाद बीडीओ कहते हैं कि बात 45 हजार की हुई थी, लेकिन यह तो सिर्फ 40 हजार रुपए हैं। इसके बाद युवक 5 हजार रुपए और देता है। कानपुर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की है। इस टीम में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण और अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम को शामिल किया गया है। जांच टीम को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपनी होगी। डीएम ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है उसे रुपए देने वाले व्यक्ति द्वारा ही बनाया और शेयर किया गया बताया जा रहा है।

### उमस भरी गर्मी से शहर वासी परेशान

**कानपुर।** नगर में तेज बारिश होने की संभावना है, इससे पहले उमस भरी गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अधिकतम तापमान में 1 डिग्री गिरावट देखने को मिली है। पूर्वानुमान के अनुसार 30 जुलाई तक आसमान में काले घने बादल छाए रहेंगे। इसके अलावा कहीं हल्की बूंदा-बांदी तो कहीं तेज बारिश होने की भी संभावना बनी रहेगी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के मौसम वैज्ञानिक प्रो. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि 27 जुलाई को अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री दर्ज किया गया था। इसके बाद 28 जुलाई को 32.7 डिग्री पारा दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। अधिकत आर्द्रता 91 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 75 प्रतिशत दर्ज हुई हैं। हवा की औसत गति 9.1 किमी प्रति घंटा के हिसाब से दक्षिण से पूर्व की ओर है। वहीं, शहर में 7.0 मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड की गई हैं। प्रो. सुनील पांडेय की माने तो अभी 30 जुलाई तक ऐसा ही मौसम रहने वाला है। घने बादलो की आवाजाही के साथ कम से कम 14 से 20 मिमी बरसात होने की संभावना है। यही स्थित अगले तीन दिन बनी रह सकती है। गंगा के मैदानी भागों में मानसूनी गतिविधियां थोड़ी बढ़ सकती है। कानपुर मंडल और बुंदेलखंड के जिलो में भारी बारिश की संभावना है। प्रो. पांडेय के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कल से बारिश की मात्रा बढ़ सकती है। कहीं कहीं मध्यम और कहीं अति भारी बारिश की संभावना है।

# नगर के बैजनाथ मंदिर का इतिहास और मान्यता है बेहद चमत्कारी

विश्ववार्ता संवाददाता



**कानपुर।** सावन के तीसरे सोमवार पर पतारा कस्बे का बाबा बैजनाथ धाम मंदिर श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने गाय का दूध, बेलपत्र, गंगाजल और धतूरा अर्पित कर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा।

बैजनाथ मंदिर की मान्यता और इतिहास बेहद चमत्कारी और आस्था से भरपूर है। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, पहले यह क्षेत्र पलाश के जंगल से घिरा था। इसी जंगल में बैजू नाम का चरवाहा अपनी गायें चराने आता था। उसकी गाय रोज एक ही स्थान पर दूध गिराने लगी। जब उस स्थान की खोदाई कराई गई, तो धरती से शिवलिंग निकला। कहा जाता है कि खुदाई में शिवलिंग को चोट लगी, जिससे रक्त की धार निकल पड़ी। भक्तों ने घी का लेप किया, तब जाकर रक्त रुक पाया। तभी से यहां शिव पूजन शुरू हुआ और बैजू के नाम पर इस मंदिर का नाम पड़ा बैजनाथ धाम।

आल्हा जैसे बुंदेलखंडी वीरगाथा काव्य में भी इस मंदिर का उल्लेख मिलता है। यहां हर सोमवार शिव प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया जाता है और रातभर भजन-कीर्तन चलता है।

स्थानीय श्रद्धालु राजन तिवारी, लक्ष्मण सिंह, पुतान सिंह और धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि बाबा की महिमा दूर-दूर तक फैली है और जो सच्चे मन से दर्शन करता है, उसकी हर मनोकामना पूरी होती है। श्रद्धालु रवि गुप्ता ने कहा कि सावन के महीने में तो यहां का माहौल दिव्यता से भर जाता है। दूर-दूर से भक्त दर्शन करने आते हैं।

कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे पतारा कस्बे की पुलिस चौकी रोड पर स्थित यह मंदिर, कथाओं, चमत्कारों और श्रद्धा की जीवंत मिसाल है। सावन के सोमवार के पावन दिन यहां की हर एक घंटी, हर एक दीपक और हर भक्त भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा की गवाही देता है।

## तृतीय सोमवार को जलाभिषेक हेतु भक्तों और कांवरियों की उमड़ी भीड़

विश्ववार्ता संवाददाता



**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के पश्चिम बाईपास रोड पर स्थित बाबा बोधेश्वर महादेव धाम में आज श्रावण मास के तृतीय सोमवार को प्रातः से दर्शन, पूजन और जलाभिषेक हेतु श्रद्धालु भक्तों और कांवरियों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने बम-बम भोले के जयकारे के साथ पवित्र पंचमुखी शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

सोमवार को मंदिर प्रांगण में विशाल मेला भी लगा। मेले में जहां महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की जमकर खरीदारी की, वहीं बच्चों ने झूले का आनंद लिया। मंदिर समिति व नगर पालिका अध्यक्ष राम जी गुप्ता द्वारा सुबह से शाम तक प्रसाद वितरित किया जाता रहा। बांगरमऊ नगर पालिका परिषद के चेयरमैन रामजी गुप्ता द्वारा फलाहार तथा अन्य पकवानों के भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। इसी तरह नगर के सिद्धनाथ मंदिर, ललितेश्वर महादेव मंदिर, जंगलेश्वर महादेव मंदिर, श्री दुर्गेश्वर महादेव मंदिर, आनंदेश्वर महादेव मंदिर, रामेश्वर महादेव मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, पंचेश्वर महादेव मंदिर, भैरवानंद एवं रस्तोगी शिवाला सहित सभी शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पवित्र शिवलिंग का जलाभिषेक किया।

# पोल लगाने और पेड़ों की छटाई के चलते कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति रही बाधित

विश्ववार्ता संवाददाता



**कानपुर।** नगर में कई इलाकों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी द्वारा मेंटेनेंस कार्य जैसे पोल लगाना, एबी लाइन डालना और बिजली तारों के पास पेड़ों की छंटाई के कारण 12 उपकेंद्रों पर शटडाउन घोषित किया गया ।

केस्को अधिकारियों के अनुसार, सुबह 9 बजे से अलग-अलग समयावधि में इन इलाकों में बिजली सप्लाई ठप रही।

विद्युत कॉलोनी उपकेंद्र के बर्रा-2 क्षेत्र में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक बिजली नहीं रही। कर्रही उपकेंद्र के जरौली फेस वन और ईडब्ल्यूएस कालोनी, कर्रही मेन रोड में 9 से 4 बजे तक शटडाउन रहा।

बाबूपुरवा उपकेंद्र के आनंदपुरी क्षेत्र में 9:30 से 3:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जीआईसी उपकेंद्र के बकरमंडी, बर्फ खाना, बम पुलिस, लकड़मंडी, सीसामऊ बजरिया और चुन्नीगंज में 10 से 12 बजे तक शटडाउन रहा। बीएस पार्क उपकेंद्र के खलासी लाइन और ग्वालटोली में 10 से 12 बजे तक बिजली बंद रही। बारा सिरोही उपकेंद्र के गौतम बिहार और लक्ष्मी हॉस्पिटल के पास 10 से 3 बजे तक शटडाउन रहा। गंगा बैराज उपकेंद्र के आजाद नगर क्षेत्र में 10 से 2 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। गुजैनी उपकेंद्र के वैष्णवी विहार में 9:30 से 2:30 बजे तक शटडाउन रहा।

पराग डेयरी उपकेंद्र के यू ब्लॉक और मोहन चौराहा में 9 से 2 बजे तक बिजली बंद रही। मछरिया उपकेंद्र के सैनिक चौराहा और गंगापुर में 9 से 2 बजे तक शटडाउन रहा। नवीन नगर उपकेंद्र में स्वराज इंडिया क्षेत्र में 9 से 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। रतनपुर उपकेंद्र में रतनपुर इलाके में 9 से 2 बजे तक शटडाउन रहा। बिजली विभाग का कहना है कि यह कार्य बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है।

## खुले नाले में पिकअप गिरने से चुटहिल हुआ चालक



**कानपुर।** जाजमऊ में नई चुंगी से लेकर सिद्धनाथ घाट तक सुंदरीकरण का काम चल रहा है। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आ रही हैं। बिजली के पोल बचाने के लिए नाले टेढ़े-मेढ़े बनाए जा रहे हैं। जिसकी वजह से कई वाहन नालों में फंस चुके है। कई लोग घायल भी हुए हैं। सोमवार सुबह 11 बजे एक हादसा हुआ। पिकअप चालक साबिर टेनरी से चमड़े का बुरादा लादकर वजन करवाने के लिए सोलंकी धर्मकांटा जा रहा था। तभी नाले के पास फैली मिट्टी में टायर फिसल गया। इससे वाहन का पिछला पहिया नाले में घुस गया। हादसे में चालक साबिर को मामूली चोट आई। क्रेन की मदद से पिकअप को बाहर निकाला गया।

लोगों की शिकायत है कि नगर निगम ने करीब एक किलोमीटर लंबा नाला बनाया है। अधिकतर जगह नाले में पत्थर न लगने के कारण नाला खुला हुआ हैं। नाले के आसपास दर्जनों परिवार रहते हैं। खेलने के दौरान बच्चे अक्सर नाले की चपेट में आते हैं। कई बार बच्चे घायल भी हुए हैं।

दो सप्ताह पहले इसी नाले में एक गाय गिर गई थी। उसे भी गंभीर चोटें आई थीं। क्षेत्रीय लोगों की मदद से गाय को बाहर निकाला गया था। स्थानीय निवासियों ने कई बार इसकी शिकायत विभाग में की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे पहले भी खुले नाले की वजह से कई हादसे हो चुके हैं। कई स्थानों पर नाला ओवरफ्लो होने से भी दुर्घटनाएं हुई हैं।

## नाट्य कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये

**उन्नाव।** भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ एवं उदय सांस्कृतिक संस्थान उन्नाव के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा में रंगमंच का महत्व के अन्तर्गत ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला 16 मई से 25 मई तक विवेकानंद इण्टर कालेज, हजारी टोला, उन्नाव में मोहम्मद जब्बार अकरम रंगकर्मी एवं चन्द्र भूषण सिंह के निर्देशन में आयोजित की गई थी, इस कार्यशाला में 25 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया था, आज योगेन्द्रनाथ श्रीवास्तव (प्रबंधक) विवेकानंद इण्टर कॉलेज हजारी टोला, उन्नाव के कर कमलों द्वारा प्रभागीय बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, प्रबन्धक द्वारा बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उत्साहवर्धन एवं आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मोहम्मद जब्बार अकरम वरिष्ठ रंगकर्मी, शफी अहमद खान, मीना श्रीवास्तव, निकिता गुप्ता, जितेन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## शिव मंदिर प्रांगण में महारुद्राभिषेक सोनू भैया ने आयोजित किया



विश्ववार्ता संवाददाता

**नवाबगंज उन्नाव।** भौली में पूर्व प्रधान प्रत्याशी शिवेंद्र सिंह विक्रम उर्फ सोनू भैया ने शिव मंदिर प्रांगण में महारुद्राभिषेक का आयोजन किया। सावन के तीसरे सोमवार पर आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों शिव भक्त भक्ति में सराबोर होकर शामिल हुए।

कार्यक्रम में पंडित रितेश जी ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजा-पाठ संपन्न कराया। भक्तों ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए और प्रसाद ग्रहण कर भक्ति का आनंद लिया। इस धार्मिक कार्यक्रम में पंकज सिंह, बच्चू सिंह, छुन्नू सिंह मास्टर, मुन्नू पोस्टमैन, मनीष पंडित नारायणपुर, राहुल सिंह बगहरी, राहुल यादव कसली खेड़ा, कमलेश यादव कुशली खेड़ा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

» कार्यक्रम, सावन के तीसरे सोमवार पर सैकड़ों भक्तों ने लगाए जयकारे

### बाइक सवार को डाला ने मारी टक्कर अधेड़ व्यक्ति गंभीर हालत में हुआ घायर

**नवाबगंज उन्नाव।** विकासखंड कार्यालय के समीप डाला ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया। परिजन अधेड़ को निजी अस्पताल में इलाज कराने लेकर चले गये।

हसनगंज थाना क्षेत्र के मुन्नी खेड़ा गांव निवासी राकेश (30) पुत्र ठाकुर सिंह की ससुराल अजगैन थाना के जालिम खेड़ा गांव में है। सोमवार दोपहर वह अपने गांव निवासी मित्र धनीराम (55) पुत्र लाला को बाइक से लेकर अपनी ससुराल जा रहा था। इस दौरान अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हाईवे स्थित विकासखंड कार्यालय के समीप एक डाला ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार समय दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## मंदिर में दर्शन करने गई महिला का सर संदिग्ध स्थितियो में फटा

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** बिल्हौर में सावन के तीसरे सोमवार को शिवराजपुर के ऐतिहासिक खेरेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के दौरान एक महिला घायल हो गई। लखीमपुर जनपद के शेखपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली चिर्रो देवी गंगा स्नान के बाद मंदिर में दर्शन के लिए कतार में खड़ी थीं, तभी यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि भीड़ बढ़ने पर व्यवस्था संभालने के दौरान उनके सिर में कोई भारी वस्तु लग गई, जिससे सिर फट गया और खून बहने लगा। महिला का आरोप है कि मंदिर के पुजारी के डंडे से उन्हें चोट लगी है, वहीं मंदिर कमेटी का कहना है कि घंटी से टकराने के कारण चोट लगी।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चिर्रो देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया।



» महिला ने लगाया पुजारी पर डंडा मारने का आरोप

खेरेश्वर मंदिर, शिवराजपुर थाना क्षेत्र में गंगा तट के पास स्थित एक प्रमुख तीर्थस्थल है, जहां सावन में विशेषकर सोमवार को हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान और दर्शन के लिए आते हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन और मंदिर कमेटी द्वारा विशेष इंतजाम किए जाते हैं, फिर भी व्यवस्थाओं को लेकर चुनौती बनी रहती है।

## आईआईटी के छात्रो को शैक्षणिक संरचना और कल्याणकारी पहलुओं से कराया गया रूबरू

इंटरैक्टिव ओरिएंटेशन प्रोग्राम सम्पन्न

विश्ववार्ता संवाददाता



**कानपुर।** आईआईटी में वर्ष 2025 बैच के छात्रों के इंटरैक्टिव ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। उन्हें कैंपस जीवन में सहजता से ढलने में मदद करने के लिए इस प्रोग्राम को डिजाइन किया गया है। इस वर्ष संस्थान ने लगभग 1,225 स्नातक और 1,550 स्नातकोत्तर छात्रों को प्रवेश दिया है, जो अगली पीढ़ी के नवप्रवर्तकों और नेताओं के लिए एक रोमांचक यात्रा की शुरुआत है। स्नातक के छात्र 21 जुलाई को कैंपस पहुंचे, जबकि स्नातकोत्तर के छात्र 24 जुलाई को शामिल हुए।

वर्ष 2025 का ओरिएंटेशन कार्यक्रम औपचारिक स्वागत सत्र के साथ शुरू हुआ, जिसमें आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणिंद्र अग्रवाल, प्रो. अशोक डे शैक्षणिक मामलों के डीन, प्रो. प्रतीक सेन छात्र मामलों के डीन, प्रो. निशांत नायर डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और ऑटोमेशन के डीन और प्रो. शांतनु मिश्रा संस्थान परामर्श सेवा प्रमुख ने अपने संबोधन दिए। पीजी छात्रों के लिए, पीजी मैनुअल सत्र आयोजित किए गए, जिनका नेतृत्व अकादमिक मामलों के एसोसिएट डीन प्रो. अभिजीत महापात्रा और सीनेट स्नातकोत्तर समिति के अध्यक्ष प्रो. सुधांशु शेखर सिंह ने किया।

विभागीय स्नातकोत्तर समितियों ने नए छात्रों को उनके संबंधित विषयों से परिचित कराने के लिए इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किए। यूजी छात्रों के अभिभावकों के लिए एक विशेष ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में 3 हजार से अधिक अभिभावकों ने वर्चुअल और व्यक्तिगत रूप से भाग लिया। उन्हें संस्थान की शैक्षणिक संरचना, छात्र सहायता तंत्र और कल्याणकारी पहलुओं से परिचित कराया गया। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणिंद्र अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2025 बैच आईआईटी कानपुर में असाधारण प्रतिभा और ऊर्जा लेकर आया है।

# ऋषभ यादव और अमन कुमार की घातक गेंदबाजी से इंटरनेशनल क्लब फाइनल में

विश्ववार्ता संवाददाता



**उन्नाव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर 23 श्याम प्रकाश श्रीवास्तव जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत आज प्रतियोगिता का अंतिम लीग मैच आज आइडियल क्लब और इंटरनेशनल क्लब के मध्य खेला गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कठिन परिस्थितियों में प्रणव की 30 तथा प्रियांशु रावत की 32 रनों की पारी के दम पर निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 119 रन बनाए। आइडियल क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अल्तमश व सौरभ यादव ने तीन तीन तथा आयुष जायसवाल ने दो विकेट प्राप्त किए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आइडियल की पूरी टीम इंटरनेशनल क्लब की घातक गेंदबाजी के सामने ढेर हो गई और सभी विकेट खोकर मात्र 55 रन ही बना सकी सिर्फ़ आनन्द ही कुछ संघर्ष कर सके और अपनी टीम के लिए 20 रनों का योगदान दिया। इंटरनेशनल क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए ऋषभ यादव और अमन कुमार ने तीन तीन विकेट हासिल किए। मैच के पश्चात जिला क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकुमार याज्ञसेनी ने ऋषभ यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इस दौरान जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, साकिर हुसैन, ओम मिश्रा, अजीत आदि लोग रहे। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा ने दी।

### संस्कार भारती कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**उन्नाव।** संस्कार भारती उन्नाव द्वारा आयोजित गुरु वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत पत्रकार प्रतीक त्रिवेदी तथा न्यूज़ नेशन के पत्रकार डॉक्टर शैलेंद्र पांडे, शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राथमिक विद्यालय जुड़ा पुरवा ब्लॉक सिकंदरपुर सरोसी के शिक्षक प्रवीण कुमार को उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों पर्यावरण पौधारोपण जन जागरूकता अभियान पुरातन छात्रों को प्रतियोगिता परीक्षा तैयारी हेतु मार्गदर्शन करने तथा छात्रों को प्रतियोगिता परीक्षाओं में सम्मिलित करवाने, स्वच्छता, नशा मुक्ति निवारण जैसे कार्य करने हेतु सम्मान दिया गया। यह सम्मान दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री गिरीश चंद्र मिश्र द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर अनुदीप श्रीवास्तव राज्य संसाधन समूह के सदस्य अखिलेश चंद्र शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक सिकंदरपुर सरोसी के अध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी, क्लब उन्नाव सिटी शाखा के अनुराग अग्रवाल द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

## तीसरे सोमवार को भी शिवालयों में भक्तों का उमड़ा सैलाब

विश्ववार्ता संवाददाता



**कानपुर।** सावन के तीसरे सोमवार को कानपुर के सभी छोटे बडे शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। रविवार की देर रात से ही श्रद्धालु गंगा घाटों और मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे। नगर में सावन के तीसरे सोमवार को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। कानपुर के परमट स्थित बाबा आनन्देश्वर मन्दिर में रात दो बजे तो अन्य मंदिरों में सुबह चार बजे से ही बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजने लगे थे। श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में पवित्र स्नान करने के बाद भगवान शिव का जलाभिषेक किया और बेलपत्र, फूल, फल आदि चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं मांगी। नगर के प्रमुख शिवालयों जैसे परमट मंदिर और आनंदेश्वर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पडी।

हर हर महादेव के उद्घोष, शिवालयों में शंख और घंटे की ध्वनि की गूंज के बीच भक्तों ने महादेव से सुख समृद्धि की कामना की। दूध, गंगा जल, बेल पत्र, धतूरा, घी, शहद, शक्कर, गन्ने के रास आदि से प्रभु का अभिषेक किया गया।

नगर के प्रसिद्ध आनंदेश्वर मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर, जागेश्वर मंदिर में भक्तों ने महादेव की उपासना की। रविवार की देर रात 12 बजे से मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मंदिरों के पट खुले तो भक्त प्रभु के दर्शन को दौड़ पड़े। सभी प्रभु के दर्शन को उतावले दिखे।

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में महादेव के दर्शन के लिए हजारों भक्तों ने दर्शन किया। एक लोटा जल और श्रद्धा के कुछ पुष्प चढ़ाकर मनोकामना पूरी करने की गुहार प्रभु से लगाने के लिए लालायित भक्त एक स्वर में महादेव का उद्घोष कर रहे थे। भोर में मंत्रोच्चार के बीच प्रभु की मंगला आरती की गई और फिर मंदिर का पाट खोला गया तो श्रद्धालु एक दूसरे को धक्का देकर आगे बढने की चाह में जुट गये।

पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका और फिर कतारबद्ध होकर श्रद्धालुओं ने शिव के दर्शन करे। इसी तरह सिद्धनाथ मंदिर, नागेश्वर मंदिर, वनखंडेश्वर मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। भक्तों ने भगवान शिव और माता पार्वती का दर्शन कर अपने भविष्य की मंगल कामना की।

## एक नजर

### आटों ने बाइक सवार युवक को मारी ठोकर गंभीर रूप से घायल

**नवाबगंज उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के परसंदन मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक निजी अस्पताल में इलाज करने के लिए चला गया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कन्हई खेड़ा गांव निवासी संजय (25) पुत्र राजेन्द्र किसी काम से सोमवार को परसंदन गांव गया था। दोपहर में वापस आने के दौरान परसंदन गांव के मोड़ के पास सामने से आ रहे ऑटो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा जा रहा था लेकिन वह निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए सीएचसी से चला गया।

### चोरों ने घर का ताला तोड़कर की चोरी

**हसनगंज उन्नाव।** चित्रहा बाबा देव स्थान के पास घर में लगे ताले को तोड़कर चोरों ने घरको बनाया निशाना 35000 नगदी समेत सोने चांदी के आभूषण और पीतल के बर्तनों को किया पार। हसनापुर पेट्रोल टंकी के पास घर में लगे ताले को तोड़कर चोरों ने घर को बनाया निशाना। घटना की जानकारी मिलते ही 112 नंबर पुलिस पहुंची थी। मोहनी खेड़ा निवासी श्याम लाल राठौर पुत्र मन्ना राठौर की पत्नी सुनीता राठौर ने बताया कि पति बाहर रहते हैं और हम और हमारी लड़की लक्ष्मी राठौर जो घर में रहे थे।

# महिलाओं ने झूम झूम कर मनाया सावन उत्सव

विश्ववार्ता संवाददाता

**उन्नाव।** राधिका मंडल द्वारा गदन खेड़ा स्थित उमा रिसॉर्ट में सावन उत्सव का आयोजन हुआ। अभिनेत्री और मॉडल कनिष्का त्रिवेदी ने शनि एंड टीम के साथ कांवर यात्रा पर आधारित बहुत ही मार्मिक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। सोनू शिवांगी टीम द्वारा मनमोहक राधा कृष्ण के नृत्य में उपस्थित महिलाओं ने झूम झूम कर संगत की। सामूहिक रूप से सभी ने डांडिया खेला। बहुत ही शानदार संचालन शुभ्रांशी त्रिवेदी ने किया। कई प्रकार के व्यंजनों का भी आनंद लिया सभी ने। सावन के महत्व पर मनीष सिंह सेंगर ने बड़ा सार्थक वक्तव्य दिया।

समाजसेविका निम्मी अरोड़ा, कीर्ति गुप्ता, स्वर्ण लता गुप्ता, स्वाति ओमर, पूजा गुप्ता, भावना बाजपेई, रश्मि ठाकुर, प्राची गुप्ता, स्मिता गुप्ता, मोना गुप्ता तनु गुप्ता, ऋतु गुप्ता, दिव्या शुक्ला, दिव्या श्रीवास्तव, वंदना त्रिपाठी, गीता मिश्रा, शोभा पांडेय, एम एम सिंह, पवन निगम, संजय गुप्ता, अरविंद गुप्ता आदि सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सावन उत्सव का आनंद उठाया।



» डांडिया नृत्य और भक्ति नृत्य में भावविभोर हुए सभी

# एशिया कप में प्रस्तावित भारत-पाक मुकाबले को लेकर विरोध के स्वर बढ़े

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** एशिया कप 2025 में टीम इंडिया अपने सफर की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मैच से करेगी। सबसे बड़ा मुकाबला 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। लेकिन इस मैच को लेकर लोगों में कड़ी नाराजगी है।

कानपुर की रहने वाली पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या ने भी इस मैच का विरोध जताया है। उनका कहना है कि बीसीसीआई तीन महीने में ही आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों की शहादत को भूल गया। एक तरफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया जाता है और अब दूसरी तरफ ये मैच खेला जा रहा है। ये बेहद शर्मनाक फैसला है। ऐशान्या ने बातचीत के दौरान बेहद गुस्सा और नाराजगी जताते हुए कहा कि मैं पूरी तरीके से इंडिया पाकिस्तान के इस मैच का बायकॉट करूंगी। बीसीसीआई इसको होस्ट कर रहा है। ये बहुत ज्यादा दुखद है।



» भारत-पाक मैच को लेकर लोगों में आक्रोश

हम जो विक्टिम है, हमारे साथ ही 26 परिवार दुख झेल रहे हैं। तीन महीने में ही हम पर हुए आतंकी हमले को सब भूल गए। मैं शुरू से बोल रही थी कि लोग सब भूल जाते हैं, लेकिन मुझे यकीन नहीं हो रहा है कि इतनी जल्दी ये देश या फिर बीसीसीआई या फिर कोई भी इतनी जल्दी भूल जाएगा।

तीन महीने हुए हैं इस बात को, लेकिन पता नहीं आप कैसे एग्री कर रहे हो कि इंडिया पाकिस्तान का मैच होना है एशिया वर्ल्ड कप में। यह बेहद गलत है। यह आप हमारे इमोशन के साथ गलत कर रहे हो। एक तरफ हमसे कहा जाता है कि ऑपरेशन सिंदूर चल रहा है। एक तरफ ये मैच करवा रहे हो। आपके लिए हमारी वैल्यू ही नहीं है, हम एक भारतीय की तरह आपके लिए इंपॉर्टेंट ही नही हैं। देश के लिए मैत्री मैच होने का दावा किया जा रहा है।

## अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर महाविद्यालय में किया आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता



**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विष्णु मिश्रा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल ने यह साबित कर दिया कि संवाद के माध्यम से विदेशी मुद्दों को सुलझाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अटल जी अपूर्व ऊर्जा से युक्त प्रधानमंत्री थे। जिन्होंने हिंदी भाषा के माध्यम से विदेशो में भारत का परचम लहराया। प्राचार्य के अलावा डॉ. सविता राजन, डॉ. किरण, डॉ. हरिओम दिवाकर, डॉ. सुनीता निरंकारी, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ. शैलजा त्रिपाठी, डॉ. सुमन देवी, डॉ. बृज किशोर गुप्ता ने अटल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनकी विदेश नीति, पड़ोसी देशों के साथ सौहार्द के संबंधों, दिल्ली लाहौर बस सेवा, वसुधैव कुटुंबकम, परमाणु शक्ति संपन्न देशों में भारत का शामिल होना आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

## एक नजर

### आराधना मिश्रा बनीं शिशु भारती की नई अध्यक्ष



**लालगंज, रायबरेली।** नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार को शिशु भारती छात्र संगठन का गठन किया गया। यह गठन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया गया, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वाणी वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि शिशु भारती बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं संगठनात्मक दक्षता विकसित करने का माध्यम है, जो उन्हें भावी जीवन में उत्तरदायित्व निभाने के लिए तैयार करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने की। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत आराधना मिश्रा को अध्यक्ष, दिव्यांशी रघुवंशी को मंत्री तथा वरुण प्रताप सिंह को सेनापति के पद पर चयनित किया गया। चयनित पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष आराधना मिश्रा ने अपनी टीम के अन्य सदस्यों को भी शपथ दिलाई और संगठन को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने विद्यार्थियों को मधुर वाणी, संयमित आचरण और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सुरेश वर्मा, जगदेव प्रसाद, रमेश मिश्रा, दिवाकर सिंह, राम नारायण सिंह, आर्य शिवांकरी, रमेश बाजपेई, अशोक यादव, शिवांगी, लक्ष्मी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक और शिक्षक उपस्थित रहे।

### पारिवारिक विवाद में वृद्ध महिला और बेटी को पीटा

**अमेठी।** थाना मोहनगंज क्षेत्र के बधोना गांव में पारिवारिक विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया जब एक वृद्ध महिला और उसकी बेटी को उन्हीं के परिजनों ने बेरहमी से पीट दिया। घटना में वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वृद्ध महिला और उसकी छोटी बेटी पर हमला उनके ही नाती साहिल और बहू द्वारा किया गया। बताया जा रहा है कि किसी घरेलू बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।शोरगुल सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से घायल वृद्धा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें 200 बेड रेफरल अस्पताल रेफर कर दिया गया।थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### श्रीअन्न की खेती और जल संरक्षण पर शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण



**लालगंज,रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सोमवार को उत्तर प्रदेश मिलेट पुनरोद्धार योजना के तहत 50 शिक्षकों को श्रीअन्न (मिलेट्स) की खेती, जल संरक्षण और कृषि योजनाओं से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। सेवानिवृत्त विषय विशेषज्ञ अजेंद्र सिंह ने श्रीअन्न की उपयोगिता और जल संरक्षण के महत्व को सरल भाषा में समझाया। जनपदीय विषय विशेषज्ञ डॉ. राज शेखर ने कहा कि कोदो, कुटकी, सांवा, बाजरा जैसी श्रीअन्न फसलें पोषण से भरपूर होती हैं और अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक हैं, जिन्हें दैनिक आहार में शामिल करना चाहिए। विषय वस्तु विशेषज्ञ मनोज कुमार ने किसानों को सब्सिडी एट सोर्स योजना का लाभ लेने व फसल अवशेष प्रबंधन पर बल दिया। बीज भंडार प्रभारी दयाराम शर्मा व प्रगतिशील किसान अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि विभिन्न मौसमों के अनुसार अलग-अलग श्रीअन्न फसलें उपयुक्त होती हैं, जिनके बीज राजकीय कृषि बीज भंडार से प्राप्त किए जा सकते हैं। तकनीकी प्रबंधक राम प्रताप गुप्ता ने किसानों को फसल बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने की सलाह दी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के जनपदीय सलाहकार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में वंदना शुक्ला, मीनू सिंह, आशीष चौहान, आशीष मिश्रा, विवेक त्रिपाठी, गरिमा शुक्ला, मनीष तिवारी सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### 23 लाख से 43 हजार कीमत के गुम-चोरी मोबाइल फोन बरामद

**रायबरेली।** पुलिस टीम ने तकनीकी दक्षता और सतर्कता का उदाहरण पेश करते हुए गुम और चोरी हुए कुल 170 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत 23 लाख 43 हजार रुपये आंकी गई है। इस सराहनीय उपलब्धि की जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने मौके पर मौजूद 101 मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे, जिससे उनके चेहरे पर खुशी और राहत की लहर दौड़ गई। डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि जनता का विश्वास हमारी प्राथमिकता है। तकनीक के सहारे हमने खोए हुए मोबाइलों को उनके मालिकों तक पहुंचाया है। पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।‡ उन्होंने इस कार्य में लगे सर्विलांस सेल और एसओजी टीम की विशेष सराहना की। पुलिस की इस कार्रवाई में सर्विलांस टीम ने 101 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत 14 लाख 20 हजार है, बरामद कर उन्हें उनके मालिकों को सौंपा। वहीं, जनपद के विभिन्न थानों द्वारा 69 मोबाइल, जिसकी कीमत 9 लाख 23 हजार आंकी गई है, बरामद किए गए हैं जिन्हें संबंधित थानों द्वारा स्वामियों को सौंपा जा रहा है। मोबाइल फोन की बरामदगी में तकनीकी सहायता के तौर पर सीईआईआर पोर्टल, थानों में दर्ज शिकायतें और ट्रैसेबिलिटी डिटेल्स का उपयोग किया गया। इसी के आधार पर मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर कार्रवाई की गई। मोबाइल पाने वाले लोगों ने रायबरेली पुलिस का आभार जताया और इस कार्य को विश्वास और जनसेवा की मिसाल बताया।

# मुंशीगंज गोलीकांड स्थल को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा दिलाने की मांग तेज

## रायबरेली के ऐतिहासिक शहीद स्थल पर डीएम हर्षिता माथुर ने फिर किया निरीक्षण, 15 अगस्त से पहले सौंदर्यीकरण कार्यों को देने की जा रही अंतिम रूपरेखा

» जलियांवाला बाग के बाद देश का दूसरा बड़ा नरसंहार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** देश के स्वतंत्रता संग्राम और किसानों के अधिकारों की लड़ाई में 7 जनवरी 1921 का मुंशीगंज गोलीकांड आज भी इतिहास के पन्नों में बर्बरता और बलिदान का प्रतीक बनकर दर्ज है। जलियांवाला बाग के बाद देश में यह दूसरा बड़ा नरसंहार था, जब अंग्रेजी हुकूमत ने निर्दोष, निहत्थे किसानों पर गोलियां बरसा दी थीं, जिनका अपराध मात्र इतना था कि वे अपने हक की आवाज़ बुलंद कर रहे थे। इसी ऐतिहासिक स्थल को अब शासन की मंशा के अनुरूप राष्ट्रीय स्मारक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।





15 अगस्त जैसे राष्ट्र पर्व की पृष्ठभूमि में इस गौरवशाली स्थल को नई भव्यता देने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर स्वयं दो बार निरीक्षण कर चुकी हैं और उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और सौंदर्यीकरण को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं। सोमवार को अपने दूसरे निरीक्षण में डीएम ने कहा कि स्मारक स्थल केवल एक इमारत नहीं, बल्कि जनपद की आत्मा और इतिहास की विरासत है। उन्होंने मुख्य सीढ़ियों पर रेलिंग लगाने, रिक्त स्थानों पर इंटरलॉकिंग, प्रकाश, पेयजल और साफ-सफाई व्यवस्था को समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहीद स्थल पर नीम का पौधा रोपित कर बलिदानियों को नमन किया।

इस दौरान एडीएम (वि/रा) ने आंवले का पौधा लगाया और एडीएम (एफ/आर) अमृता सिंह, प्रभारी जिला पर्यटन अधिकारी सुधीर गिरी, तहसीलदार आकृति, तथा विकास प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे। स्थानीय इतिहासकारों व सामाजिक संगठनों के अनुसार, मुंशीगंज गोलीकांड में शहीद हुए किसानों का बलिदान अभी भी जनमानस में जीवित है। जनपद के कर्मचारी नेता अनूप मिश्रा ने इस स्थल को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग को फिर से प्रमुखता दी है।

उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, और उत्तर प्रदेश शासन को पत्र भेजा है। अनूप मिश्रा ने बताया कि उनके पिता, वरिष्ठ कर्मचारी नेता स्वर्गीय सूर्यकांत मिश्रा ने भी इस शहीद स्थल की पहचान को बचाने के लिए लंबा संघर्ष किया और भारत माता मंदिर की स्थापना उन्हीं के अथक प्रयासों का परिणाम है। अब जब शासन इसे पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए कार्य कर रहा है, तो जनभावना यही है कि इस स्थल को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देकर शहीद किसानों के बलिदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाए।

# श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शिवभक्तों का उमड़ा अपार जनसैलाब

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को चंदापुर स्थित बाबा जगमोहनेश्वर सिद्ध धाम में शिवभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं, जो मुख्य द्वार से बाहर तक फैली रहीं। दिनभर विविध धार्मिक आयोजनों के बीच शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक भगवान वेद द्वारा उत्तराखंड में श्रीराम की की गई स्तुति का 21 बार पाठ श्रद्धेय श्री अंजनी पांडे महाराजगंज द्वारा किया गया। यह अद्भुत पाठ भक्तों के मन को भावविभोर कर गया।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्री अभिलाख कौशल (कचहरी रोड) रहे, जिन्होंने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की व्यवस्था प्रभारी धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया, विद्युत सज्जा की

» बाबा जगमोहनेश्वर सिद्ध धाम में हुआ श्रीराम स्तुति पाठ

» भगवान शिव समस्त सृष्टि के मूलाधार : छोटे राजा हर्षेंद्र सिंह

» चंदापुर राज परिवार के छोटे राजा हर्षेंद्र सिंह व रानी ममता सिंह ने मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर किया पूजन-अर्चन

गई तथा आकर्षक 'सेल्फी प्वाइंट' भी श्रद्धालुओं के लिए तैयार किया गया। ब्रह्ममुहूर्त में सबसे पहले चंदापुर राज परिवार के छोटे राजा हर्षेंद्र सिंह व रानी ममता सिंह ने मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर छोटे राजा हर्षेंद्र सिंह ने कहा, ‡भगवान शिव संहार नहीं, सृजन





के आराध्य हैं। वे केवल त्रिलोकनाथ नहीं, जन-जन की आस्था के स्तंभ हैं। उनकी आराधना से चित्त शुद्ध होता है और जीवन में धर्म, कर्म व शांति का संचार होता है। सुबह 4 बजे से ही अमरूद, केला, आलू व मूंगफली का प्रसाद वितरण आरंभ हो गया था। दोपहर 11 बजे से आचार्य पंडित गोविंद त्रिपाठी (गोरा बाजार) के सानिध्य में 21 परिवारों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया गया, जिसका नेतृत्व शिव के अनन्य भक्त मंटू शुक्ला ने किया।

मंटू शुक्ला ने बताया कि सामूहिक रुद्राभिषेक जनकल्याण और पर्यावरण शुद्धि का प्रतीक है तथा श्रावण मास में इसका विशेष महत्व है। शाम 4 बजे से चना प्रसाद का वितरण किया गया, इसके बाद रात्रि 8 बजे भव्य आरती और फिर पनीर-मटर, पूरी और मेवे की खीर का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। इस पुण्य आयोजन में चंदापुर राज परिवार के छोटे राजा हर्षेंद्र सिंह, रानी ममता सिंह, आशीष सविता, राम राजगीरी, राजू दीक्षित, पंकज अग्रवाल, सुनील सिंह, डॉ. शकुंतला सिंह, डॉ. विजय मिश्रा, रामप्रकाश समेत हजारों शिवभक्तों ने भाग लेकर शिव आराधना की दिव्यता को आत्मसात किया।

### हर-हर बम-बम के जयघोष से गूंज उठे शिवालय

**लालगंज/सरेनी (रायबरेली)।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को लालगंज व सरेनी क्षेत्र शिवभक्ति में सराबोर रहा। भोर पहर से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठे। श्रद्धालु हाथों में गंगाजल, दूध, शहद, धतूरा, बेलपत्र व पुष्प लिए कतारबद्ध होकर भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक करते नजर आए।

क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों- श्री सिहोलेश्वर महादेव, श्री झारखंडेश्वर महादेव, श्री मुंडमालेश्वर महादेव व श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर सहित कई शिवालयों में सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। भक्तों की आस्था व उत्साह के बीच शिवालयों में विशेष सजावट की गई थी। कहीं भजन संध्या का आयोजन तो कहीं श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ श्रद्धालुओं की भक्ति को और गहराता दिखा।

# दरवाजा तोड़ शराब की दो दुकानों से चोरों ने उड़ाई पौने दो लाख की नगदी

» सीसीटीवी फुटेज के सहारे चोरों की पहचान करने में जुटी पुलिस

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** मोहनगंज थाने के जायस तिलोई मार्ग स्थित शाहमऊ कस्बे में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दे सनसनी फैला दी। चोरों ने कस्बा स्थित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों को निशाना बनाया है। चोरों ने दरवाजा तोड़ कर दुकान में घुस गल्ले में रखे करीब एक लाख पचहत्तर हजार रुपए नगदी समेत दारू भी पार कर दिया है।

चोरी की वारदात सी सी टी वी कैमरे में कैद होती उसके पहले शातिर चोरों ने कैमरा ही खोल लिया था। इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दे चोर फरार हो गए जिसकी किसी को भनक तक नहीं लग सकी। इस घटना ने पुलिसिया गस्त की पोल खोल दी। घटना से पुलिस महकमा भी हैरान है। सोमवार को घटना की सूचना मिलते ही शराब दुकानदारों के होश उड़ गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की लेकिन अब तक कोई क्लू नहीं मिल सका है।हालांकि पुलिस आस पास के सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की पहचान में जुट गई है।

देशी शराब की अनुज्ञप्ति धारी रामपति जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण भारतीय की पत्नी हैं। जायस थाना क्षेत्र निवासी बेलवा हसन पुर निवासी श्री भारतीय ने बताया कि शनिवार व रविवार को बैंक बंदी के चलते कैश दुकान में ही रखा रह गया था। इसके साथ ही कस्बे में ही अंग्रेजी शराब की दुकान के मालिक दिग्विजय सिंह ने भी चोरी होने की पुष्टि की है लेकिन इस दुकान में महज दो चार हजार रुपए ही चोरों के हाथ लग सके हैं। रात बारह बजे के आस पास हुई चोरी की बड़ी वारदात पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने दुकानदारों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि जल्द ही वारदात का खुलासा कर शामिल चोरों को जेल भेजा जाएगा।

# अमेठी के जिलाधिकारी व उनकी पुत्री ने शूटिंग में फिर लहराया परचम

» स्वर्ण व रजत पदक हासिल कर अपने नाम की स्टेट ट्रॉफी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** अमेठी के जिलाधिकारी संजय चौहान व उनकी बेटी कु ऋषिका चौहान ने एक साथ दिल्ली स्थित डॉक्टर कर्णी सिंह अन्तर्राष्ट्रीय शूटिंग रेंज में आयोजित 28 वें प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में मास्टर्स और सिविल सर्वेंट श्रेणी के ट्रैप शूटिंग इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

जिलाधिकारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि बेटी ने रजत पदक हासिल किया। पिता व पुत्री ने एक साथ एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर स्टेट ट्रॉफी अपने नाम की। इसी प्रतियोगिता में उनकी पुत्री कुमारी ऋषिका चौहान, जो वर्तमान में कानपुर विश्वविद्यालय की छात्रा हैं, ने ट्रैप शूटिंग इवेंट में रजत पदक जीतकर जिले और अपने परिवार का नाम रोशन किया। यह उल्लेखनीय है कि यह उपलब्धि पिता-पुत्री की जोड़ी द्वारा लगातार तीसरे वर्ष भी बरकरार रखी गई है। अब दोनों खिलाड़ी आगामी माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने की तैयारी कर रहे हैं। जिलाधिकारी की इस बड़ी उपलब्धि पर जिले के अधिकारियों समेत राजनैतिक व प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने खुदी जताई है।जिले भर में जश्न का माहौल रहा।हर कोई पिता पुत्री की इस उपलब्धि के लिए गौरवान्वित महसूस कर रहा है।







# बोल बम के जायकारों से गूंजे शिवालय, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** सावन मास के तीसरे सोमवार को जनपद के सभी प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। जिले के बहादुरपुर पीढ़ी स्थित तपेश्वर नाथ मंदिर, सिंहपुर विकासखंड क्षेत्र के बाबा दत्तहरेश्वर धाम मंदिर, जामो के बूढ़े बाबा शंकर मंदिर सहित सैकड़ों शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।सावन के सोमवार को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। तड़के चार बजे से ही मंदिरों में लंबी कतारें लग गईं। भक्तजन सिर पर गंगाजल की कांवड़ लेकर पहुंचे और विधिविधान से भगवान शंकर का अभिषेक किया। महिला श्रद्धालु भी व्रत रखकर शिव आराधना में लीन दिखीं।बहादुरपुर पीढ़ी का तपेश्वर नाथ मंदिर अपनी चमत्कारी मान्यताओं के लिए जाना जाता है। मान्यता है कि यहां शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि आज दिनभर रुद्राभिषेक, शिव





चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ।इसी तरह सिंहपुर विकासखंड क्षेत्र के बाबा दत्तहरेश्वर धाम मंदिर में भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर समिति की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। स्थानीय युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों ने जल वितरण, प्रसाद वितरण और दर्शन व्यवस्था में सहयोग किया।प्रशासनिक प्रबंध भी रहे चाक-चौबंद। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने मंदिर परिसरों में सुरक्षा बलों की तैनाती की। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए बैरिकेडिंग और पार्किंग व्यवस्था भी की गई थी। कांवड़ यात्रा में शामिल युवाओं ने कहा कि शिवभक्ति से उन्हें शांति और ऊर्जा मिलती है। कई भक्तों ने यह भी बताया कि वे वर्षों से नियमित रूप से सावन के सोमवार को जलाभिषेक के लिए इन मंदिरों में आते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हुई हैं। सावन का यह दूसरा सोमवार अमेठी जनपद के लिए श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम बन गया। शिवालयों में गूंजते मंत्र और भक्तों की आस्था ने पूरे वातावरण को शिवमय कर दिया।

**भंडारे में हजारों भक्तों ने चखा प्रसाद :** श्रावण मास के तीसरे सोमवार की पूर्व संध्या से ही पीढ़ी स्थित तपेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में आयोजकों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में दूर दर्ज से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो जाती है।जिनके रहने वो भोजन की व्यवस्था निःशुल्क कराई जाती है। भंडारा दूसरे दिन तक चला। जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# चरागाह भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा, ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» राजस्व विभाग की निष्क्रियता पर उठे सवाल, डीएम से की शिकायत जांच व कारवाई की मांग

**रायबरेली।** तहसील महराजगंज के अंतर्गत राजस्व ग्राम जनई में चरागाह भूमि पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गांव के निवासी धनंजय सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर मांग की है कि गाटा संख्या 455 की सार्वजनिक चरागाह भूमि को भू-माफियाओं से मुक्त कराया जाए।

धनंजय सिंह का आरोप है कि उक्त भूमि पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने वर्षों से कब्जा कर रखा है और उस पर धान व गेहूं की खेती कर रहे हैं। जबकि यह जमीन ग्राम सभा की है और पशुओं के चारे के लिए आरक्षित है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार हल्का लेखपाल से शिकायत की गई, साथ ही आईजीआरएस पोर्टल पर भी आवेदन दिया गया, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई।शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि लेखपाल राजेन्द्र भारती ने प्रधान प्रतिनिधि को बुलाकर मामले को पैसे से निपटाने की बात कही और चेतावनी दी कि यदि अधिक सवाल उठाए गए तो शिकायतकर्ता की निजी भूमि की भी नाप करवा दी जाएगी। धनंजय सिंह ने पत्र में सागर पुत्र बली, रामदास पुत्र दुखी सहित अन्य लोगों पर भू-माफिया होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि उन्होंने भी कहीं कब्जा किया हो तो प्रशासन निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करे। ग्रामीणों का कहना है कि राजस्व विभाग की लापरवाही और कर्मियों की मिलीभगत से भू-माफिया सक्रिय हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

### एम्स चौकी प्रभारी समय सिंह निलंबित

**रायबरेली।** जनपद के भदोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत एम्स चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक समय सिंह का एक विवादित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वायरल ऑडियो में उपनिरीक्षक द्वारा कथित रूप से एक व्यक्ति से खनन से जुड़े अवैध लेनदेन की बात करते हुए अशोभनीय और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है। ऑडियो की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने मामले का तत्काल संज्ञान लिया और उपनिरीक्षक समय सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया। साथ ही इस प्रकरण में विभागीय जांच भी प्रारंभ कर दी गई है, जिसकी निगरानी वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने स्पष्ट कहा कि "पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार या जनविरोधी आचरण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**साक्षरता अभियान** एनटीपीसी ऊंचाहार की महिलाओं का एक समर्पित प्रयास, जो बदल रहा है ग्रामीण जीवन का भविष्य

# शिक्षा, साक्षरता और सेवा के संगम की मिसाल है प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब

**कनक बिहारी सिंह**

**ऊंचाहार, रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना के परिसर में सक्रिय प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब न सिर्फ एनटीपीसी परिवार की महिलाओं और बच्चों के लिए सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का मंच है, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, साक्षरता और समग्र कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाला एक जीवंत संगठन भी बन चुका है।

यह क्लब अपनी सेवा भावना के जरिए वर्षों से जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं और श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। गांवों के बच्चों की शिक्षा से लेकर संविदाकर्मियों के साक्षरता अभियान तक, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब ने अपने

» क्या एक स्वयंसेवी महिला संगठन बच्चों से लेकर बड़ों तक शिक्षा की अलख जगा सकता है?

» क्या ग्रामीण भारत में महिलाओं के प्रयास से सामाजिक बदलाव की इबारत लिखी जा सकती है ?

प्रयासों से ऊंचाहार की सामाजिक तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाई है। क्लब द्वारा संचालित 'लिटिल नेस्ट' नामक विद्यालय नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों के लिए शिक्षा का एक जीवंत केंद्र है, जिसमें लगभग 170 बच्चे अध्ययनरत हैं। सात योग्य शिक्षकों की देखरेख में बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती





है, बल्कि आर्ट-क्राफ्ट, शैक्षिक खेल, पुस्तकालय उपयोग और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाता है। ग्रामीण परिवारों में इस विद्यालय की विश्वसनीयता इतनी गहरी है कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इसे पहली पसंद मानते हैं।

स्कूल में नियमित रूप से वार्षिकोत्सव, पिकनिक, पर्व-त्योहारों और राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन बच्चों को सामाजिकता से जोड़ने का कार्य करता है। शिक्षा का यह विस्तार केवल प्राथमिक स्तर तक ही सीमित नहीं है। क्लब द्वारा संचालित 'ज्ञान भारती कोचिंग केंद्र' में कक्षा 1 से 10 तक के 30 जरूरतमंद बच्चों को स्कूली समय के बाद निशुल्क कोचिंग दी जाती है। पांच दिन चलने वाली इन कक्षाओं में सभी विषयों की तैयारी कराई जाती है। साथ ही, एक वर्ष की अवधि वाली निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कक्षाएं भी आयोजित होती हैं, जिसमें 20 जरूरतमंद बच्चे दक्ष प्रशिक्षक से डिजिटल शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इन सभी शिक्षकों का वेतन एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाएं क्लब द्वारा वहन की जाती हैं।सिर्फ बच्चों ही नहीं, बल्कि प्रौढ़ों के जीवन में भी ज्ञान की रोशनी फैलाने का जिम्मा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब ने उठाया है। 'सर्व कल्याण केंद्र' के माध्यम से संविदा श्रमिकों और ग्रामीण निरक्षरों के लिए सायं एक घंटे की प्रौढ़ शिक्षा कक्षाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें 30 से अधिक जरूरतमंद नियमित साक्षरता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षा संबंधी आधारभूत संरचना, पाठ्य सामग्री से लेकर शिक्षकों का पारिश्रमिक तक क्लब द्वारा ही सुनिश्चित किया जाता है।

प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की ये सारी गतिविधियां सेवा के उस मूल मंत्र से संचालित होती हैं, जो एनटीपीसी ऊंचाहार को केवल एक विद्युत परियोजना नहीं, बल्कि सामाजिक विकास का भी केंद्र बनाती हैं। क्लब की महिलाएं केवल आयोजक नहीं, बल्कि प्रेरणा स्रोत हैं, जो अपने प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में नई रोशनी जगा रही हैं।

बच्चों की भागीदारी एनटीपीसी के विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतिष्ठित हस्तियों से मेलजोल उन्हें आत्मविश्वास और नई दृष्टि प्रदान करता है। इस प्रकार प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब ऊंचाहार की मिट्टी में सेवा, शिक्षा और सशक्तिकरण का वह बीज बो रहा है, जिसकी छाया आने वाले वर्षों में हजारों जिंदगियों को संवारने वाली है।

## एक नजर

### गांगुली बोले- खेल जरूरी, लेकिन आतंक नहीं

एशिया कप 2025 में भारत–पाकिस्तान मैच को लेकर पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली ने कहा, खेल चलते रहना चाहिए। लेकिन पहलगाम जैसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। टूर्नामेंट का आयोजन 9 से 28 सितंबर के बीच UAE में होने वाला है। भारत–पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही काफी चर्चा में भी हैं। इस बार भारत और पाकिस्तान को फिर से एक ही ग्रुप में रखा गया है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच कई बार आमना–सामना हो सकता है। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर अपनी राय दी। उन्होंने कहा, मैं ठीक हूं। खेल चलते रहना चाहिए। लेकिन पहलगाम जैसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। आतंकवाद रुकना चाहिए। भारत ने आतंक के खिलाफ हमेशा सख्त रुख अपनाया है... लेकिन खेल होना चाहिए।

### पंत चोट के कारण पांचवें टेस्ट से बाहर

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के पांचवें मुकाबले से चोट के कारण बाहर हो गए हैं। उनकी जगह विकेटकीपर नारायण जगदीशन को पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने मैनचेस्टर टेस्ट के बाद इसकी घोषणा की। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पंत के दाहिने पैर की उंगली में फ्रैक्चर हुआ है। स्कैन रिपोर्ट में फ्रैक्चर दिखा है और डॉक्टर्स के अनुसार पंत को कम से कम छह हफ्ते आराम करना होगा। हालांकि, इसको लेकर BCCI की ओर से आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है।मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन 68वें ओवर में पंत चोटिल हो गए। क्रिस वोक्स की धीमी यॉर्कर पर पंत ने रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर जूते पर जा लगी।

### आखिरी टेस्ट के लिए जेमी ओवरटन इंग्लैंड टीम में शामिल

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए बॉलिंग ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया है। सोमवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) ने भारत के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के पांचवें और अंतिम मुकाबले के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान किया। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक द ओवल में खेला जाएगा। ओवरटन की एंट्री कप्तान बेन स्टोक्स के उस बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि टीम को फ्रेश पैरों की जरूरत है। मैनचेस्टर टेस्ट में खुद स्टोक्स भी फील्डिंग के दौरान कई बार तकलीफ में नजर आए थे।

### दलीप ट्रॉफी के लिए साउथ जोन टीम का ऐलान

भारत के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा दलीप ट्रॉफी में साउथ जोन की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट का 2025–26 सीजन 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगा। टीम में कुल 15 खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। केरल से सबसे ज्यादा 4 खिलाड़ी चुने गए हैं। विकेटकीपर मोहम्मद अजहरुद्दीन, बल्लेबाज सलमान निजार, और तेज गेंदबाज एमडी निदीश और बेसिल एनपी। कर्नाटक से देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख को जगह मिली है। पडिक्कल IPL 2025 के आखिरी स्टेज में हैमस्ट्रिंग चोट के कारण नहीं खेल पाए थे, लेकिन अब पूरी तरह फिट हैं। भारत की मौजूदा टेस्ट टीम में शामिल खिलाड़ी साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर और प्रसिद्ध कृष्णा को इस टीम में नहीं चुना गया है। ऋषभ पंत की चोट के कारण भारत टेस्ट टीम में शामिल हो रहे नारायण जगदीशन के मुख्य विकेटकीपर हो सकते हैं। तमिलनाडु से आर साई किशोर और गुरजपनीत सिंह को भी टीम में जगह मिली है।

# 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता

## वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला, भारत की ही कोनेरू हम्पी को फाइनल हराया



**नई दिल्ली।** 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस का FIDE महिला वर्ल्ड कप जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में भारत की ही कोनेरू हम्पी को टाइब्रेक राउंड में हराकर खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ वे भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गईं।

टूर्नामेंट में दिव्या ने कई टॉप रैंक प्लेयर्स को हराया और फाइनल में जगह बनाई। हम्पी के खिलाफ फाइनल में दिव्या ने दोनों प्रमुख मुकाबले ड्रॉ खेले। जिसके बाद सोमवार को टाइब्रेक राउंड हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी। मैच के बाद हम्पी ने कहा कि 12वीं चाल के बाद उन्हें समझ नहीं आया कि अब क्या करना है। हालांकि, 54वीं चाल में दिव्या ने जरूरी बढ़त हासिल कर ली। जिसके बाद हम्पी ने रिजाइन कर दिया और दिव्या को जीत मिली।

**दिव्या को 42 लाख मिलेंगे**

FIDE विमेंस वर्ल्ड कप जीतने पर दिव्या को लगभग 42 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं वर्ल्ड कप (ओपन सेक्शन) के विजेता को लगभग 91 लाख मिलते हैं। विमेंस कैंडिडेट्स के लिए क्वालिफाई किया दिव्या ने वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ अगले साल के विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। वे इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली दूसरी ही भारतीय बनीं। कोनेरू हम्पी ने भी फाइनल में जगह बनाने के साथ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया।

**वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद रो पड़ीं दिव्या**


वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद दिव्या देशमुख ने मां को गले लगाया। मां से मिलते ही वे इमोशनल हो गईं और उनकी आंखों से आंसू छलक आए।

**टाई-ब्रेक राउंड का फॉर्मेट**

2 रैपिड गेम- हर गेम 10 मिनट का होता है। 10 मिनट के 2 गेम में अगर स्कोर बराबर रहा, तो 2 और फास्ट गेम। इस राउंड में हर गेम 5 मिनट का होता है। 5-5 मिनट के दोनों गेम भी बराबरी पर रहे, तो 3-3 मिनट के 2 गेम होते हैं।

## मैनचेस्टर टेस्ट में गिल के 5 रिकॉर्ड्स

### 4 शतक लगाकर ब्रैडमैन-गावस्कर की बराबरी, इंग्लैंड सीरीज में 722 रन बनाने वाले पहले भारतीय भी बने



मैनचेस्टर टेस्ट में रविवार को रिकॉर्ड्स का दिन शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा के नाम रहा। गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर बने। वे डेब्यू टेस्ट सीरीज में 4 शतक लगाने वाले पहले कप्तान भी बने। बतौर कप्तान किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में गिल ने सुनील गावस्कर और सर डॉन ब्रैडमैन की बराबरी की। वहीं रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में नंबर–6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए दो टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत ने हारा हुआ चौथा टेस्ट ड्रॉ करा लिया। टीम ने दूसरी पारी में 143 ओवर बैटिंग की। भारत से शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर ने शतक लगाया। पहली पारी में भारत ने 358 और इंग्लैंड ने 669 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 425 रन बनाए।

शुभमन गिल बतौर कप्तान टेस्ट सीरीज में 700+ रन बनाने वाले नौवें बल्लेबाज बने। उनसे पहले सर डॉन ब्रैडमैन (दो बार), सर गारफील्ड सोबर्स, ग्रेग चैपल, सुनील गावस्कर, डेविड गॉवर, ग्राहम गूच और ग्रीम स्मिथ यह कारनामा कर चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बतौर कप्तान 722 रनों के साथ सर गारफील्ड सोबर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की।

रवींद्र जडेजा ने इस सीरीज में अब तक 5 बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। यह इंग्लैंड में किसी टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी द्वारा संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा 50+ स्कोर हैं। उन्होंने यह उपलब्धि सर गैरी सोबर्स के 1966 में बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए हासिल की है।

रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के बीच हुई यह शतकीय साझेदारी मौजूदा चार टेस्ट मैचों में भारत की 10वीं शतकीय साझेदारी रही। यह किसी भी टेस्ट सीरीज में भारत की दूसरी सबसे ज्यादा 100+ रन की साझेदारियां हैं। इससे पहले भारत ने 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में 11 शतकीय साझेदारियां की थीं। रवींद्र जडेजा के इस टेस्ट सीरीज में 5 अर्धशतक (50+ स्कोर) हो चुके हैं। नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा टेस्ट सीरीज (घरेलू या विदेशी) में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर हैं। उन्होंने वीवीएस लक्ष्मण की बराबरी की है, जिन्होंने 2002 के वेस्टइंडीज दौरे में इतने ही 50+ स्कोर बनाए थे।

# क्रेडिट कार्ड बिल नही चुका पा रहे भारतीय

## बकाया राशि 44% बढ़कर 33,886 करोड़ पहुंची, एक साल पहले ये 23,475 करोड़ थी

**नई दिल्ली।** भारत में 91 से 360 दिन तक का बकाया क्रेडिट कार्ड पेमेंट एक साल में 44.34% बढ़ा है। मार्च 2025 तक यह राशि 33,886.5 करोड़ रुपए हो गई, जो मार्च 2024 में 23,475.6 करोड़ रुपए थी। यानी, एक साल में ही करीब 10,410.9 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। ये वो बकाया है जो लोग तीन महीने से ज्यादा समय से नहीं चुका पाए हैं। बैंकिंग नियमों में इसे ₹नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स₹ (NPA) यानी खराब कर्ज माना जाता है। सीआरआईएफ हाई मार्क की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है। CRIF हाई मार्क रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी, RBI के साथ रजिस्टर्ड एक क्रेडिट ब्यूरो है।

इस ओवरड्यू सेगमेंट में बकाया राशि बढ़कर 29,983.6 करोड़ रुपए हो गई है, जो पिछले साल 20,872.6 करोड़ रुपए थी। यह राशि मार्च 2023 के स्तर से लगभग दोगुनी हो चुकी है।




ये आंकड़े न सिर्फ क्रेडिट पर बढ़ती निर्भरता को दिखाते हैं, बल्कि समय पर भुगतान करने की बढ़ती अक्षमता या अनिच्छा को भी दर्शाते हैं।

**पोर्टफोलियो एट रिस्क बढ़कर 8.2% हुआ**

सीआरआईएफ हाई मार्क की रिपोर्ट में एक और चिंताजनक आंकड़ा सामने आया है, जिसे ₹पोर्टफोलियो एट रिस्क₹ (PAR) कहा जाता है।

ये वो हिस्सा है जो बताता है कि क्रेडिट कार्ड का कितना कर्ज जोखिम में है। मार्च 2025 में 91-180 दिन के बकाए में PAR 6.9% से बढ़कर 8.2% हो गया।

इसी तरह 181-360 दिन के बकाए में PAR 0.9% से बढ़कर 1.1% हो गया, जो 2023 में 0.7% था। ये आंकड़े बताते हैं कि क्रेडिट कार्ड का कर्ज लंबे समय तक अनपेड रह रहा है।

**क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल भी बढ़ा**

क्रेडिट कार्ड बकाए में बढ़ोतरी देश भर में क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल में उछाल के साथ दिखी है। मार्च 2025 तक क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन वैल्यू 21.09 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई, जो पिछले साल 18.31 लाख करोड़ रुपए थी। यानी, इसमें करीब 15% की बढ़ोतरी हुई है।

# 1 अगस्त से लागू होंगे UPI के नए नियम :एक दिन में 50 से ज्यादा बार बैलेंस चेक नहीं कर पाएंगे

**नई दिल्ली।** अगर आप यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी UPI एप से बार-बार बैलेंस चेक करते हैं तो 1 अगस्त से ऐसा करने में आपको परेशानी हो सकती है। 1 अगस्त से आप एक दिन में 50 से ज्यादा बार UPI एप के जरिए बैलेंस चेक नहीं कर सकेंगे। ये बदलाव यूजर्स, बैंकों और मर्चेंट्स, सभी के लिए हैं।


यहां सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि क्या बदल रहा है और इसका आप पर क्या असर होगा...

सवाल 1: UPI में कौन-कौन से नए नियम लागू हो रहे हैं?

जवाब: 1 अगस्त से UPI में कई बदलाव हो रहे हैं। सबसे बड़े बदलाव हैं:

बैलेंस चेक करने की लिमिट: अब आप एक दिन में किसी एक UPI एप से 50 से ज्यादा बार अपना बैंक बैलेंस चेक कर पाएंगे।

ऑटो-पे ट्रांजैक्शंस का समय: ऑटो-पे (जैसे EMI, सब्सक्रिप्शन या बिल पेमेंट) अब दिन में किसी भी समय नहीं, बल्कि तय समय स्लॉट्स में होंगे।



ट्रांजैक्शन स्टेटस चेक की लिमिट: अगर कोई पेमेंट अटक जाता है तो आप उसका स्टेटस सिर्फ 3 बार चेक कर सकते हैं, वो भी हर बार 90 सेकेंड के गैप के साथ। NPCI का कहना है कि UPI सिस्टम पर बहुत ज्यादा लोड पड़ रहा है, खासकर पीक ऑवर्स (सुबह 10 से दोपहर 1 बजे और शाम 5 से रात 9:30 बजे) में।

# अडाणी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा 60% बढ़कर 713 करोड़ हुआ

## कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 4 .9 GW एनर्जी प्रोड्यूस की थी

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की पहली तिमाही में कुल कमाई यानी टोटल इनकम 4,006 करोड़ रुपए रही। ये पिछले साल की तुलना में 28.72% ज्यादा है। कंपनी की इस कमाई में ऑपरेशन से रेवेन्यू 3,312 करोड़ रुपए रहा, सालाना आधार पर ये 31% बढ़ा है। वहीं अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का टोटल खर्च 3,050 करोड़ रुपए रहा।

टोटल इनकम में से खर्च, टैक्स और अन्य खर्चे घटा दें, तो कंपनी को पहली तिमाही में 713 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट हुआ। ये पिछले साल की तुलना में 60% बढ़ा है। अडाणी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार (28 जुलाई) को अप्रैल-जून तिमाही (Q1FY26, पहली तिमाही) के नतीजे जारी किए हैं।

अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी की ऑपरेशनल कैपेसिटी 15.8 GW रही। सालाना आधार पर इसमें 45% बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 4.9 GW एनर्जी प्रोड्यूस की थी।




कंपनी की एनर्जी की सेल में सालाना आधार पर 42% की ग्रोथ हुई और यह 10,479 मिलियन यूनिट रही, जो इस तिमाही में वित्त वर्ष 22 की एनुअल एनर्जी सेल से ज्यादा रही है।

इस साल में अब तक शेयर का परफॉर्मेंस कैसा रहा?

रिजल्ट के बाद अडाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर आज 3.39% की तेजी के साथ 1,009 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी का शेयर पिछले 5 दिन में 2.63% चढ़ा है। वहीं 1 महीने में कंपनी का शेयर 1.6% गिरा और 6 महीने में 2.2% चढ़ा है। एक साल में कंपनी का शेयर करीब 45% गिरा है। कंपनी की मार्केट वैल्यू 1.63 लाख करोड़ रुपए है।

**कॉन्सोलिडेटेड मुनाफा मतलब पूरे ग्रुप का प्रदर्शन**

कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंडअलोन और कॉन्सोलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है। जबकि कॉन्सोलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है।

# 'राघव चड्ढा कभी भी भारत का प्रधानमंत्री नहीं बनेगा'

## कपिल शो में परिणीति को छेड़ते दिखे राघव : बोले- ये जो बोलती है इसका उल्टा होता है



'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के अगले एपिसोड में परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा नजर आने वाले हैं। शो का प्रोमो रिलीज किया गया है, जिसमें दोनों की शानदार केमिस्ट्री देखने मिल रही है। शो में राघव और परिणीति अपनी पहली मुलाकात और रिश्ते पर खुलकर बात करते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा प्रोमो में दोनों अंगूठी ढूंढने की रस्म भी करते दिखे। एपिसोड के दौरान, राघव–परिणीति अपनी पहली मुलाकात का किस्सा बताते हैं। दोनों पहली बार लंदन में मिली थे। इस पर राघव कहते हैं कि परी ने अपना लैपटॉप निकाला और गूगल पर राघव चड्ढा की हाइट सर्च किया था। फिर खड़े होकर कहते हैं कि मैं लंबा हूं यार। राघव यही नहीं रुकते है फिर वो मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'ये जो बोलती है, उसका उल्टा हो जाता है। इसने कहा, मैं कभी किसी पॉलिटिशियन से शादी नहीं करूंगी और नेता से शादी हो गई। अब मैं रोज सुबह इसे उठाकर बोलता हूं, तुम बोल राघव चड्ढा कभी भी भारत का प्रधानमंत्री नहीं बनेगा।' राघव की बात सुनते ही, सेट पर मौजूद सभी लोग हंसने लगते हैं। बता दें कि इससे पहले 18 जुलाई को परिणीति और राघव चड्ढा कपिल शर्मा के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की शूटिंग के लिए पहुंचे थे। लेकिन शो के दौरान राघव चड्ढा की मां की तबीयत खराब हो गई, जिसके चलते उन्हें शूटिंग के बीच में ही अस्पताल ले जाना पड़ा। शो की शूटिंग बीच में ही रद्द हो गई थी। परिणीति और राघव साल 2023 में राजस्थान के उदयपुर स्थित लीला पैलेस में भव्य समारोह में शादी के बंधन में बंध थे। इस वेडिंग फंक्शन में दोनों की फैमिली, करीबी दोस्त, फिल्म इंडस्ट्री और राजनीति जगत के कई जाने-माने नाम शामिल हुए।



# एक्ट्रेस रुचि गुर्जर के खिलाफ शिकायत दर्ज

## डायरेक्टर को चप्पल से पीटा, गाली-गलौज की, अब लग रहे हैं धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग के आरोप

एक्ट्रेस रुचि गुर्जर के खिलाफ रविवार को अंबोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज हुई है। ये शिकायत डायरेक्टर मान सिंह ने उस इंसिडेंट के बाद दर्ज करवाई है, जब एक्ट्रेस ने उनकी फिल्म के प्रीमियर में उनकी चप्पल से पिटाई की थी। शिकायत में एक्ट्रेस समेत 6 लोगों का भी नाम दर्ज है। रुचि गुर्जर के खिलाफ अंबोली पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 118(1), 189(1), 189(2), 190, 191(1), 329(3), 351(2), 352 के तहत मामला दर्ज किया गया है। रुचि पर आरोप हैं कि वो जबरदस्ती फिल्म के प्रीमियर में अपनी सिक्योरिटी टीम के साथ घुस आईं और जमकर हंगामा किया। यहां उन्होंने गाली-गलौज और मारपीट कर प्रीमियर में बाधा डालने की कोशिश की है। ये मामला 25 जुलाई का है, जब एक्ट्रेस ने अंधेरी वेस्ट स्थित सिनेपोलिस में पहुंचकर रात 9 बजे डायरेक्टर मान सिंह पर चप्पल से हमला किया था। यहां उनकी अपकमिंग फिल्म सो लॉन्ग वैली का प्रीमियर चल रहा था।25 जुलाई को प्रीमियर में हंगामा होने के बाद डायरेक्टर मान सिंह ने दैनिक भास्कर से बातचीत में घटना की पूरी जानकारी देते हुए रुचि गुर्जर पर संगीन आरोप लगाए है। उन्होंने बताया है कि रुचि गुर्जर और प्रोड्यूसर करण सिंह के बीच सोनी टीवी के एक शो के सिलसिले में करीब 18 लाख रुपए का लेन-देन हुआ था। 2023 में दोनों के बीच पैसों का सेटलमेंट हुआ था, जिसके बाद दोनों अल्माटी, कजाकिस्तान ट्रिप पर गए थे। मान सिंह ने आरोप लगाया है कि रुचि गुर्जर, करण सिंह के साथ रिलेशनशिप में थीं। दोनों साथ घूमने गए थे, जिससे जुड़े सबूत भी मान सिंह ने दैनिक भास्कर के साथ शेयर किए हैं। इसके बाद रुचि ने करण पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए। रुचि का मानना था कि करण सिंह ने ये पैसे मान सिंह की फिल्म सो लॉन्ग वैली में लगा दिए। हालांकि मान सिंह साफ किया है कि करण ने उनकी फिल्म में कोई पैसे नहीं लगाए हैं, ये आरोप महज घटिया पब्लिसिटी के लिए लगाए जा रहे हैं। और ब्लैकमेल करने की कोशिश है। मान सिंह ने रुचि के आधार कार्ड और पासपोर्ट में अलग-अलग नाम होने पर भी सवाल खड़े किए हैं। विवाद बढ़ने के बाद करण सिंह ने ई-मेल और स्टेटमेंट के जरिए साफ किया है कि उन्होंने मान सिंह की फिल्म सो लॉन्ग वैली में पैसे नहीं लगाए हैं।

# अहान पांडे का दो साल पुराना वीडियो वायरल:बहन अलाना ने पूछा कैसे पता कोई लड़की पसंद, जवाब में एक्टर ने कहा- 'तितलियां उड़ने लगती



'सैयारा' की सफलता ने अहान पांडे को रातों रात स्टार बना दिया है। फैंस अब उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं और उनके पुराने वीडियो ढूंढ के निकाल रहे हैं। अहान का अब एक दो साल पुराना वीडियो इस वक्त वायरल है, जिसमें वो अपनी बहन अलाना पांडे और उनके पति आइवर मैक्रे के साथ नजर आ रहे हैं। वायरल क्लिप में अलाना अपने पति और भाई अहान से ऑकवर्ड सवाल पूछते नजर आ रही हैं। अहान बहन के अजीब सवालों का बहुत मासूमियत से जवाब देते नजर आ रहे हैं। बातचीत के दौरान, अलाना पूछती हैं कि उन्हें कैसे पता चलता है कि उन्हें कोई लड़की पसंद है। इसका जवाब देते हुए, अहान कहते हैं, 'मेरे दिमाग में बॉलीवुड म्यूजिक बजने लगता है। मैं अपने दिल में भी उसे महसूस करता हूं। मेरे अंदर तितलियां उड़ने लगती हैं।' अहान ने यह भी स्वीकार किया कि जब वह किसी को सचमुच पसंद करते हैं तो वह उसे पाने के लिए कोई कोशिश नहीं करते। वह कहते हैं, 'अगर मैं किसी को पसंद करूंगा तो मैं उसके साथ सचमुच बहुत अच्छा व्यवहार करूंगा क्योंकि मैं उसे बहुत पसंद करता हूं। अगर मुझे कोई लड़की पसंद आती है, तो मैं उसे पाने के लिए कोई जोर-जबरदस्ती नहीं करूंगा।'

# 18 की उम्र में पूजा बनर्जी ने भागकर शादी की

## कहा- पहली शाम हुआ गलती का एहसास, वो पलट गया था फिर एक्टर कुणाल से की दूसरी शादी



हाल ही में किडनैपिंग का आरोप लगने से सुर्खियों में रहीं एक्ट्रेस पूजा बनर्जी ने अपनी पहली शादी टूटने पर शॉकिंग खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया है कि शादी की पहली शाम ही उन्हें गलती का एहसास हो गया था। इसके बाद शादीशुदा होते हुए ही उनकी जिंदगी में एक्टर कुणाल की एंट्री हुई और उन्होंने पहले पति को छोड़कर कुणाल से शादी कर ली। एक्ट्रेस ने ये भी बताया है कि उनके पूर्व पति का अफेयर उन्हीं के दोस्त की गर्लफ्रेंड से था। सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में पूजा बनर्जी ने पहले पति को छोड़कर कुणाल से शादी करने पर बात की। उन्होंने कहा, जब मेरी शादी हुई, 'मैं 18 साल की थी। तब मैंने घर से भागकर शादी की थी। जब मैंने शादी की तो उसी शाम मुझे एहसास हो गया कि ये एक गलती है, क्योंकि वो पूरी तरह पलट गया था। जिस इंसान को मैं जानती थी, जिससे मैं प्यार करती थी, जिसके लिए मैंने अपने पेरेंट्स को छोड़ा और सब कुछ छोड़ दिया, वो बिल्कुल उससे उल्टा था, जैसा मैंने उसके बारे में सोचा था। उस वक्त मुझे समझ नहीं आ रहा था। मैं घर वापस नहीं जाना चाहती थी, क्योंकि मैंने अपने पेरेंट्स को बुरा महसूस करवाया था। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि करूं तो क्या करूं।' आगे एक्ट्रेस पूजा बनर्जी ने बताया है कि जब वो कुणाल से मिलीं तो उनकी शादीशुदा जिंदगी ऐसी थी, जैसे दो अजनबी एक छत के नीचे बस साथ रह रहे हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'हम दोनों एक दूसरे के लिए जिंदा नहीं थे। अगर मैं घर में आती थी, तो वो मुझे देखता भी नहीं था।' जिस समय पूजा बनर्जी ने टीवी शो में कुणाल के साथ तुझ संग प्रीत लगाई में काम किया था, तब वो पति के साथ ही रह रही थीं। सेट में ही उनकी और को-स्टार कुणाल की दोस्ती हुई थी। उन्होंने कुछ समय बाद पति को छोड़ दिया और फिर कुणाल से शादी कर ली।

## एक नजर

### जनवारीनाथ धाम में सावन के तीसरे सोमवार को हुआ फल वितरण



**सुलतानपुर।** सावन के पवित्र तीसरे सोमवार के अवसर पर लंभुआ विधानसभा के प्रसिद्ध शिवालय बाबा जनवारीनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक (रजि.) के तत्वाधान में भव्य फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भदैया ब्लॉक अध्यक्ष हरेंद्र मिश्रा ने किया। फल वितरण में संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं ब्राह्मण बंधुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष पं. अरविन्द राय, सत्यप्रकाश तिवारी, विपिन पाण्डेय, जयमुकुंद मिश्रा, संतोष मिश्रा, हर्ष पाण्डेय, सचिन मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, जय प्रकाश पाण्डेय, सचिन तिवारी, डा. अंकित मिश्रा, भोजप्रताप तिवारी, विपिन तिवारी, कपिलदेव शर्मा, मोनू मिश्रा, शिवम पाठक सहित दर्जनों ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और प्रसाद ग्रहण कर संगठन के इस सेवा कार्य की सराहना की।

### चिकित्सक हत्याकांड में विवेचक तलब

**सुलतानपुर।** चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में सोमवार को विवेचक श्रीराम पांडेय के नहीं आने से गवाही नहीं हो सकी। वादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि न्यायाधीश संतोष कुमार ने साक्ष्य के लिए दूसरे विवेचक श्रीराम पांडेय को तलब कर पांच अगस्त को सुनवाई फिर नियत की है। पीड़िती ने शास्त्री नगर मोहल्ले में 23 सितंबर 2024 की शाम हुए हत्याकांड में अजय नारायण सिंह और उसका ड्राइवर दीपक सिंह आरोपी है। मुकदमे में आरोपी सहे जगदीश नारायण सिंह और विजय नारायण सिंह की मौत हो चुकी है।

### जानलेवा हमले के मामले में आरोप तय

**सुलतानपुर।** बंधुआ कला थाना क्षेत्र के पूरे शीतल मझना में छह माह पूर्व दुर्गेश यादव पर जानलेवा हमला करने के आरोपी मोहित पांडेय पर सोमवार को सेशन जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने आरोप तय किए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अशोक शुक्ल ने बताया कि बीती 31 जनवरी की शाम की घटना में दुर्गेश के पिता रामसहाय ने आरोपी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के आरोप में केस दर्ज कराया था। 18 अगस्त को मुकदमे में गवाही नियत की गई है।

### देवरिया और नरायनपुर में चोरों की दस्तक नकदी व आभूषण उड़ाए



**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** गोसाईंगंज थाने के देवरिया और नरायनपुर गांव में चोरों ने रविवार की रात तीन घरों को निशाना बनाया। नकदी और आभूषण समेट कर चोर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। पीड़ितों ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। देवरिया गांव में चोर छत का दरवाजा तोड़कर अखिलेश तिवारी के घर में घुस आए। यहां से तीन सोने के चेन, सोने का हार, सात अंगूठी, सात हजार रुपया नगद सहित करीब आठ लाख का आभूषण उठा ले गए। इसी गांव में विजय प्रकाश तिवारी के घर से चोर 22 हजार नगद और तीस हजार का सामान उठा ले गए। यहीं के राम बहाल तिवारी के घर में चोरी का प्रयास किया गया। नरायनपुर जासापारा के रवि पाण्डेय के यहां दरवाजे का ताला काटकर चोर घर में घुस आए। इनके यहां से 70 हजार रुपया नगद व पांच लाख का आभूषण चोर उठा ले गए। इसी गांव के हरिचंद्र पाण्डेय में भी चोरी का प्रयास किया गया। चोरों ने घर में लगा सीसीटीवी का वायर काट डाला। पुलिस ने डीवीआर को कब्जे में लिया है। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटना से गांव के लोग दहशत में है। रात में जगकर लोग अपने घर की रखवाली करने को मजबूर हैं। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही वर्कआउट कर लिया जाएगा।

### पत्रकारों व समाजसेवियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बहराइच।** ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ बहराइच के तत्वाधान में मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ एवं जिला चिकित्सालय बहराइच के संयुक्त सहयोग से पत्रकारों व समाजसेवियों के लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर संघ के जिला अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित किया गया। इसमें संगठन के पदाधिकारी प्रदेश मंत्री मदन खान, जिला अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज खान, जिला उपाध्यक्ष अजय कश्यप, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, जिला महामंत्री नंदकुमार, सचिव अजीत यादव, जिला महासचिव अमित यज्ञ सैनी, जिला सचिव अजय यज्ञ सैनी, सचिव अजय कुमार, तहसील मंत्री अमरनाथ सिंह, तहसील सचिव अजय फैजाबादी, जिला सचिव परवेज खान, जिला मंत्री सिराज अहमद, मंत्री मंत्री मुस्ताक खान, जिला सचिव अफजाल अहमद, जिला संगठन मंत्री महेश गुप्ता, सचिव रिजवान खान, सचिव संजय गुप्ता, विधिक सलाहकार कलीम हाशमी, विधिक सलाहकार घनश्याम वर्मा, ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भरपूर प्रयास किया और कार्यक्रम को सफल बनाया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह, वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी व आम नागरिक उपस्थित रहे। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने पुलिस अधीक्षक नगर, अधिशासी अधिकारी समेत सभी आगंतुकों की नि:शुल्क मेडिकल जांच व परामर्श प्रदान किया। मेदांता हॉस्पिटल के डॉ. अमित शांडिल्य ने बताया कि शिविर में करीब 250 ओपीडी मरीजों की जांच की गई, जिनमें हार्ट, ब्लड प्रेशर, शुगर, हाइपरटेंशन, जोड़ों का दर्द, माइग्रेन व सूजन आदि से संबंधित मरीज प्रमुख रूप से शामिल रहे। सेवाओं का लाभ लिया और संघ के प्रयासों की सराहना की।

# अधिवक्ता संघ के 57वें चुनाव में जान लड़ा रहे प्रत्याशी

» आखिरी दौर में पहुंचा चुनाव प्रचार, मतदान आज


**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** अधिवक्ता संघ की 57वीं कार्यकारिणी के गठन के लिए प्रत्याशियों के बीच चुनावी घमासान अन्तिम चरण में है। अध्यक्ष पद के 12 और सचिव के आठ प्रत्याशी समेत कुल पदों पर 59 दावेदार मैदान में हैं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान दीवानी परिसर में पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।

बार चुनाव में जातीय समीकरण प्रमुख भूमिका निभाता चला आ रहा है। सुलतानपुर के कलेक्ट्रेट, तहसील और दीवानी के इकलौते बार एसोसिएशन में इस बार 1913 अधिवक्ता वोट डाल सकेंगे। इनमें ब्राह्मण बिरादरी के अधिवक्ताओं की संख्या करीब 800 है। इसके बाद सबसे अधिक वोटर क्षत्रिय बिरादरी से आते हैं जिनकी संख्या करीब 400 है। कायस्थ और यादव वर्ग के वोटरों की संख्या मिलाकर करीब 350 है। मुस्लिम अधिवक्ताओं के करीब 150 मत हैं। शेष मतदाता वकील अन्य सभी वर्गों से आते हैं। बीते वर्षों में चुनावी परिणाम में जातीय समीकरण ने बड़ी भूमिका निभाई है। इसलिए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि यह चुनाव इससे अछूता रहेगा। पूर्व अध्यक्ष राम विशाल तिवारी कहते हैं कि भारतीय लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया में जातीय समीकरण घुल चुका है इसलिए इससे बाहर निकल पाना संभव नहीं है।



धीरेन्द्र सिंह धीरू



अरविन्द सिंह राजा



हरीराम त्रिपाठी



अब्बास अहमद खान

### विंदा प्रसाद श्रीवास्तव बने थे पहले अध्यक्ष

बार एसोसिएशन के रिकॉर्ड में साल 1953 में विंदा प्रसाद श्रीवास्तव पहले अध्यक्ष के रूप में दर्ज हैं। सैयद मोहम्मद अब्बास पहले सचिव बने थे। इसके बाद ठाकुर बेंचू सिंह, देवानन्द सिंह और रामसरन सक्सेना अध्यक्ष बने। इसके बाद राणा प्रताप पीजी कॉलेज के प्रबन्धक रहे बाबू बांके बिहारी सिंह बार के अध्यक्ष बने थे। उन्होंने जिले में विश्व हिन्दू परिषद की पहली शाखा भी लगाई थी। बांके बिहारी सिंह के पुत्र शैलेन्द्र सिंह मशहूर वकील के साथ शूटिंग में राज्य चैम्पियन थे। जिनके पुत्र अरविन्द सिंह राजा इस समय जिले के चर्चित वकील हैं। साल 1969 में शम्भू प्रसाद अग्रवाल बार अध्यक्ष बने जिसके बाद से हर वर्ष चुनाव होते आ रहे हैं। बाबू गनपत सहाय के समय से मुंशी के रूप में कार्यरत रहे सभाजीत मिश्र बताते हैं कि बार एसोसिएशन के शुरुआती दौर में सबसे सीनियर अधिवक्ता को अध्यक्ष मनोनित कर दिया जाता था। समय बीतने के साथ प्रतिस्पर्धा बढ़ गई और पदाधिकारियों का चुनाव मतदान से होने लगा।

### वकीलों ने निष्पक्ष मतदान का आह्वान किया

अध्यक्ष पद प्रत्याशी हरीराम त्रिपाठी ने कहा कि सभी वर्ग के वकील जिस तरह चुनाव प्रचार में साथ मिलकर अपनी भूमिका निभा रहे हैं उससे लगता है कि यह चुनाव बीते सालों की परम्परा को तोड़ेगा। उन्होंने भ्रष्टाचार रोकने और व्यवस्था में विकासोन्मुख परिवर्तन के लिए बिना भेदभाव के मतदान आह्वान किया है। अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कहा बार एसोसिएशन में वित्तीय अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार रोकने के लिए चुनाव उचित अवसर है। हमें जातिवाद से ऊपर उठक योग्य, ईमानदार और कर्मठ प्रतिनिधियों का चुनाव करने की जरूरत है। अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने आह्वान किया कि बार चुनाव में अधिवक्ता साथी अपने विवेक का सही इस्तेमाल करें। धर्म और जाति को दरकिनार कर प्रत्याशियों को उनके रिकार्ड और योग्यता के आधार पर चुनें। चुनाव अधिवक्ता संघ की उन्नति वाला होना चाहिए। सरकारी वकील धीरेन्द्र सिंह धीरू ने अधिवक्ताओं से एकजुट होकर अधिक से अधिक निष्पक्ष मतदान की अपील की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस बार वोटर बीते वर्षों की परम्परा से हटकर सुचितापूर्ण ढंग से जातीय समीकरण से हटकर उन पर भरोसा जताएंगे।

# 19 करोड़ से बन रही सड़क की विधायक ने परखी गुणवत्ता

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने सोमवार को बिरसिंहपुर से बगियागांव चौराहा वाया दियरा बाजार पुल तक बन रही सड़क का औचक निरीक्षण किया। लगभग 19 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना की गति और गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। साथ ही जल निकासी को लेकर बड़ी पाइप डालने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मार्ग ग्रामीण अंचल की आर्थिक और सामाजिक धुरी है, अतः निर्माण में गुणवत्ता और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान बगियागांव चौराहे पर जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वहां ड्रेनेज पाइप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे वर्षा के दौरान जलभराव न हो और लोगों को आवागमन में असुविधा न झेलनी पड़े।

साथ ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री के गुणवत्ता की नियमित जांच करने को कहा है। उन्होंने साफ कहा कि जनता की सुविधाओं और अधिकारों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रामजीत पाल, रत्नेश तिवारी, व्यापारी रमेश अग्रहरि, विनोद मोदनवाल, अरविंद, प्रधान कुलदीप यादव व संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# 31 को डीआईओएस कार्यालय का घेराव करेगा माशिसं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष राज बहादुर पाठक के विनोबापुरी स्थित आवास पर संपन्न हुई। बैठक में 31 जुलाई को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर आयोजित होने वाले धरने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

जिला महामंत्री पंकज सिंह ने संगठन की ओर से तैयार 15 सूत्रीय मांग पत्र कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा। साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष डा. तारा सिंह ने जिले की शिक्षकीय समस्याओं के समाधान के लिए 12 सूत्रीय मांग पत्र तैयार किया, जिसे जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष राज बहादुर पाठक ने कहा कि जिले के समस्त शिक्षक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी 31 जुलाई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, सुल्तानपुर पर भारी संख्या में एकत्र होकर प्रदेश सरकार की शिक्षक-कर्मचारी विरोधी नीतियों का विरोध करेंगे। इस दौरान 15 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को और 12 सूत्रीय मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा जाएगा।

बैठक का समापन प्रदेश मंत्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया और उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। तारा सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, देवेंद्र प्रताप सिंह प्रदेश मंत्री, सुरेंद्र मणि यादव कोषाध्यक्ष, डा. सुधीर यादव, रमाशंकर उपाध्याय, संजय कुमार पांडेय, ओमप्रकाश सिंह, दिनेश चतुर्वेदी, हरेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र वर्मा, सूर्य प्रकाश वर्मा, राधारमण मिश्रा, माधवराम यादव, डा. विशाल सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी, विजय सिंह, दुर्गेश यादव, हरिश्चंद्र तिवारी सहित अन्य पदाधिकारीगण।

# एएसपी सिटी ने हुजूरपुर और रानीपुर थाने का किया निरीक्षण

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बहराइच।** एएसपी सिटी रामानन्द कुशवाहा ने थाना रानीपुर और हुजूरपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने विवेचकों का अर्दली रूम कर लंबित विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विवेचकों को लंबित मामलों के शीघ्र और गुणवत्ता परक निस्तारण के निर्देश दिए। एएसपी सिटी ने विवेचकों को तथ्यों की सही जांच करने तथा विवेचना में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी प्रकार के दबाव में न आने की हिदायत दी।

अर्दली रूम का मुख्य उद्देश्य विवेचनाओं की गुणवत्ता में सुधार करना था। इसके साथ ही लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना भी इसका लक्ष्य था। एएसपी सिटी ने विवेचकों का मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने सभी को अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। आगे की कार्रवाई में एएसपी सिटी द्वारा विवेचकों की नियमित समीक्षा की जाएगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सभी अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन कर रहे हैं। एसपी सिटी विवेचनाओं की प्रगति की निगरानी भी करेंगे और आवश्यकतानुसार निर्देश देते रहेंगे।

# जूडो क्लस्टर व बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के आरक्षियों ने झटके पदक

» सुलतानपुर के नाम रही चल बैजन्ती शील्ड

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस की राज्य स्तरीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2025 में सुलतानपुर जनपद के आरक्षियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अव्वल प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा चल बैजन्ती पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जूडो क्लस्टर (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता में आरक्षी संध्या यादव ने 75-80 किग्रा वर्ग में लखनऊ जोन की ओर से भाग लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, आरक्षी आरती यादव ने 65 किग्रा वर्ग में लखनऊ जोन से प्रतिभाग कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, आरक्षी संध्या यादव ने 10 जुलाई से 12 जुलाई 2025 तक रिजर्व पुलिस लाइंस सीतापुर में जनपद की ओर से प्रतिभाग करते हुए 75-80 किग्रा वर्ग में फिर से प्रथम स्थान प्राप्त किया।



इसी आयोजन में आरक्षी रिचा मिश्रा (65 किग्रा) एवं आरती यादव (65-70 किग्रा) ने भी प्रथम स्थान हासिल कर टीम को विजयी बनाते हुए शील्ड सुलतानपुर पुलिस के नाम की। बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी जिले के खिलाड़ी पीछे नहीं रहे। आरक्षी संदीप शर्मा और किशन पटेल ने टीम चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर सुलतानपुर के नाम चल बैजन्ती शील्ड की। मिक्स डबल मुकाबले में आरक्षी किशन पटेल और महिला आरक्षी आरती यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग की टीम चैंपियनशिप में संध्या यादव व आरती यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ायज्ञं इस उपलब्धि पर एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने सभी विजयी प्रतिभागियों को चल बैजन्ती पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आरक्षियों का आत्मबल बढ़ता है और वे भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर और प्रतिसार निरीक्षक समेत पुलिस विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। राज्य स्तरीय यह प्रतियोगिता मनोज कुमार सोनकर (आयोजन सचिव/डीआईजी पीएसी वाराणसी) व डॉ. प्रतिंदिर सिंह (सचिव/आईजी पीएसी, मध्य जोन लखनऊ) की देखरेख में आयोजित हुई। सुलतानपुर पुलिस के जांबाज खिलाड़ियों ने न सिर्फ पदक जीते, बल्कि पूरे जिले को गौरवांवित किया।

# प्रेमिका से मिलने गए युवकों पर पिता ने बोला चाकू से हमला, एक की मौत

» प्रेमी की हालत गम्भीर आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी पुलिस

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कादीपुर-सुलतानपुर।** रविवार की देर रात प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी एवं उसके साथी पर प्रेमिका के पिता ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे मौके पर एक किशोर की मौत हो गई। जबकि प्रेमी कुनाल घायल हो गया। वहीं उसका एक साथी मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के बेरा मारूफपुर गांव के कुनाल (22) पुत्र रमाशंकर अपने मित्र संजय निषाद (16) एवं बाबू खान (22) अपने प्रेमिका से मिलने बीती रात पलियागोलपुर गांव स्थित नहर के किनारे पहुंचे थे। घर वालों को चकमा देकर प्रेमिका उन लोगों से मिलने घर से आई।





इसी दौरान परिवार वालो को भनक लग गई। मौके पर पहुंचे प्रेमिका के पिता घनश्याम ने चाकू से इन लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। जिससे किशोर संजय की मौके पर मौत हो गई। जबकि कुनाल के हाथ एवं कंधे पर चाकू से मार कर घायल कर दिया। वहीं बाबू खान मौके से भागने में सफल रहा। ताबड़तोड़ चाकूबाजी से लहुलुहान युवकों की चीख पर घटनास्थल के इर्द-गिर्द लोगों की भीड़ जुट गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वारदात के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपित घनश्याम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग को लेकर हत्या हुई है। घटना के सम्बंध में मुकदमा दर्जकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**प्रेमी की दुकान पर काम करता था मृतक, परिवार में कोहराम :** मृतक के पिता सुनील के अनुसार रविवार को सुबह 8 बजे गांव के ही शंकर अग्रहरि के पुत्र कुनाल ने संजय को दुकान पर काम करने के लिए मुस्तफाबाद सरैया लेकर गया था। शंकर अग्रहरि की मुस्तफाबाद सरैया बाजार में स्थित चाय की दुकान पर संजय काम करता था। रात लगभग दो बजे पुलिस ने सूचना दी की नहर की पटरी से सौ मीदूर दूर शव मिला, जिसे सीएचसी कादीपुर लाया गया है। आरोप है कि पलियागोलपुर गांव के घनश्याम कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी है। अस्पताल पहुंचने पर बेटे का शव देखकर परिवार वाले बदहवास हो उठे हैं। गौरतलब है कि मृतक के पिता सुनील निषाद ई-रिक्शा चालक हैं एवं माता केशा गृहणी है। इनके तीन पुत्र एवं एक पुत्री है। बड़े पुत्र संजय (16) मृतक जो इसी वर्ष ही हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर मुस्तफाबाद सरैया बाजार में एक दुकान पर काम करते थे। दूसरे पुत्र आकाश (12) एवं तीसरे पुत्र सुदेश (8) तथा बहन उजाला (10) है। संजय की मौत की सूचना सुनकर परिवार में कोहराम मच गया है।

# विस्फोटक बरामदगी में पांच साल की जेल

**सुलतानपुर।** पुलिस की छापेमारी में देशी बम बरामद होने के दोषी पाए गए भुल्लन दुबे को न्यायाधीश संतोष कुमार ने पांच साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। उस पर पांच हजार रूपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। अमेठी के सरवनपुर निवासी सोनू सिंह पर छह जनवरी 1999 को पुलिस जानलेवा हमले के मामले में दबिश देने गई थी।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने मुकदमा दर्ज कराया कि उस दौरान आरोपी भुल्लन दुबे के कब्जे से देशी बम बरामद हुआ था। सरकारी वकील वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि मुकदमे के दौरान आरोपी गिरधारी लाल की मौत हो गई थी। इसी केस में दोषी सोनू सिंह को बीती 30 जून सजा सुनाई गई थी। भुल्लन दुबे पुत्र राम सुमेर दुबे मोहल्ला हरिश्वर दूबे का पुरवा पुलिस चौकी गभड़यि जिला सुलतानपुर का निवासी है।

# मां गोमती की भव्य आरती सम्पन्न, जनसहभागिता से गूंजा तट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** लगभग 14 वर्ष पूर्व गोमती मित्र मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी दिनकर सिंह द्वारा शुरू की गई माँ गोमती आरती आज एक विशाल जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। इस आरती का उद्देश्य केवल धार्मिक नहीं, बल्कि जनजागरण से जुड़ा हुआ था कि लोगों को माँ गोमती से जोड़ना, उनकी दशा पर सोचने को प्रेरित करना, और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना।



मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने बताया कि समय के साथ आरती का स्वरूप भी भव्य होता गया। अब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को काशी की गंगा आरती की तर्ज पर तीन आचार्यों के निर्देशन में इसे आकर्षक ढंग से संपन्न कराया जाता है। 27 जुलाई को भी माँ गोमती की आरती को अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न किया गया। आरती का संचालन पं. आनंद वत्स मिश्र, प्रांजल सिंह व राज मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया, जबकि मुख्य यजमान विनोद पाठक रहे। जयकारों से गूंजते वातावरण में उपस्थित श्रद्धालुओं ने माँ गोमती का आशीर्वाद लिया एवं प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र शर्मा, रमेश माहेश्वरी, संतकुमार प्रधान, राकेश सिंह दद्दू, राकेश मिश्रा, अजीत शर्मा, राजेश पाठक, राजीव कसौंधन, विकास शर्मा, योगेश सिंह, महेश प्रताप, अनुज सिंह, दाऊ जी, अजय प्रताप सिंह, डा. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, दुर्गेश, रामेन्द्र प्रताप सिंह, शालिनी कसौंधन, मिथिलेश पाण्डेय, आमिना बानो सहित संगठन के सभी पदाधिकारी व सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कर्नाटक में पार्टी मजबूत कर रहे उपाध्यक्ष अयूब उल्ला खां

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अयूब उल्ला खान ने कर्नाटक प्रभारी के रूप में राज्य में सपा की पकड़ मजबूत करने के साथ ही कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उत्साहवर्धन भी किया।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता अयूब उल्ला खान को कर्नाटक प्रदेश का प्रभारी नामित किया है।

कर्नाटक में तीन दिवसीय दौरे पर उन्होंने अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मल्लैया, पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम नायकोड़ी, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष एमडी खासम, माइनॉरिटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष बाबू हुसैन, रॉबिन मैथ्यूज, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत केजी मट्ठु,



बैंगलोर के जिलाध्यक्ष जयराम रेड्डी, गुलबर्गा के जिलाध्यक्ष महबूब, बिदर के जिलाध्यक्ष एम. स्वामी प्रदेश, सचिव महिला विंग आइशा रानी, बैंगलोर यूथ ब्रिगेड के नगर अध्यक्ष असलम, अमरुत अप्पा, बसोराज पाटिल आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अयूब उल्ला ने बताया कि दक्षिण भारत में पार्टी के मिशन के तहत कर्नाटक के गुलबर्ग, बीजापुर, चन्ना पटना, रायचूर, हुबली, मंगलौर, बेलगाम, धरवाड़, कारवार, कावेरी सहित राज्य के अधिकांश जिलों में पार्टी अपना प्रभाव छोड़ रही है।

## एक नजर

### बढ़ सकती हैं महुआ मोइत्रा की मुश्किलें



**नयी दिल्ली।** तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की कैश फॉर क्वेरी मामले में एक बार फिर से मुश्किलें बढ़ सकती है। सीबीआई ने उनके खिलाफ लोकपाल को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट के आधार पर लोकपाल तय करेगा कि टीएमसी सांसद पर आगे क्या कार्रवाई करनी है। महुआ पर उनके पूर्व प्रेमी और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने 14 अक्टूबर, 2023 को संसद में सवाल पूछने के बदले घूस लेने के आरोप में सीबीआई में केस दर्ज कराया था। इसके अगले दिन भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने महुआ को लोकसभा से सस्पेंड करने की मांग की। महुआ पर बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से मंहगे गिफ्ट्स लेने के भी आरोप लगे थे। महुआ ने खुद ये बात मानी भी थी। 8 दिसंबर, 2023 को महुआ को लोकसभा से सस्पेंड कर दिया गया था। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में वे पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से दूसरी बार सांसद चुनी गई थीं।

### ऑनलाइन माफी पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नयी दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी को लेकर भाजपा मंत्री विजय शाह की ऑनलाइन माफी पर सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने शाह के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने शाह द्वारा सार्वजनिक रूप से मांगी गई माफी को निष्ठाहीन बताते हुए खारिज कर दिया। यह देखते हुए कि अपने माफीनामे वाले वीडियो में शाह ने जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने की बात स्वीकार नहीं की। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा– वह आत्मचिंतन करें कि अपनी सजा कैसे चुकाएं। आपकी वह सार्वजनिक माफी कहां है? हमारे धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं।

### नहर में गिरी पिकअप, 7 श्रद्धालुओं की मौत

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना में रविवार देर रात मलेरकोटला रोड पर जगेड़ा नहर के पुल से महिंद्रा पिकअप गाड़ी नहर में गिर गई। गाड़ी में कुल 29 लोग सवार थे, जिनमें से 2 बच्चों और 4 महिलाओं समेत सात लोगों की मौत हो गई। वहीं, 3 लोग नहर में लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। सभी लोग हिमाचल से माता नैना देवी के दर्शन कर अपने गांव मानकवाल लौट रहे थे। गाड़ी में सवार लोगों के अनुसार, पिकअप गाड़ी ओवरलोड थी। एक वाहन को ओवरटेक करते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। मृतकों की पहचान जरनैल सिंह (52), कृष्णा कौर (60), मनजीत कौर (58), कमलजीत कौर (25), सुखमन कौर (डेढ़ साल) महिंदर कौर (22) और आकाशदीप सिंह (8) के रूप में हुई है। वहीं, केशर सिंह, अर्शदीप कौर और गुरप्रीत सिंह लापता हैं, जिनकी खोज में सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

### ननों की गिरफ्तारी को लेकर संसद पर प्रदर्शन

नयी दिल्ली। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में केरल की दो कैथोलिक ननों की गिरफ्तारी को लेकर दिल्ली में संसद के बाहर प्रदर्शन हुआ है। मिशनरी सिस्टर्स को धर्मांतरण और मानव तस्करी के आरोप में पकड़ा गया है। गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को केरल से विपक्ष के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा– छत्तीसगढ़ में 2 कैथोलिक ननों को उनकी आस्था के कारण निशाना बनाकर जेल भेज दिया गया। यह न्याय नहीं, बल्कि भाजपा–आरएसएस का भीड़तंत्र है। यह एक खतरनाक पैटर्न को दर्शाता है। ये बीजेपी के शासन में अल्पसंख्यकों का सिस्टेमैटिक उत्पीड़न है। यूडीएफ सांसदों ने संसद में विरोध प्रदर्शन किया। हम चुप नहीं बैठेंगे। धार्मिक स्वतंत्रता एक संवैधानिक अधिकार है। हम ननों की तत्काल रिहाई और इस अन्याय के लिए जवाबदेही की मांग करते हैं।

### पटना में कुत्ते का आवासीय प्रमाण पत्र

जारी :पिता का नाम कुत्ता बाबू, मां का नाम कुतिया देवी लिखा; DM ने दिए जांच के आदेश फुलवारी शरीफ। पटना के मसौढ़ी में एक कुत्ते के नाम पर आवासीय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। मामला सामने आने के बाद पटना के वरिष्ठ अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। सर्टिफिकेट में नाम डॉग बाबू लिखा है। पिता का नाम कुत्ता बाबू और मां का नाम कुतिया देवी लिखा है। पटना के डीएम त्याग राजन ने सोमवार को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने मसौढ़ी अनुमंडल के अनुमंडलाधिकारी को जांच का जिम्मा सौंपा है। जिलाधिकारी ने 24 घंटे के अंदर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मसौढ़ी अनुमंडलाधिकारी ने बताया कि किसी ने फर्जी तरीके से आवेदन कराया है। उन्होंने कहा कि वे इसकी गहराई से जांच कर रहे हैं।

### पटना जंक्शन पर ट्रैक डूबा, ट्रेनें फंसी

नयी दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर राजस्थान में एक्टिव है। इसके चलते मौसम विभाग ने राजस्थान के 14 जिलों में आज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ 8 जिलों झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, धौलपुर और अजमेर में स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। बिहार के पटना में रविवार पूरी रात हुई बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। पटना जंक्शन पर रेल ट्रैक डूब गया है। स्टेशन के बाहर 2 फीट पानी भर गया है। पटना–गया लाइन की पैसेंजर ट्रेन अलग–अलग स्टेशन पर रुकी हुई हैं। ओडिशा में भारी बारिश के बाद सुवर्णरेखा, बैतरणी और जलाका नदियों के उफान पर आने के कारण बाढ़ आई है। मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, सुंदरगढ़ और क्योंझर के प्रभावित इलाकों से 1000 से ज्यादा लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

### स्कूल का गेट गिरने से छात्र की मौत

जैसलमेर। पूनमनगर में सरकारी स्कूल का गेट गिरने से 1 छात्र की मौत हो गई, जबकि एक टीचर और 5 साल की बच्ची के भी चोटें आई है। टीचर को जवाहिर हॉस्पिटल रेफर किया गया है। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल का मैन एंट्री गेट गिरने से यह हादसा हुआ। इधर, उदयपुर में स्कूल के 3 कमरों का प्लास्टर गिर गया। 45 बच्चे बाल–बाल बच गए। अरबाज खान (7) पुत्र तालब खान की दो बहनें गर्ल्स स्कूल में पढ़ती है, वहीं अरबाज करीब 100 फीट की दूरी पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में पहली क्लास में पढ़ता था। सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह अपनी बहन को लेने आया था। इसी दौरान स्कूल का मैन गेट और पत्थर गिर गए। हादसे में अरबाज की मौत हो गई, जबकि प्रिया (5) पुत्री महेंद्र कुमार के भी चोटें आई है।

# सबसे लंबे कार्यकाल वाले सीएम बने योगी

## तोड़ा पहले मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत का 8 साल 127 दिन का रिकॉर्ड

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए राज्य के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत का 8 वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल पूरा कर लिया है। यह कार्यकाल केवल समय की गणना नहीं, बल्कि एक युग परिवर्तन की गाथा है। योगी आदित्यनाथ का यह कार्यकाल न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि शासन के प्रत्येक क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास की गति को अभूतपूर्व



ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कालखंड भी है। अपराध और अराजकता से जूझते यूपी को मुख्यमंत्री योगी ने 'नए उत्तर प्रदेश' में बदलने का काम किया, जहां कानून का राज सर्वोपरि है और शासन व्यवस्था सुशासन का पर्याय बन चुकी है। विगत आठ वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। गोरखपुर से एम्स की स्थापना हो, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स इसके उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

इतिहास की इस निर्णायक घड़ी में, योगी आदित्यनाथ न केवल उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री बने हैं, बल्कि एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित हुए हैं, जिन्होंने 'राज्य को राष्ट्र निर्माण का अग्रदूत' बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं।

### अन्य सीएम के कार्यकाल

गोविन्द वल्लभ पंत– 8 वर्ष 127 दिन
मायावती– 7 वर्ष 127 दिन
मुलायम सिंह यादव– 6 वर्ष 274 दिन
संपूर्णानंद– 5 वर्ष 345 दिन
अखिलेश यादव– 5 वर्ष 4 दिन
नारायण दत्त तिवारी– 3 वर्ष 314 दिन


### भाजपा सांसद के बेटे को सैनी सरकार का झटका

**चंडीगढ़।** भाजपा शासित हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने भाजपा के राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के बेटे विकास बराला को करारा झटका दिया है। सरकार ने उन्हें नियुक्ति के 10 दिन बाद ही राज्य के सहायक महाधिवक्ता पद से हटा दिया है। दरअसल, विकास बराला पर यौन उत्पीड़न के केस थे, इसलिए उनकी नियुक्ति के बाद से ही यह मामला विवादों में घिर गया था।

बता दें कि 18 जुलाई को राज्य का गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय ने 97 नए कानून अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। उस सूची में विकास बराला का भी नाम था। उन्हें असिस्टेंट एडवोकेट जनरल बनाया गया था लेकिन उनकी नियुक्ति के बाद से ही यह मामला विवादों में घिर गया था।

# आपने आपरेशन सिंदूर रोका क्यों?

## जब अचानक राहुल ने राजनाथ सिंह को भाषण के बीच में टोका



विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस मुद्दे पर बोल रहे थे तभी राहुल गांधी ने अचानक सवाल पूछा कि 'आपने क्यों रोका?'। यह सवाल उन्होंने तब किया जब राजनाथ सिंह ने बताया कि मई में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत युद्ध रोकने के लिए राजी हो गया था। इस बहस में पाकिस्तान के साथ भारत के रिश्ते और सीमा पर हुए आतंकी हमलों पर चर्चा हो रही थी। राहुल गांधी के इस सवाल ने बहस को और भी गंभीर बना दिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहले कहा था कि भारत ने अपनी सेना को पूरी छूट दी थी कि वे अपने हिसाब से दुश्मन को जवाब दें। उन्होंने यह भी कहा कि 10 मई की सुबह, भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई हवाई अड्डों को तबाह कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने हार मान ली और युद्ध रोकने की गुहार लगाई।

राजनाथ सिंह जब यह कह रहे थे कि 'उन्होंने (पाकिस्तान) हमारे डीजीएमओ को फोन किया और कहा, 'महाराज, अब रोक दीजिए सर; बहुत हो गया, और हमने उनकी बात मान ली, लेकिन एक शर्त के साथ...', तभी राहुल गांधी ने उन्हें टोक दिया। राहुल गांधी तुरंत खड़े हुए और पूछा, 'तो आपने कार्रवाई रोकी क्यों?'। राहुल गांधी के सवाल से सत्ताधारी पार्टी के सांसद नाराज हो गए। राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी को बैठने का इशारा किया। उन्होंने कहा, 'मैंने इस बारे में अपने भाषण में विस्तार से बताया है। मैं विपक्ष के नेता को सवाल पूछने का अधिकार देता हूं, लेकिन उन्हें मेरा पूरा भाषण सुनना चाहिए।' राजनाथ सिंह ने पहले कहा था कि भारत का इरादा सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था, युद्ध को बढ़ाना नहीं। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना के हमले के बाद, भारत के डीजीएमओ ने पाकिस्तान के डीजीएमओ को फोन किया था। उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें बताया कि हम युद्ध को खींचना नहीं चाहते... लेकिन वे हमारी बात नहीं समझे।'

राहुल गांधी को उस फोन कॉल पर आपत्ति थी, जो पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को युद्ध रोकने के लिए किया था। यह कॉल तब आया था जब पाकिस्तान ने भी कुछ भारतीय क्षेत्रों पर हमला किया था। असल मुद्दा यह है कि युद्धविराम कैसे घोषित किया गया, और इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की क्या भूमिका थी।

# संसद में जो पहन कर आयेंगे, वही ड्रेस होगी

## मस्जिद में डिंपल यादव के कपड़ों को लेकर अखिलेश का दो टूक जवाब



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मस्जिद में गयीं डिंपल यादव को लेकर जिस तरह की अभद्र बयानबाजी इस्लाम के कुछ तथाकथित ठेकेदारों ने की है उस पर अखिलेश यादव ने अब चुप्पी तोड़ी है। अखिलेश यादव ने कहा है कि हम संसद भवन में जो पहन कर जाते हैं, वही ड्रेस हमारी हर जगह की पहचान है। बताया जा रहा है कि मौलाना ने गैर-परंपरागत कपड़ों में मस्जिद आने वाले कुछ लोगों को लेकर असहमति जताई थी। इसका अब अखिलेश यादव ने जवाब दिया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के मस्जिद में बैठक करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अखिलेश यादव ने सपा सांसदों के साथ बीते दिनों दिल्ली में संसद भवन के बगल वाली मस्जिद में कथित तौर पर बैठक की थी। इसको लेकर राजनीति गरमा गई है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के सिर न ढकने को लेकर जमकर हमला बोला।

अखिलेश यादव के इस बयान को उनके सकारात्मक सेक्युलर स्टैंड के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें वे यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि एक लोकतांत्रिक देश में पोशाक से किसी की नीयत या आस्था नहीं नापी जा सकती। विपक्षी दलों ने इस बयान को लेकर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन सोशल मीडिया पर इसे लेकर हलचल जरूर है।

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मस्जिद में सपा नेताओं की कथित बैठक को लेकर तीखी हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने जिस तरह मस्जिद में सपा नेताओं को बुलाकर बैठक की, वह शर्मनाक है। उन्हें समुदाय से माफी मांगनी चाहिए। डिंपल यादव ने इस बात का कतई ख्याल नहीं रखा कि हम कहां जा रहे हैं और कहां बैठे हैं।

मौलाना बरेलवी ने कहा कि डिंपल यादव ने अपना सिर भी नहीं ढका था। साथ ही, उनका पहनावा इस्लामिक कल्चर तो छोड़िए, भारतीय कल्चर के भी खिलाफ था। उन्होंने कहा कि डिंपल यादव ने मस्जिद की तौहीन की है। डिम्पल यादव को मांफी मांगनी चाहिए। मौलाना ने कहा कि पूरे देश का मुसलमान उनसे नाराज है।

संसद का अधिवेशन शुरू होने के दिन संसद की मस्जिद में सांसद डिंपल यादव अपने पति और सपा के कुछ सांसदों के साथ साड़ी पहन कर गईं थीं। डिंपल यादव का साड़ी पहन के जाना इस्लाम के कुछ तथाकथित ठेकेदारों को पसंद नहीं आया। उनका मस्जिद जाना मुद्दा बन गया। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने एक टीवी डिबेट में संसद की मस्जिद में डिंपल यादव के पहनावे पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। मौलाना रशीदी ने उनके कपड़ों को इस्लामिक मर्यादाओं के खिलाफ बताया था।

### मैं मुसलमान हूं इसलिए मिल रहीं धमकियां



संसद के पास मस्जिद में डिंपल यादव के बिना सिर पर पल्लू रखे चले जाने पर मौलाना साजिद रशीदी के बयान पर विवाद हो रहा है। इस मामले में सांसद इकरा हसन का कहना है कि ऐसे मौलाना का बहिष्कार होना चाहिए। इसके अलावा लखनऊ के गोमती नगर में सपा के कार्यकर्ता ने मौलाना के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इस बीच मौलाना ने मोर्चा खोल दिया है और अपने बयान पर खेद जताने की बजाय उसे सही ही ठहराया है। उनका कहना है कि मैं मुसलमान हूं, इसलिए मेरे साथ बर्ताव हो रहा है। मुझे मारने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मैंने मस्जिद में उनके जाने को लेकर यह बात कही थी, जो गलत नहीं है। साजिद रशीदी ने कहा, 'इसी लोकतंत्र में हमारा एक संविधान है। वह कहता है कि हर धर्म की अपनी मान्यताएं हैं। उन्हें मानना और उसका प्रचार एवं प्रसार करना मेरे मौलिक अधिकारों में आता है। मेरा संविधान कहता है कि यदि कोई मस्जिद का अनादर कर रहा है तो उसे आप कहिए। मैंने वही तो कहा।' उन्होंने कहा कि नंगा शब्द इतना आपत्तिजनक नहीं है। समाज में भी यह बोल दिया जाता है। समाज में जो लड़कियां शॉर्ट्स पहनकर चलती हैं तो बोल दिया जाता है कि नंगी जा रही है। मैंने इतना बोल दिया कि वह जहां बैठी थीं, वहां उनका शरीर ढका होना चाहिए था। यह मुसलमानों को जलील करने के लिए किया गया। यह दिखाया गया कि जाहिलों तुम्हारा वोट लेकर हम इतनी सीटें जीतते हैं, लेकिन तुम्हारी मस्जिदों में बैठकर हम मीटिंग कर रहे हैं। मैंने बोला तो मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई। जो हिंदू धर्मगुरु बोलते हैं तो उनके खिलाफ कोई केस नहीं होता। कुछ लोग मेरी बच्ची तक के बलात्कार की बातें कर रहे हैं। मेरी लोकेशन पूछी जा रही है और कहा जा रहा है कि मुझे मार दिया जाएगा। यह सब अखिलेश यादव ही करा रहे हैं। देश की ठेकेदारी की बात पूछने पर उन्होंने कहा कि मैं इस्लाम का ठेकेदार हूं। उन्होंने कहा कि मेरी बात इतनी भी आपत्तिजनक नहीं है कि लोग भड़के हुए हैं। उससे भी खराब तो यह था कि जब हाईवे पर एक नेता ने महिला से बदसलूकी की। उस पर क्या हुआ? मैंने तो आईना दिखाया। मैं मुसलमान हूं तो मुझे नीचा दिखाने के लिए यह सब हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस्लामिक धर्मगुरु हूं। मैं मस्जिद की ही बात करूंगा।

# चिदंबरम के बयान को लेकर बढ़ा विवाद

## कहा था– कैसे पता चला कि पहलगाम आतंकी पाकिस्तान से आये

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम का पहलगाम हमले पर दो दिन पहले दिए बयान पर विवाद हो गया है। उन्होंने कहा था कि कैसे पता कि आतंकी पाकिस्तान से आए थे। कांग्रेस के पूर्व वित्त मंत्री का यह बयान संसद में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में चर्चा के कुछ घंटे पहले आया।

चिदंबरम ने शनिवार को एक इंटरव्यू में कहा, 'वे (एनआईए) यह बताने को तैयार नहीं हैं कि इन हफ्तों में उन्होंने क्या किया? क्या एनआईए ने आतंकवादियों की पहचान की है या यह पता लगाया है कि वे कहां से आए थे? क्या पता, वे देश के ही आतंकवादी हों। आप यह क्यों मान रहे हैं कि वे पाकिस्तान से आए थे। इसका कोई सबूत नहीं है।'

इधर, भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा- कांग्रेस ने पाकिस्तान को क्लीन चिट देने में जल्दी की है। जब भी हमारी



सेना पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना करती है। कांग्रेस के नेता इस्लामाबाद के वकील ज्यादा लगते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में कांग्रेस हमेशा दुश्मन को बचाने में जुट जाती है।

चिदंबरम ने कहा था कि सरकार सवालों से क्यों बच रही है। प्रधानमंत्री ऑपरेशन सिंदूर पर क्यों नहीं बोल रहे हैं। आपको क्या लगता है कि लोकतंत्र के मंदिर में बहस करने में इतनी हिचकिचाहट क्यों है? कांग्रेस नेता ने पूछा कि क्या सरकार इस बात से असहज है कि उनसे पूछा जाएगा कि युद्धविराम कैसे हुआ क्योंकि सच कहूं तो इसकी घोषणा भारत सरकार ने नहीं, बल्कि डोनाल्ड ट्रम्प ने की थी।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा- कांग्रेस अब गद्दार संगठन बन चुकी है। आज जो कांग्रेस अपनी आजादी की लड़ाई में भागीदारी पर गर्व करती है, उसकी क्या हैसियत रह गई है। राहुल गांधी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करते हैं। इनके ऊपर भारी भ्रष्टाचार के आरोप हैं। इन्होंने देश को बेचने की ठान ली थी, लेकिन बीच में प्रधानमंत्री मोदी आ गए। अब ये मजबूत नेतृत्व पचा नहीं पा रहे हैं।

भाजपा सांसद संजय जायसवाल- उन्हें यह सवाल राज्यसभा में पूछना चाहिए। जब चर्चा सदन में होनी है, तो वह इसे बाहर क्यों उठा रहे हैं। भारत सरकार आज लोकसभा में उनके हर सवाल का जवाब देगी।

# मालदीव के पहले हमारा बकाया तो दे देते

## पीएम मोदी पर भड़कीं ममता, कहा– गले लगाते समय पूछा था धर्म?

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की चीफ ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार कथित तौर पर राज्य का बकाया पैसे नहीं दे रही है। ममता ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि क्या आपने मालदीव के राष्ट्रपति से गले मिलते समय उनसे उनका धर्म पूछा था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने बंगाल को उसका बकाया नहीं दिया, जबकि पड़ोसी देश को 5,000 करोड़ रुपये दान दे दिए।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने देशभर में बांग्ला भाषी प्रवासियों पर कथित हमलों के विरोध में सोमवार को बीरभूम जिले के बोलपुर से 'भाषा आंदोलन' की



शुरुआत की और कहा, "मैं जान दे दूंगी, लेकिन किसी को अपनी भाषा छीनने की इजाजत नहीं दूंगी।" ममता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि जब वह (मोदी) अरब देशों की यात्रा पर जाते हैं, तो क्या शेख से यह पूछकर गले मिलते हैं कि वे हिंदू हैं या मुसलमान।

मुख्यमंत्री ने बोलपुर में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह भाषा के आधार पर विभाजन नहीं चाहतीं। उन्होंने कहा, ''मैं किसी भाषा के खिलाफ नहीं हूं, मेरा मानना है कि विविधता में एकता हमारे राष्ट्र की नींव है।''ममता ने कहा, ''आप सब कुछ भूल सकते हैं, लेकिन आपको अपनी 'अस्मिता', मातृभाषा और मातृभूमि को नहीं भूलना चाहिए।'' उन्होंने दावा किया कि बांग्ला दुनिया में पांचवीं और एशिया में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, फिर भी बंगालियों पर अत्याचार हो रहा है।

### बैंकॉक में बुजुर्ग की फायरिंग से छह की मौत

**बैंकाक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के एक फूड मार्केट में 61 वर्षीय शख्स ने अंधाधुंध फायरिंग कर कम से कम छह लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद हमलावर ने खुद को भी गोली मार ली। फायरिंग में 3 लोग घायल भी हुए हैं। घटना सोमवार को बैंकॉक के मशहूर ऑर टॉ कॉर मार्केट में हुई।

यह पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। पुलिस के मुताबिक हमलावर की पहचान मिस्टर नोई के नाम से हुई है। वह मौके पर ही मृत पाया गया। बैंकॉक के बंग सू जिले के डिप्टी पुलिस चीफ वोरापत सुकथाई ने बताया कि फिलहाल इसे मास शूटिंग माना जा रहा है। हमलावर की मंशा की जांच हो रही है।

पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इस गोलीबारी का थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर चल रही झड़पों से कोई संबंध है।

# ओबीसी आरक्षण मामला: कोलकाता हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम रोक

## बिदके सीजेआई गवई, यह तो आश्चर्यजनक, हाई कोर्ट कैसे लगा सकता है फैसले पर रोक?

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अधिसूचित अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की संशोधित सूची के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी गई थी। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा, ''प्रथम दृष्टया, हाई कोर्ट का आदेश त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है।''

हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक पर अचरज जताते हुए सीजेआई गवई ने कहा, ₹यह आश्चर्यजनक और त्रुटिपूर्ण है। हम इस पर नोटिस जारी करेंगे। हाई कोर्ट इस पर कैसे रोक लगा सकता है? आरक्षण कार्यपालिका के कार्यों का एक हिस्सा है। चूँकि इंदिरा साहनी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा है, इसलिए हम हाई कोर्ट को निर्देश देंगे। हम मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करेंगे कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष प्रस्तुत करें।₹

इस पर राज्य सरकार की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पीठ से कहा कि 9 लाख रिक्त पद भरे जाने हैं, इसलिए हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगायी जानी चाहिए। सिब्बल ने कहा कि हाई कोर्ट इस आधार पर आगे नहीं बढ़ रहा है कि ओबीसी आयोग ने डेटा एकत्र करने जैसे काम किए हैं या नहीं। इस पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने



कहा, ₹हम हाई कोर्ट को एक निश्चित अवधि के भीतर निर्णय लेने का निर्देश देंगे। तब तक यथास्थिति बनी रहेगी। इसे किसी ऐसी पीठ के समक्ष रखा जा सकता है जिसमें माननीय न्यायाधीश (जिन्होंने विवादित आदेश पारित किया था) शामिल न हों।'

सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा, 'ओबीसी आयोग ने कुछ कार्यप्रणाली अपनाई है। यह सही है या नहीं, यह हाई कोर्ट को देखना चाहिए। प्रथम दृष्टया आदेश पूरी तरह से गलत है। हम हाई कोर्ट से अनुरोध करेंगे कि वह 6 हफ्तों में ऐसा करे। मुख्य न्यायाधीश से एक विशेष पीठ गठित करने का अनुरोध कर सकते हैं।₹ इसके बीद पीठ ने मामले को दो हफ्ते बाद लिस्ट करने का आदेश दिया।

बता दें कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने 17 जून को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार द्वारा ओबीसी-ए और ओबीसी-बी श्रेणियों के तहत 140 उपवर्गों को आरक्षण देने के संबंध में जारी अधिसूचनाओं पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। सुनवाई की शुरुआत में पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर किया और कहा, ''यह हैरान करने वाला है। उच्च न्यायालय ऐसा आदेश कैसे पारित कर सकता है? आरक्षण कार्यपालिका के कार्य का हिस्सा है।''

दरअसल, ओबीसी सूची में 77 समुदायों को शामिल करने के फैसले को मई 2024 में कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा रद्द करने के बाद राज्य ने नई सूची बनाई है। उस पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी थी। राज्य सरकार इसी सूची के आधार पर ओबीसी आरक्षण देना चाहती है और अगले साल होने वाले चुनावों से पहले बड़े पैमाने पर भर्तियां करना चाहती हैं।

### जालंधर अस्पताल में रुकी ऑक्सीजन सप्लाई, तीन मौतें

**जालंधर।** सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब आईसीयू में भर्ती मरीजों की ऑक्सीजन सप्लाई 2 मिनट के लिए बाधित हो गई। इस दौरान तीन मरीजों की मौत हो गई और दो की हालत बिगड़ गई, जिन्हें बाद में उपचार के बाद बचा लिया गया।

घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। जैसे ही मामला सरकार तक पहुंचा तो, रात को करीब सवा एक बजे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह अस्पताल पहुंचे और अधिकारियों से मीटिंग की। सोमवार सुबह भी हालात पर नजर रखने के लिए मंत्री दोबारा अस्पताल पहुंचे। वहीं, दोपहर में पंजाब सरकार के मंत्री मोहिंदर भगत भी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इसके साथ ही चंडीगढ़ से पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर डॉ. अनिल अग्रवाल ने अस्पताल की स्थिति का जायजा लिया।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com